हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

अंतर्राष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा

Page 10

देश

बृजभूषण शरण सिंह का कट सकता है टिकट, पत्नी केतकी को मिल सकता है...

शुक्ल पक्ष स्वाति संवत 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 24 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 133 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
	
₹ 72, 160	₹85,500

आज का इतिहास

- 1973 : भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मास्टर ब्लास्टर सचिन रमेश तेंदुलकर का मुंबई में जन्म।
- 2008 : नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारत व नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

न्यूज बाइट्स

शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में ईओयू को बड़ी सफलता

पटना (नि. सं.)। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई को बड़ी कामयाबी मिली है। पेपर लीक के बाद आर्थिक अपराध इकाई की ओर से विशेष टीम का गठन किया गया था। 14 मार्च को पटना और 15 मार्च को हजारीबाग में छापेमारी की गई थी। इस दौरान 268 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि नालंदा जिला के रहने वाले शिव कुमार उर्फ बिट्टू ने पेपर लीक कांड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आर्थिक अपराध इकाई की विशेष टीम लगातार कई राज्यों में इसकी खोज में लगी थी। बिहार में भी लगातार कई जिलों में छापेमारी की जा रही थी।

राजपूत वोट बैंक साधने भागलपुर पहुंचेंगे राजनाथ सिंह

पटना (नि. सं.)। लोकसभा चुनाव को लेकर भागलपुर का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। तेजस्वी यादव कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को लेकर सभा करने वाले हैं। वहीं एनडीए के उम्मीदवार अजय मंडल को जीताने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर राजनाथ सिंह रैली करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस लोकसभा चुनाव के दौरान आज दूसरी बार बिहार पहुंचने वाले हैं। राजनाथ सिंह कहलगांव के शारदा पाठशाला ग्राउंड में जनसभा को आज शाम 4.30 बजे संबोधित करेंगे। एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी अजय मंडल को वोट देने की जनता से अपील करेंगे। रक्षा मंत्री शाम 4 बजकर 35 मिनट पर सभा में पहुंचेंगे। राजनाथ के आने से पहले सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है।

मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने 23 अप्रैल 2024 को स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के तत्वावधान में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफल प्रक्षेपण किया गया। साथ ही इस प्रक्षेपण से मिसाइल कमांड की परिचालन क्षमता को भी साबित कर दिया गया है। इसी के साथ नई प्रौद्योगिकियों को मान्य किया है। बता दें, मिसाइल का परीक्षण ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया और यह आवश्यक मापदंडों पर खरी उतरी है। गौरतलब है कि इससे पहले भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के मुताबिक, डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चार जिलों में किया चुनाव प्रचार, कहा

हमने मदरसों को दी मान्यता : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | किशनगंज\ पूर्णिया

मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार जिलों में चुनाव प्रचार कर किए। पूर्णिया में संतोष कुशवाहा के समर्थन में मुख्यमंत्री ने वोट मांगा। सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा है कि हम बिहार में 40 और देश में 400 सीटें जीतेंगे। नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम ने बीमा भारती पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हमसे मिली तो पहले बोल नहीं पाती थी, बोलना सिखाया। विधायक फिर मंत्री बनाया। मंत्री बनाने की जिद कर रही थी, मंत्री बनाने से हम इनकार कर दिए तो इधर से उधर चली गई। जाती हैं तो जाए हम थोड़े ही रोकेंगे।

उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि नया लड़का वोट मांगने जा रहा है, जो काम सरकार ने किया है उसे याद रखिएगा। ये सब अपने में ही लगे रहते हैं। ये आपके लिए कुछ नहीं कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री किशनगंज के बेलवा में जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम के समर्थन में सभा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसलमानों के लिए लोग सिर्फ बोलते हैं, हमने किया है। मैंने जो किया वो भूलना मत, आप लोगों के लिए बहुत सारा काम किया है, आगे भी करेंगे। सीएम ने कहा हमने

कब्रिस्तानों की घेराबंदी की। मदरसों को इन लोगों ने मान्यता नहीं दिलाई। हमारी सरकार ने आपके मदरसों को मान्यता दी। सरकारी शिक्षकों के बराबर मदरसे के शिक्षकों का सैलरी दी। इन लोगों ने किसी को नौकरी नहीं दी। हमने सब करवाया है। अब सब गिनवा रहे हैं।

किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू यादव पर जमकर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि खुद जेल गए तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। परिवार को आगे बढ़ाते गए। पहले बेटा, अब बेटी। आगे कौन आएगा पता नहीं। सभा में पहुंचे लोगों को पुराने दिन की याद दिलाते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि 2005 में जब हम आए, तब से काम कर रहे हैं। हमारा संबंध भाजपा से पुराना है। 1995 से है। बीच में किसी के साथ चले गए थे। जब गड़बड़ करने लगा तो छोड़ दिए। हम हमेशा से भाजपा के साथ हैं।

चुनाव प्रचार के बीच नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के नाम लिखा पत्र

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत बिहार के पांच सीटों (किशनगंज, कटिहार, बांका, पूर्णिया और भागलपुर) पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार वासियों के नाम पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने इस पत्र में वर्ष 2005 के पहले के बिहार के हालात का विस्तार से वर्णन किया है। पत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि तब बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। बिहार की जनता के नाम लिखे पत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखा है कि 10 लाख लोगों को नौकरी देने का हमने वादा किया था, जिसमें चार लाख लोगों को हमने नौकरी दे दी। पंचायत और नगर निकाय में महिलाओं को आरक्षण देने, छात्राओं के लिए साइकिल और पोशाक योजना चर्चा करते हुए कहा कि किस तरह शिक्षा, सड़क और कानून व्यवस्था को उनकी सरकार ने बेहतर और सुदृढ़ किया। नीतीश कुमान ने कहा कि इसी बिहार में कल क्या होता था। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते थे। हमने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है।

2005 के पहले बिहार में कुछ नहीं था : सीएम

2005 के पहले बिहार में कुछ भी नहीं था, हम आए तो करवाया। 2005 के पहले बिहार का क्या हाल था, शाम में कोई निकल नहीं पाता था। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। ये लोग झगड़ा करवाते थे। ये तो आप हैं जो हमेशा मेरे साथ रहे। पहले पढ़ाई और स्वास्थ्य की स्थिति बहुत खराब थी। इन लोगों ने कोई काम नहीं किया। पहले मैं अपने इलाकों में जाता था तो पैदल ही चलना पड़ता था। अब सड़कें हैं।

छपरा से तिलक चढ़ाकर लौट रहा था परिवार, ट्रक से टकराई कार

हादसे में दुल्हन के दादा-मामा-भाई की सड़क हादसे में मौत, सात घायल

निज संवाददाता | गोपालगंज

गोपालगंज में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। होनेवाली दुल्हन का तिलक चढ़ाकर लौट रहे दादा, मामा और भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी छपरा से लौट रहे थे। इसी दौरान कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मरनेवालों में एक बच्चा भी है। परिवार के 10 लोग एक कार से तिलक चढ़ाने गए थे। लौटने के दौरान हादसा हुआ, जख्मी लोगों में 2 की स्थिति नाजुक है। जिन्हें गोरखपुर रेफर किया गया है। मृतकों में सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचिया कली टोला गांव निवासी परमेश्वर राम का 3 साल का बेटा रेयांस कुमार (दुल्हन का भाई), सूरज राम (65) (दादा) और छपरा के गोरिया कोठी निवासी शंकर कुमार (25) (मामा) शामिल हैं।घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैरा आजम गांव के पास की है। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग जख्मी हो गए। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को और जख्मी लोगों को कार से बाहर निकाला। सिवालिया थाना क्षेत्र के बुचिया गांव निवासी रामकांत राम की बेटी की शादी छपरा के सिसवा गांव में तय हुई। सोमवार को तिलक चढ़ाने के लिए कार से करीब 10 लोग छपरा के सिसवा गए थे। तिलक चढ़ाकर सभी लोग वापस लौट रहे थे। तभी मंगलवार की अहले सुबह 3 बजे कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घायलों में ड्राइवर के साथ-साथ दुल्हन के परिवार के लोग शामिल हैं। जख्मी लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परमेश्वर राम की 12 साल की बेटी प्रीति, मजिस्टर राम के बेटे गोविंदा कुमार को गोरखपुर रेफर कर दिया। वही, रमाकांत राम का बेटा सचिन कुमार, स्व. जगदीश राम के बेटा राजा कुमार राम, परमेश्वर राम की 7 साल की बेटी सिमरन, 6 साल का बेटा ऋषभ और 8 साल की बेटी प्रिंसी बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिनका इलाज डॉक्टर की देखरेख में सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल चल रहा है। वैकुंठपुर थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। कुछ लोग जख्मी हैं।

तीसरे चरण में 53 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, नाम वापसी की तिथि खत्म

पटना (नि.सं.)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कुल 53 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे कम उम्मीदवार मधेपुरा से 8, जबकि सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार सुपौल लोकसभा सीट से है।नाम वापसी के बाद झंझारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 10 प्रत्याशी, सुपौल से 15, अररिया से 9, मधेपुरा से 8 और खगड़िया लोकसभा सीट से 12 उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। चौथे चरण के तहत सोमवार को 6 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। दरभंगा से 1, उजियारपुर से 2, बेगूसराय और मुंगेर से एक-एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर सीट पर वोटिंग होनी है। पटना लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा।

पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री पर कसा तंज

नरेंद्र मोदी सबसे बड़े कलाकार, इनके आगे शाहरूख-रितिक फीके : तेजस्वी

निज संवाददाता

भागलपुर। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को बस शूटिंग करने आता है। ये बहुत बड़े कलाकार हैं। इनके आगे तो बॉलीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान और रितिक रोशन भी फीके हैं। अगर ये बॉलीवुड में होते तो ये बहुत बड़े अदाकार होते। तेजस्वी यादव मंगलवार को भागलपुर जिले के कहलगांव के एसएसवी कॉलेज के क्रीड़ा परिसर में आयोजित महागठबंधन की रैली को संबोधित कर रहे थे। अपने भाषण के दौरान तेजस्वी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दस सालों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ नहीं किया। मोदी ने साल 2014 में 15-15

लाख रुपये हरेक के खाते में देने व हर साल दो करोड़ की नौकरी देने का वादा किया था, जो कि साल 2019 तक आते-आते भूल गये। साल 2019 में किसानों की आय दुगुनी, स्टार्टअप इंडिया जैसे जुमलेबाजी की, जो कि 2024 तक आते-आते भूल गये। बीते दस साल में नरेंद्र मोदी व उनकी भाजपा ने इतनी जुमलेबाजी की, अब कुछ कहने को उनके पास कुछ नहीं रह गया है। अब हिंदू-मुसलमान व मंदिर-मस्जिद कर रहे हैं। तेजस्वी यादव के अलावा वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। सहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह दिन भर में पांच कपड़ा बदलते है, वैसे ही अलग-अलग जाति और धर्म के लोगों को देखने के लिए चश्मा बदलते हैं। सहनी ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश में नफरत की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़वाते है, जबकि सरकार का काम लड़ाई खत्म करवाना है।

राज्य के सभी 38 जिलों में मलेरिया बीमारी शून्य करने का लक्ष्य

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी 38 जिले में प्रति एक हजार की जनसंख्या पर मलेरिया के एक मरीज मिल रहे हैं। बिहार मलेरिया बीमारी की निर्धारित श्रेणी एक में शामिल है। इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से स्वास्थ्य विभाग को प्रशस्ति पत्र मिल चुका है। अब विभाग का लक्ष्य इसे श्रेणी को शून्य यानी एक भी मरीज नहीं मिलने की स्थिति में लाना है। मलेरिया बीमारी के प्रभाव को दर्शाने के लिए इसका वर्गीकरण चार श्रेणी में हुआ है। ये श्रेणी हैं-3, 2, 1 एवं शून्य। गौर हो कि प्रति 1000 की आबादी पर मलेरिया के एक मामले मिलने पर इसे श्रेणी 1 में शामिल किया जाता है। अपर निदेशक सह वेक्टर जनित रोग नियंत्रण राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार अनुसार मलेरिया उन्मूलन अभियान अगले तीन सालों तक चलाया जाएगा। सात जिलों में भी

चार जिले मुंगेर, जमुई, गया और औरंगाबाद भी श्रेणी-1 में पहुंच गए हैं। सिर्फ तीन जिले नवादा, कैमूर और रोहतास के कुछ उप स्वास्थ्य केंद्र में केस एक हजार की आबादी पर एक मरीज से अधिक का है। बताते चलें कि मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। इसमें कंपकंपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। 25 अप्रैल विश्व मलेरिया दिवस पर राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों सहित शिक्षण संस्थानों में भी मलेरिया बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले के आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अब अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर से बढ़ा दी है। सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है। इसी के साथ अदालत ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों बीआएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी अब 7 मई को दोपहर 2 बजे होगी। बताया जा रहा है कि कथित शराब घोटाले में ईडी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस में आरोपी बनाए गए सीएम अरविंद केजरीवाल और चनप्रीत सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हुई थी। इनके अलावा

बीआरएस नेता के कविता भी वर्चुअली अदालत में मौजूद थीं। तीनों ही आरोपी तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। के कविता की न्यायिक हिरासत सीबीआई से जुड़े केस में बढ़ाई गई है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है।

इससे पहले अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। सीएम की न्याचिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था। जज ने अब केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाए जाने का आदेश दिया है।

जेपी नड्डा का 24 अप्रैल को भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में रैली

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच बिहार में बीजेपी के बड़े नेता जोर शोर से प्रचार में जुटे हैं। अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बिहार में चुनावी रैली करने जा रहे हैं। बुधवार 24 अप्रैल को वे एक ही दिन में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद नड्डा का यह पहला बिहार दौरा होगा। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार राज्य में चुनावी रैलियां करके प्रचार में जुटे हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार को जेपी नड्डा की भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में रैली होगी। स्थानीय पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। नड्डा बुधवार को खगड़िया के गोगरी एवं झंझारपुर लोकसभा सीट अंतर्गत मधुबनी जिले के राजनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अवावा भागलपुर में भी उनकी रैली होगी, इसकी जानकारी बीजेपी की ओर से मंगलवार को दी जाएगी।

खगड़िया में बीजेपी के मीडिया प्रभारी मनीष कुमार राय ने बताया कि जेपी नड्डा गोगरी स्थित भगवान हाईस्कूल के मैदान में बुधवार को रैली करेंगे। इस दौरान वे चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास से प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में वोट मांगते हुए नजर आएंगे।

राज्य के 43 फीसदी विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छे

निज संवाददाता | पटना

आठवीं तक के 43% छात्र अपनी कक्षा में बहुत ही अच्छा कर रहे हैं। वहीं 45% छात्र अच्छा कर रहे हैं। ये बातें एक से आठवीं तक के वार्षिक रिजल्ट में निकल कर सामने आयीं हैं। पिछले तीन साल में इस बार का सबसे बेहतर रिजल्ट देखा गया है।

2023 में 31% छात्रों को ए ग्रेड तो 55% बी ग्रेड मिला था। यानी 55% छात्रों को 60 से 80% के बीच अंक मिले। इस बार डी और ई ग्रेड प्राप्त करने वालें बच्चों की संख्या काफी कम हुई है। एक फीसदी से भी कम छात्रों को डी और ई ग्रेड मिला है। एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा मार्च में हुई थी। अप्रैल के पहले सप्ताह में इसका रिजल्ट जारी हुआ। वहीं अब रिजल्ट की समीक्षा की गयी है। शिक्षा के अधिकार के तहत पहली से आठवीं तक के छात्रों को फेल नहीं करना है। इसके लिए अब तक कोई परीक्षा नहीं ली जाती थी। लेकिन ऐसे में बच्चों की पढ़ाई का स्तर क्या है। पढ़ाई समझ पा रहे हैं या नहीं। इन बातों को जानने के लिए प्रदेश में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। विद्यालय स्तर पर ही यह परीक्षा ली जाती है। इसके माध्यम से देखा जा रहा है कि बच्चे का परफॉमेंस कैसा है। इससे शिक्षक कमजोर बच्चों को चिह्नित कर पाते हैं। बी ग्रेड या उससे नीचे अंक लाने वालों बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाता हैं।

देश के कई राज्यों में हुई झमाझम बारिश, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के अलग राज्यों में लू और गर्मी की तपिश से लोगों का हाल बेहाल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पूर्वी भारत में लू की स्थिति जारी रहने की संभावना बनी हुई है। अगले पांच दिनों के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में लू चलने की स्थिति बनी रहेगी। इसके अलावा 24 अप्रैल को पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर गरज और तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। असम और मेघालय, केरल और माहे में कुछ स्थानों पर और पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा,

छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। वहीं 23, 26 और 27 तारीख को पंजाब और हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। 26 को पूर्वी राजस्थान, 23 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में बारिश की स्थिति बनी हुई है। 26 और 27 अप्रैल को पंजाब और हरियाणा में छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और बर्फबारी की स्थिति बनी हुई है। वहीं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में कुछ स्थानों पर बारिश की भविष्यवाणी की गई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जारी की है।

इन राज्यों के लोगों को करना होगा लू का सामना

गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गंभीर लू की स्थिति बने रहने की संभावना है। ओडिशा, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर लू की स्थिति बनी हुई है। ओडिशा में 15 अप्रैल से और गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। वहीं आंतरिक कर्नाटक, तेलंगाना, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, विदर्भ में तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

एनएच किनारे ढ़ाबा के पास लगी बाइक को उड़ा ले गए चोर

रजौली। थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर बांके मोड़ के समीप से पवन ढ़ाबा के समीप से सोमवार की रात्रि एक बाइक को चोर उड़ा ले गए।जिसका किसी को कोई खबर नहीं लग सका।हरदिया के सेक्टर सी निवासी महेंद्र साव के पुत्र जितेन्द्र प्रसाद साव ने बताया कि बाइक चोरी की जानकारी मिलते ही उसके होश उड़ गए।बाइक मालिक ने कहा कि वे अपने ग्लैमर बाइक संख्या बीआर27डी3649 को ढ़ाबा पर लगाकर दुकानदारी करने में व्यस्त हो गया।जब दुकानदारी से फुर्सत मिला तो अपना बाइक आसपास नहीं पाया।काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी बाइक के बारे में कोई अतापता नहीं चला।जिसके बाद मंगलवार की सुबह थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी गए बाइक की बरामदगी एवं चोरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित बाइक मालिक द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

पूर्व मंत्री डा सी ठाकुर को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर शुभचिंतकों में खुशी भेजा बधाई संदेश

पकरीबरावा। भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री डॉक्टर सीपी ठाकुर को पदम भूषण सम्मान से सम्मानित किए जाने से भाजपा नेता समाज के बुद्धिजीवियों, शुभचिंतकों में काफी उत्साह एवं खुशी का लहर है। बताते चले की कालाजार जैसे असाध्याय बीमारियों का उन्मूलन में डॉक्टर सीपी ठाकुर का अहम योगदान रहा जिसके कारण आज कालाजार जैसे गंभीर बीमारी का इलाज सुलभ हो सका है।जिसको लेकर 22 अप्रैल 2024 रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में महामहिम आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा पूर्व मंत्री डॉक्टर सीपी ठाकुर को पद्मभूषणसम्मान से सम्मानित किया गया । विश्व मानवाधिकार संगठन का सदस्य पकरीबरावां निवासी डॉ अरविंद शाही भाजपा का वरिष्ठ नेता काशिचक निवासी समरजीत कुमार पटना नौबतपुर निवासी शैलेंद्र शर्मा समाजसेवी जहानाबाद निवासी अनिल कुमार ने पद्म भूषण सम्मान दिए जाने पर भारत सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का आभार प्रकट करते हुए पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित पूर्व मंत्री डॉक्टर सीपी ठाकुर को बधाई एवं शुभकामना संदेश देते हुए कहा डॉक्टर सीपी ठाकुर को मिले इस सम्मान से बिहार के लिए गौरव है। जिससे देश में चिकित्सा जगत के साथ-साथ बिहार का मान सम्मान बढ़ा है।

अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

रजौली। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर रजौली के सिमरकोल स्थित धनार्जय नदी बालू घाट से बालू चोरी में संलिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरकोल के धनार्जय नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही थी।फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें एक अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

आग लगने से घर जलकर राख

मंझौल बेगूसराय। मंझौल थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत तीन के वार्ड चार में आग लगने से मनोज यादव का एस्बेस्टस घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की लपटे देखकर स्थानीय लोगों ने अग्निशामक को फोन करके सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशामक एवं स्थानीय लोगों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उक्त घटना पर पीड़ित मनोज यादव की पत्नी रेणु देवी ने बताया कि मंगलवार की सुबह खाना बनाने के बाद खाना खाकर घर में आराम कर रहे थे, तभी अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी इसका कुछ पता नहीं चल सका । आग की उठती लपटो को देखकर अगल बगल के ग्रामीण मौके पर पहुंचे एवं काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण एवं अग्निशामक कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पीड़िता का सब कुछ जलकर राख हो गया था । पीड़ित के अनुसार घर में रखा हुआ लगभग अनाज, दो ट्रंक, कपड़े गैस चूल्हा सहित नगदी समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। स्थानीय लोगों ने सीओ से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

इंडिया गठबंधन की बैठक की

बखरी बेगूसराय। बखरी नगर परिषद इंडिया गठबंधन राजद के वरिष्ठ नेता रजाउर्र रहमान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में इंडिया एलायंस से जुडे कांग्रेस सीपीआई वीआईपी सीपीएम माले के कार्यकर्ता मौजूद थे।बैठक को संबोधित करते हुए राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजाराम रजक ने कहा कि एनडीए के दस वर्षों के साशनकाल में देश का हर वर्ग तंग और तबाह है।जनता अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जुमलेबाजी से उबर चुकी है।वहीं सीपीआई अंचल सचिव शिव सहनी ने कहा कि स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह के क्रियाकलाप से बेगूसराय की जनता अपने को छला महसूस कर रही है।राष्ट्रकवि दिनकर के धरती पुत्रों को गाली देना और देशद्रोही बताना इनकी विकृत मानसिकता का परिचायक है।आसन्न चुनाव में बेगूसराय की जनता वोट के चोट से कराडा जवाब देगी।बैठक में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुल 27 वार्डों में से 18 वार्डों में जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही वार्ड कमिटी एवं बूथ कमिटी निर्माण पर भी विचार किया गया। वार्ड कमिटी बैठक व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को गोलबंद करेगी। मौके पर सीपीआई के महेश राय, अशोक केशरी, सुरेश सहनी, बलराम स्वर्णकार, अनिल चौधरी, एआइएसएफ के मो शबाब, विजय मुखिया, जन पहल के संयोजक अधिवक्ता विकास वर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पू, रामाश्रय सिंह, सुधीर सिंह, पंकज ठाकुर, मो आशिफ, शकिल, राजद के रंजीत राम, रजाउर्र रहमान अंसारी, रामप्रवेश यादव, मदन राम आदि मौजूद थे।

सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलशयात्रा

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रखंड के बुच्ची गांव में सात दिवसीय श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा निकाली ।कार्यक्रम का आयोजन गांव स्थित शिव मंदिर परिसर से शुरु हुआ। मुख्य यजमान में ग्रामीण सह श्रद्धालु में राधे प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार आदर्शी, दीपक कुमार महतो, श्रीराम कुमार आदर्शी, दिनेश प्रसाद यादव,प्रतीक राज गुप्ता उर्फ ज्ञानू, देवेन्द्र कुमार मेहता,राकेश कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता के अलावा 301 कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर जलयात्रा में शरीक हुए। मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई,जो पंचाने नदी अकौना गांव के समीप क्रेशर के पास नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भराई की।तकरीबन आठ किलोमीटर गर्मी,लू व धूप को परवाह किये बिना श्रद्धालुओं ने मंजिल तय कर जल यात्रा में भाग लिए।जय हनुमान, हर हर महादेव की जयकारे से वातावरण भक्तिमय रहा। जगह पर शीतल पेय, फलाहार की व्यवस्था की गई थी। ढोल बाजे के साथ बच्चे, बूढ़े,युवक,महिलाओं व पुरुषों ने बढ़चढ़ कर भाग लिए।तदोपरान्त कलश यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश को वेदी में रखें।वही 24 अप्रैल को वेदी पूजन, अग्निमंथन,वेदी परिक्रमा होगी ,साथ ही छह बजे शाम से प्रवचन व आठ बजे रात्रि से वृंदावन के कलाकारों के द्वारा रासलीला भी शुरू होगी। यह कार्यक्रम प्रतिदिन आगामी 30 अप्रैल तक किया जाएगा। 25 अप्रैल को ग्राम भ्रमण किया जाएगा।आयोजित कार्यक्रम में 26 अप्रैल 2024 को शिव मंदिर में भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा, संकट मोचन वीर हनुमान प्रतिमा का भी प्राण प्रतिष्ठा होगी। वही 27 अप्रैल को भगवान शिव समेत अन्य देवी देवताओं का श्रृंगार व पूजन होगा। 28 अप्रैल से लगातार 30 अप्रैल तक पूजा अर्चना कार्यक्रम किया जायेगा।एक मई को हवन पूजा ,भंडारा व दो अप्रैल को विधिवत यज्ञ का समापन होगा।इस अवसर पर मंदिर परिसर में जहां रासलीला, यज्ञ हो रहा है,वही मीणा बाजार,झूला समेत अन्य मनोरंजन की व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह बना हुआ है,ग्रामीण श्रद्धाभाव से यज्ञ में अपनी सहभागिता दिखा रहे हैं।बताया गया बीते छह जनवरी 2024 को यज्ञ को मंदिर परिसर में ध्वजारोहण हुआ है, उसी दिन गांव में लोग सात्विक आहार लें रहे हैं, लहसुन, प्याज व मांसाहारी भोजन पूर्ण रूप से वर्जित है। वही मंदिर काफी भव्य व आकर्षक बनाया गया है। लाखों रुपये की लागत से काफी रमणीक व दक्षिण भारत के मंदिर का मॉडल में निर्माण किया गया है,जो आकर्षण का केंद्र बिंदू है।आयोजित यज्ञ में अयोध्या निवासी यज्ञाचार्य भगवान दास जी महाराज के देखरेख में हुआ। वही प्रवचन कर्ता अयोध्या के प्रभंजनानंद शरण महाराज 24 अप्रैल से करेंगे। यज्ञ को लेकर सारी तैयारियां पूरी करने में ग्रामीण अपनी सहभागिता दिखा रहे। कार्यक्रम में आयोजक मंडल के सदस्यों ने अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखंड क्षेत्र के सिमरकोल गांव स्थित बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें गांव के दर्जनों महिला एवं पुरुष शामिल हुए सिमरकोल गांव स्थित धनार्जय नदी से कलश में जल लेकर कर नदी से सिमरकोल स्थित हनुमान मंदिर जी के प्राण प्रतिष्ठा के लिए वेदी पूजन एवं बिधि विधान से अग्नि पूजन किया जायेगा।यज्ञ आचार्य दयानंद पांडे के द्वारा यज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बुधवार की सुबह हनुमान चालीसा पाठ एवं अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा एवं साथ ही जलादिवास किया जाएगा।वहीं गुरुवार को मथुरा से आए गोरेलाल पांडे के द्वारा अखंड कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ एवं पुष्पा दिवास की जाएगी। शुक्रवार को हनुमान जी को अनादिवस कराकर विधि विधान से पूजन कर वैदिक मंत्रों के साथ प्राण प्रतिष्ठा पूजन की जाएगी। शनिवार को हवन पूर्ण आहुति एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।आयोजनकर्ता सह अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा से आये पंडित उमाशंकर पांडेय के साथ उनका पूरा टीम के द्वारा रामलीला का आयोजन 23 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि प्रेम सिंह देवनंदन यादव, लालजीत कुमार, दिलीप राजवंशी, विराट पंडित,अमित पंडित, उमेश प्रसाद यादव सहित गांव के दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों का सहयोग सराहनीय रहा।

ईंट लदा ट्रैक्टर का ट्रॉली बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर डी के समीप एनएच-20 पर ईंट लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया।जिससे ट्रैक्टर के पीछे ट्रॉली पलट गई।इस सड़क दुर्घटना में ट्रॉली में रहे ईंट सड़क पर बिखर पड़ा।हालांकि ट्रैक्टर चालक एवं अन्य लोग बाल-बाल बचे।वहीं एनएच पर आनेजाने वाले वाहनों को किसी प्रकार का कोई नुकसान हुआ।ट्रैक्टर मालिक ने तुरंत दूसरे ट्रैक्टर को मंगवाकर सड़क पर बिखरी ईंटों को उठवाया।बताते चलें कि जबसे फोरलेन बना है तबसे नकयुवक वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के धड़ल्ले से सड़कों पर वाहन को दौड़ाते दिखाई देते हैं।जिसका परिणाम आये दिनों पर सड़क दुर्घटनाओं के रूप में देखा जाता है।इस तरह का मामला टोटो,मोटरसाइकिल,कार एवं ट्रक आदि वाहनों में देखा जा सकता है। होहालांकि इस सड़क दुर्घटना की जानकारी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को नहीं थी।थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटना को लेकर लिखित आवेदन दिए जाने के आलोक में उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

चूल्हे की चिंगारी से हुई आगलगी में तीन घर जलकर राख, अग्निकांड में साढ़े 8 लाख की संपत्ति का हुआ नुकसान

निज संवाददाता। **छौड़ाही बेगूसराय**

अंचल क्षेत्र की नारायणपीपर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 14 में तीन घरों में अचानक आग लग गई। आगलगी की घटना मंगलवार सुबह की बतायी जा रही है, जब गृहणी खाना बनाने के बाद चूल्हा बुझाकर सपरिवार खेत की ओर चले गए थे। बताया जाता है कि चूल्हा पूरी तरह से नहीं बुझ सका था और उससे आग सुलगते ही चूल्हे से उठी चिंगारी ने एक-एक कर तीन घरों को अपने आगोश में ले लिया। जहां देखते ही देखते स्थानीय चन्द्रिका देवी पति गंगा प्रसाद यादव, उपेंद्र यादव पिता स्व परमेश्वर यादव व लालू प्रसाद यादव पिता उपेंद्र यादव के घर समेत तकरीबन साढ़े 8 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गयी। पीड़ित के अनुसार आगलगी में उनके अनाज, पशु चारा, फर्नीचर, कपड़े, नकदी, जेवरात, मोटर आदि सामग्री आग की भेंट चढ़ गयी। हालांकि आग लगते ही स्थानीय लोग डायल 112 व अग्निशमन विभाग को सूचना देकर पंपसेट के माध्यम से आग पर काबू पाने में जुट गये। इधर अग्निशमन वाहन के आने में विलंब होता देख गृहस्वामी उपेंद्र यादव के पुत्र चंदन कुमार वाहनों को आग से बचाने के लिए घर में दाखिल हुआ। जहां आग की तेज लपटों के बीच वह वाहन निकालने के क्रम में बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने झुलसे युवक को सीएचसी छौड़ाही में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद झुलसे युवक की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है। उधर आगलगी की सूचना पर अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंची तब जाकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि निगम कुमार, सरपंच प्रतिनिधि संजय कुमार राय आदि प्रबुद्ध लोगों ने भीषण अग्निकांड से पीड़ितों के प्रति गहरा दुख प्रगट किया। उन्होंने अंचल प्रशासन से अग्नि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने व आगलगी से निपटने के लिए स्थायी रूप से अग्निशामक वाहन व कुशल कर्मी के प्रतिनियुक्ति की मांग की है।

बिहार पुलिस के अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह “सोनू” भारतीय सीनियर पुरुष वालीबॉल टीम के प्रशिक्षक के रुप में चयनित हुए.

निज संवाददाता।। **बेगूसराय**

भारतीय वालीबॉल संघ एडहाक कमिटि ने 02 से 09 जून 2024 तक बहरीन में आयोजित ए भी सी चैलेंज कप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के नामों की घोषणा कल की है. जिसमें सबसे चौकाने वाला नाम नाम बिहार पुलिस के अवर निरीक्षक और पुलिस टीम के मुख्य प्रशिक्षक सीनियर वालीबॉल कोच संजय कुमार सिंह “सोनू “का नाम है. ऐसे सुखद समाचार को सुनकर न सिर्फ़ खेल जगत अपितु सम्पूर्ण जनमानस में ख़ुशी की लहर है. बिहार के सारण जिले से आने वाले बिहार पुलिस में खेल कोटा पर खिलाड़ी के रूप में बहाल किए गए सोनू सिंह अपने लगन और मेहनत से आज इस महत्तवपूर्ण मुक़ाम को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है. अखण्ड बिहार में उनके इस सफलता पर बधाई और शुभकामना देने वालों का तांता लगा हुआ है. भारतीय पुरुष वालीबॉल टीम, एशियन गेम्स 2023 के मुख्य प्रशिक्षक एवम महासचिव, मोंगिया राष्ट्रीय वालीबॉल अकेडमी, गिरिडीह, झारखण्ड डॉ जयदीप सरकार ने अपने बधाई संदेश में कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि आगामी जून के महीने में बहरीन में आयोजित होने वाली एशियन सीनियर पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप २०२४ में भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षक के रूप में बिहार राज्य के वरीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक श्री संजय कुमार सिंह नामित किए गए हैं । मुझे पूरी उम्मीद है वे जहां एक ओर भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बखूबी निभायेंगे एवं साथ ही साथ अपने गृह राज्य बिहार एवं तत्कालीन अविभाजित बिहार (झारखंड सहित) के उभरते वॉलीबॉल खिलाड़ियों को देश की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मार्ग प्रशस्त करेगें। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भारतीय वॉलीबॉल में पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व में पिछले दिनों से निरंतर वृद्धि हो रही है, जो वॉलीबॉल के लिए अच्छा संकेत है. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के महानिदेशक और चर्चित आई पी एस अधिकारी रवीन्द्र शंकरण ने अपने अधीनस्थ वालीबॉल कोच सोनू सिंह के इस सफलता पर मुबारकबाद दिया है. इसके अलावे बेगूसराय ज़िला वालीबॉल संघ के सचिव राकेश कुमार, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक एवम राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी रामविलास चौधरी, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक एवं बिहार पुलिस टीम के पूर्व मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार चौधरी, राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी एवं एन आई एस वालीबॉल कोच और एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र, गोपालगंज के युवा प्रशिक्षक शुभम कुमार, राष्ट्रीय वालीबॉल कोच एवं कटिहार ज़िला वालीबॉल संघ के सचिव दिवाकर भारती, दूरदर्शन, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार राजेश राज सहित अन्य खेल प्रेमियों ने उनके इस सफलता पर बधाई संदेश और शुभकामना प्रेषित किया है.

लावारिस नवजात बच्ची को सौंपा गया दत्तक ग्रहण संस्थान को,घर के बगल सकरी गली में मिली नवजात

निज संवाददाता। **मंझौल बेगूसराय**

अहले सुबह मंगलवार को मंझौल थाना क्षेत्र के स्कूल टोला स्थित एक सकरी गली में नवजात बच्ची के मिलने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मंझौल पंचायत दो वार्ड छः स्थित एक घर के संकरी गली से मंगलवार के अहले सुबह एक नवजात के रोने की आवाज आई। स्थानीय एक परिवार के लोगों को पहले भूत होने की आशंका हुई। पुनः जब रोने की आवाज की दिशा में तलाशा गया तो देखा कि घर के बगल में लगभग एक फीट चौड़ी गली में कपड़े में लपेटा हुआ पड़ा नवजात रो रही थी। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उक्त बच्ची को उस गली से निकालकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। नवजात को देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि उक्त बच्ची को जन्म लेने के साथ ही फेक दिया गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रिशा कुमारी ने पुलिस बल को भेज कर बच्ची का मेडिकल जांच करवाया तथा इसकी सूचना बेगूसराय एनजीओ को दिया। दोपहर दिन में पहुची विशिष्ट दत्तक ग्रहण की समन्वयक को पुलिस ने उक्त बच्ची को सौंप दिया । दत्तक ग्रहण समन्वयक ने बताया कि उक्त बच्ची को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान चित्रगुप्त नगर पोखरिया वार्ड 39 में अवासित किया जाएगा।

छौड़ाही में जीविका दीदीयों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, मतदाताओं से लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील



निज संवाददाता। **छौड़ाही बेगुसराय**

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही अधिकारी से लेकर कर्मचारी युद्धस्तर पर चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। उधर प्रखंड में मतदाताओं के बीच चुनाव के पर्व में शत-प्रतिशत भागीदारी हेतु व्यापक अभियान भी जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर सोमवार को जीविका के प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छौड़ाही के बीपीएम पारसनाथ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जीविका दीदीयों ने प्रखंड मुख्यालय से लेकर आस-पास के मुहल्ले व गांवों में रैली निकाल मतदान का महात्योहार बेगूसराय जिला है तैयार, जागरूकता मतदाता ही बनेगा लोकतंत्र का भाग्य विधाता आदि के नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक करते दिखें। मौके पर बीआरपी अनंत कुमार, सीसी नवीता कुमारी, एमआरपी विनोद कुमार, एसी विनोद कुमार, ब्रजेश कुमार, सीसी रमेश कुमार, गगन लाल दास, सिंगेश्वर पंडित, रिंकू कुमारी समेत जीविका दीदी मौजूद थी।

परिजनों में मचा कोहराम, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मिलेगा मुआवजा

सर्पदंश से 15 वर्षीय किशोर की मौत

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के बिशनपुरा महादलित टोला में सर्पदंश से मंगलवार को एक किशोर की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि कुटी काटने के क्रम में सर्प ने डस लिया। मृतक की पहचान नारद मुसहर का पुत्र 15 वर्षीय मुंशी मुसहर ग्राम बिशनपुरा के रूप में की गई, जो बिशनपुरा महादलित टोला का निवासी है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात्रि में जहरीली जंतु ने काट लिया। जहरीली जंतु काटने की सूचना परिजनों को देने के बाद परिजनों द्वारा टॉर्च जला कर देखा तो वहां पर एक सांप मिला। इसके बाद पीड़ित का इलाज स्थानीय स्तर से कराया गया, इलाज के क्रम में मंगलवार को सुबह मुंशी मुसहर की मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उत्तरी वराव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू गुप्ता को दी गई। मुखिया प्रतिनिधि ने इसकी सूचना स्थान नोखा थाने को दी और घटनास्थल पर नोखा थाना के एसआई सत्येंद्र पासवान पहुंचकर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। सीओ मधुसूदन चौरसिया ने बताया कि पोस्टमार्टम करने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्पदंस से मौत हुई आएगी तो उसे मुआवजा मिलेगा। पंचायत के मुखिया बबलू गुप्ता हरिराज सिह, सहित कई लोगो ने बीपीएल परिवार को मुआवजे की माग की है।

बाइक की टक्कर से टहलने गई महिला की मौत, चालक फरार

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद में एकंगरसराय सड़क पर काको ब्लॉक के पास सुबह टहलने गई महिला को बाइक ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने काको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान काको बाजार निवासी सुनीता देवी के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वह सुबह में टहलने के लिए गई थी। जैसे ही ब्लॉक के पास पहुंचा दूसरी दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। वहीं घटना के बाद मौके से वह फरार भी हो गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस पहुंची ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर काको थाना अध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात वाहन महिला को टक्कर मारी थी। इसके कारण उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

काराकाट में रोड शो के लिए निकले पवन सिंह, बुल्डोजर से बरसे फूल

- 24 अप्रैल को वो औरंगाबाद के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा होते हुए पहुंचेंगे गोह क्षेत्र

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह चुनावी मैदान में हैं। काराकाट लोकसभा सीट से वो निर्दलीय लड़ रहे हैं। काराकाट में उनका रोड शो हो रहा है। 2 करोड़ से ज्यादा की रेंज रोवर गाड़ी से पवन सिंह रोड शो के लिए निकले। इस दौरान बुलडोजर से उनपर फूलों की बारिश की गई। पवन सिंह के काफिले में 150 गाड़ियां है। कई जगह भीड़ उन्हें देखने के लिए बेकाबू हो गई। 100 किमी के रोड शो के लिए पवन सिंह का काफिला आरा से काराकाट के लिए निकला। काफिला जैसी ही काराकाट क्षेत्र में पहुंचा। पवन सिंह को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उन्हें 51 किलो फूल से बनी माला भी पहनाई गई। पवन सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के कछवा, नासरीगंज, गोरारी होते हुए काराकाट पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह उनका लोगों ने स्वागत किया। आगे वो बिक्रमगंज, नोखा, राजपुर, अकोढ़ीगोला, डेहरी औन सोन पहुंचेंगे। शाम में यात्रा औरंगाबाद जिले में एंट्री करेंगे और बारूण नवीनगर पहुंचेंगे। पवन सिंह का रोड शो औरंगाबाद में होगा।

24 अप्रैल को वो औरंगाबाद के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा होते हुए गोह क्षेत्र में पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पवन सिंह पहली बार काराकाट पहुंचे हैं। जेसीबी से फूल गिराकर उनका समर्थक स्वागत कर रहे हैं। मौके पर सेल्फी लेने की होड़ मच गई। पवन सिंह काराकाट से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद अब पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। इसी क्रम में पवन ने अपना इलेक्शन सॉन्ग लॉन्च किया है, जिसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया है। इलेक्शन सॉन्ग भोजपुरी में हैं, जिसे पवन सिंह ने खुद गाया है। जिसके बोल हैं- सुन बड़की माई, सुन आ बड़का भाई, चाची, काकी, दादी, बात रखीह याद, आइल काराकाट तोहर पवनवा, मांगे ला धूमी—धूमी आशीर्वाद। सुन आ मम्मी—मौसी, संगी साथी, आइल बा वोट मांगे ताहर पवनवा, मांगे ला धूमी—धूमी आशीर्वाद। एनडीए में ये सीट रालोजद के खाते में गई है और उपेंद्र कुशवाहा खुद यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं महागठबंधन की ओर से ये सीट माले के खाते में गई है। काराकाट सीट से माले ने राजाराम कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है।

यात्रियों के लिए उपलब्ध है इकोनॉमी मील की सुविधा

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। रेलवे द्वारा ग्रीश्मकाल में यात्रियों को किफायती दर पर भोजन (इकोनॉमी मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ये भोजन प्लेटफार्मों पर सामान्य श्रेणी के कोचों के निकट स्थित काउंटरों पर उपलब्ध कराया गया है ताकि यात्रियों को यह सुविधा बिना किसी परेशानी के आसानी से उपलब्ध हो सके। विदित हो कि देश भर के 100 रेलवे स्टेशनों पर लगभग 150 इकोनॉमी मील काउंटर उपलब्ध है। पिछले वर्ष लगभग51 स्टेशनों पर इस सेवा की शुरूआत की गयी थी जिसमें विस्तार किया गया है। निकट भविश्य में और अधिक स्टेशनों को शामिल करते हुए इस पहलको और आगे बढ़ाने की योजना है। इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) की सुविधा पूर्व मध्य रेल के 20 प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध करायी गयी है।

तथा आवश्यकतानुसार अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। भारतीय रेल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आई.आर.सी.टी.सी.) के साथ मिलकर यात्रियों, विशेशकर अनारक्शित कोचों में यात्रियों की सेवा के लिए एक नई पहल के साथ कदम बढ़ा रही है जिसमें किफायती दर पर 20 रूपए में इकोनॉमी मील (किफायती भोजन) तथा 50 रूपए में स्नैक्स मील (कॉम्बो भोजन) उपलब्ध कराया जा रहा है।

लाइसेंस बनवाने आए युवक के साथ मारपीट, घायल

भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)। कैमूर में परिवहन विभाग के पुलिसकर्मियों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का जानकारी लेने कार्यालय पहुंचे एक युवक के साथ मारपीट की। जहां घायल की पहचान सतीश कुमार कनौजिया के रूप में हुई है। उसने बताया की कर्मियों ने डंडे से पिटाई कर उसके सर फोड़ दिया गया है। जब वह अपना कसूर पूछने लगा तो सिपाही उसका वीडियो बनाकर उसे फंसा देने की धमकी देने लगे। परिवहन विभाग के कर्मियों के अनुसार आज कार्यालय बंद है। लेकिन कार्यालय बंद से संबंधित किसी प्रकार का नोटिस, नोटिस बोर्ड में चिपकाया नहीं गया था और ना ही गार्ड द्वारा लोगों को जानकारी दी जा रही थी। जिससे उधेड़बुन की स्थिति उत्पन्न हो गई।

ट्रैफिक डीएसपी ने चलाया वाहन जांच अभियान 15 से अधिक चालकों से वसूला गया जुर्मान

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद में ट्रैफिक डीएसपी वाहन चेकिंग अभियान चलाया। शहर में यातायात नियमों को पालन करने को लेकर लगातार वहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह जांच अभियान अरवल मोड़ के पास चलाया गया। वहीं नियमों का पालन नहीं करने पर 15 से अधिक वाहन चालकों जुर्माना वसूला गया। डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि लोगों को लगातार यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। वहीं बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों से भी जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। आप सुरक्षित रहे और दूसरे लोगों को भी सुरक्षित रखें, इसी उद्देश्य के साथ सड़क पर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी वाहन चेकिंग किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के उद्देश्य से भी यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा।।

342 लीटर शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के राष्ट्रीय राजमार्ग दो शिवसागर स्टेशन मोड़ से ग्रामीण क्षेत्रों में जाते समय पिकअप से 342 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शिवसागर थाना परिसर मे मंगलवार दोपहर पीसी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। जिसमें चार तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। शराब कारोबारी ग्रामीण क्षेत्रों मे शिवसागर स्टेशन रोड होते सिल्लारी रोड से करहगर प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा विक्रेताओं के यहां सप्लाई के लिए जा रहे थे। तभी टीम में प्रतिनियुक्त अंचलाधिकारी शिवसागर एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा वाहन जांच के क्रम में NH-2 कुर्था मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो और पिकअप को जांच के लिए रोका गया। दो वाहनों को किया जब्तजिसमें जांच के दौरान में पिकअप से 342 लीटर अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई—निविदा सूचना संख्या—EE/RDSD/LATEHAR/21/2023-24 जिसका PR NO- 322849 है तथा यह दिनांक—15.03.2024 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 324005 Rural Development(24-25)D

मनोज कुमार होंगे सासाराम लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार, भाजपा के शिवेश राम को देंगे टक्कर

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। कांग्रेस ने बिहार के पांच लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए है। इनमें सासाराम लोकसभा क्षेत्र से मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। मनोज कुमार 2019 के लोकसभा चुनाव में भी सासाराम से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और वह तीसरे स्थान पर रहे थे। 2017 से मनोज राजनीति में है, बीएसपी से उन्होंने राजनीति की शुरुआत की थी। वहीं 2019 के चुनाव में इनको 86 हजार 400 वोट मिला था। इसके अलावा इनकी मां यशोदा देवी कांग्रेस की एक बहुत समर्पित नेत्री थी। रोहतास और कैमूर की महिला सेल की अध्यक्ष भी रह चुकी है।

कांग्रेस उम्मीदवार मनोज कुमार उर्फ मनोज भारती ग्राम सकरी थाना कुदरा जिला कैमूर-भभुआ के निवासी है। रोहतास कैमुर की राजनीति में इनकी पहचान है। वहीं इनके छोटे भाई की पत्नी पूनम भारती रोहतास जिला परिषद की वर्तमान चेयरमैन है। इनका एक और छोटे भाई कुदरा प्रखंड का प्रमुख है। इनकी पढ़ाई लिखाई की बात करें तो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से स्नातक किया हुआ है। उम्मीदवारी तय होने के बाद अब उनका मुकाबला भाजपा के शिवेश राम से होगा। इस बार सासाराम लोकसभा क्षेत्र में बाहरी बनाम घर का सबसे बड़ा मुद्दा चर्चा में रहेगा। मालूम हो कि शिवेश राम पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे है। वह भोजपुर के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे थे। उनके पिता मुनि लाल राम तीन बार सासाराम लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके है।

यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर नई दिल्ली, पुणे, रतलाम एवं वलसाड के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । 5. गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 08.00 बजे खुलकर 16.30 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते 26.04.2024 को 23.50 बजे पालधी पहुंचेगी।

6. गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 12.00 बजे खुलकर 17.20 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 26.04.2024 को 21.00 बजे रतलाम पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशलः गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को आसनसोल से 08.00 बजे खुलकर 15.25 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-भोपाल- इटारसी-भुसवाल के रास्ते 28.04.2024 को 04.15 बजे वलसाड पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर 25.04.2024 को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी।

01-01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में 05 जोड़ी और समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 04112/04111 कानपुर सेंट्रल-पटना-कानपुर सेंट्रल समर स्पेशल (पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज के रास्ते)-गाड़ी संख्या 04112 कानपुर सेंट्रल-पटना समर स्पेशल कानपुर सेंट्रल से 24.04.2024 से 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 08.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04111 पटना-कानपुर सेंट्रल समर स्पेशल पटना से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 10.15 बजे खुलकर उसी दिन 22.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 04078/04077 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल (पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल आनंद विहार से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 16.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04077 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल पटना से 30.04.2024 से 25.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इस स्पेषल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी के 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 12 कोच होंगे। 3. गाड़ी सं. 05721/05722 कटिहार-आनंद विहार-कटिहार समर स्पेशल (बरौनी-हाजीपुर-सिवान-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 05721 कटिहार-आनंद विहार समर स्पेशल कटिहार से 24.04.2024 से 26.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 17.25 बजे खुलकर 21.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 18.50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05722 आनंद विहार-कटिहार समर स्पेशल आनंद विहार से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 23.25 बजे खुलकर शुक्रवार को 19.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए शनिवार को 01.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा
(Email Id: cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)
जिला स्वास्थ्य समिति, चतरा

लू से बचाव एवं उपचार के लिए: क्या करें / क्या न करें

हीटवेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती हैं, जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्न तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक है :—

—: क्या करें :—

- लू लगने, एवं गर्मी से ऐंठन के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, मिचली आना, पसीना आना, मूर्छित होना आदि को पहचानें।
- यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।
- अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तबभी।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ अवश्यक ले जाए।
- ओ0 आर0 एस0, (ORS) घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ अदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें यथा तारबूज, खरबूज, संतरें, अंगूर, अनानास, खीरा, ककड़ी, सलाद पत्ता (जूस)
- हल्के रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।
- घूप के चश्में, छाता, टोपी एवं चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुलें में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ—पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।
- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- सूर्य की सीधी रोशनी तथा ऊष्ण हवा को रोकने हेतु उचित प्रबंधन करें अपने घरों को ठण्डा रखें, दिन में खिड़कियाँ, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें विशेष कर घर तथा कार्यालय के उन क्षेत्रों में जहाँ सूरज की सीधी रौशनी पड़ती हो, उसे शाम / रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इन्हें खोल दें।
- घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृतिको बढ़ायें।
- पंखे, गीले कपड़ों का उपगोग करें।
- ऐसे बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्ति जो एकांत वास करते हो, के स्वास्थ्य की नियमित रूप से देखभाल तथा समीक्षा की जानी चाहिए।
- घरो को ठंडा रखें दिन के समय पर्दे, खिड़कियां, दरवाजें इत्यादि बंद कर रखें तथा रात को खिड़कियाँ खोलकर रखें।
- दिन के समय में अपने घर के निचले तल पर प्रवास का प्रयास करें।
- शरीर के तापमान कोकर रखने के लिए पंखे, गीले कपड़े इत्यादि का प्रयोग करें।
- जनवरों को छायादार स्थानों पर रखे तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें।
- उच्च जो क्षिम समूह यथा—एक वर्श से कम आयु के शिशु तथा अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाये, वाह्य वातावरण में (Outdoor) कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति विशेष कर हृदय रोगी अथवा उच्चरक्त चाव से ग्रस्त व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों में जा रहें हो को हीटवेव से अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती

—: क्या न करें :—

- अधिक गर्मीवाले समय में, विशेष कर दोपहर 12 से 03 बजें के मध्य सूर्य की सीधी रोशनी में जाने से बचें।
- नंगे पैर बाहर ना निकलें।
- अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथा संभवब चें तथा बासी भोजन का प्रयोग ना करें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ीगाड़ियों में ना छोड़े।
- गहरें रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रम साध्य कार्य न करें।
- अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोईवाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियाँ खोल दें।
- शराब, चाय, काफी, कार्बोनेडसाफ्टड्रिंक आदि के उपयोगक रने से बचें, क्योकि यह शरीर में निर्जलीं करण करते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक —सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 324026 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

संक्षिप्त समाचार

स्मृति भवन में लोगों को कराया गया भोजन

भागलपुर। आनंद चिकित्सालय रोड स्थित आनंदराम ढांढनियां स्मृति भवन में सोमवार को श्रवण कुमार बाजोरिया की ओर से अन्नपूर्णा भोजन कराया गया। यहां लोगों ने भोजन किया। इसमें लायंस अन्नपूर्णा भोजन सेवा के ट्रस्ट सदस्य हरी खेतान, नरेश अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, सुरेश भिवानीवाला, पंकज टंडन, आनंद सिंघानिया, सुमित जैन, केजरीवाल, विभोर अग्रवाल, अनुराग ढांढनिया, अनूप गाडिया, प्रमोद झुनझुनवाला शामिल हुए।

26 को सफियासराय हवाई अड्डा मैदान में होगी प्रधानमंत्री की सभा

मुंगेर। मुंगेर मुंगेर लोकसभा के चुनाव चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इससे पूर्व 26 अप्रैल को सफियासराय स्थित हवाई अड्डा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और जनसभा के प्रभारी राजेंद्र सिंह ने होटल कर्ण विहार में प्रेसवार्ता कर पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। नेता द्वय ने लोगों से अपील की कि इस जनसभा से पहले मुंगेर शहर के लोग 24 अप्रैल को घर-घर में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएं। कार्यक्रम को लेकर एनडीए के सभी घटक दल के कार्यकर्ता जुड़कर काम कर रहे हैं। राजेंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री पहली बार मुंगेर आ रहे हैं। इससे पहले वे 2015 में विधानसभा चुनाव के दौरान मुंगेर आए थे। प्रधानमंत्री ने गरीब व वंचित तबके के कल्याण के लिए 10 वर्षों तक कार्य किया। उन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का भी निर्माण करवाया। इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है और यह भी संकल्प लिया है कि बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की ही जीत हो। सभा को लेकर भाजपा सभी प्रखंड एवं मोहल्ले में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों के साथ तथा अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुकी है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सभा में आने के लिए सभी प्रखंड एवं मोहल्ले के लोगों से आग्रह भी किया है। हमारा प्रयास है कि हर बूथ से लोग प्रधानमंत्री की सभा में आएंगे। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर कई लोग स्वतः फोन कर हमारे कार्यकर्ताओं से आने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं।

9 दिन बाद भी व्यवसायी के बेटे का सुराग नहीं, 9 दिन पहले निकला था घर से, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

गया। गया ज़िले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल बगीचा देवी स्थान गबड़ा गली के रहने वाले प्रमोद प्रसाद केसरी का 15 वर्षीय पुत्र बीते 9 दिन से लापता है। इसकी तलाश कर करके परिजन थक गए हैं। अपने रिश्तेदारों से लेकर बेटे के दोस्तों के यहां भी उसकी खोजबीन कर ली है। लेकिन उसका अब तक कोई अता-पता नहीं चल सका है। बेटे की सकुशल बारामदगी को लेकर पीड़ित परिवार कोतवाली थाने में भी मामला दर्ज कराया है लेकिन पुलिस भी सुस्त पड़ी है। सोशल मीडिया फेसबुक व्हाट्सएप पर बेटे की तस्वीर पहचान के लिए पोस्ट की है। घटना के संबंध में गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल बगीचा देवी स्थान गबड़ा गली के रहने वाले प्रमोद प्रसाद केसरी ने बताया 9 दिन पहले उनका पुत्र घर से निकाला था। वह शहर के सेंट पॉल स्कूल में पढ़ाई करता है और इस बार आठवीं का एग्जाम दिया था। रविवार के दिन वह सारा दिन घर से बाहर खेलने चला गया था जब घर आया तो उसे डांट फटकार की गई, दूसरे दिन अहले सुबह घर से निकला और अब तक नहीं लौटा है। आज उसे गए हुए 9 दिन हो गए हैं, उसकी तलाश शहर और अलग-अलग राज्यों में रहने वाले अपने सभी रिश्तेदार के यहां कर करके थक गए हैं। उसके दोस्तों के यहां भी उसे टटोल लिया। फ़िर मामले को लेकर पुलिस से आस लगाए कोतवाली थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराया लेकिन अब तक उसका कोई भी सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस भी उसे नहीं ढूंढ सकी है। पीड़ित पिता प्रमोद केसरी ने बताया मेरा एक ही बेटा और एक बेटी है। कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया। गोल बगीचा गबड़ा गली के रहने वाले प्रमोद प्रसाद केसरी के द्वारा अपने पुत्र के कहीं लापता हो जाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिक की के बाद पुलिस उसकी टोह में जुटी है। पुलिस के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

गया में शिक्षक-शिक्षिका को ट्रक ने रौंदा, शिक्षक की मौत

गया। गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार शिक्षक और शिक्षिका को ट्रक ने रौंद दिया, जिसमें शिक्षक की मौत मौके पर हो गई है। इसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाया गया। देर रात तक मृतक और घायल महिला की पहचान नहीं हो सकी थी मृतक की पहचान आज हो गई है। मृतक की पहचान कोंच प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय चक्रवर्ती के रूप में की गई है। वहीं घायल शिक्षिका की पहचान बैठकपुर की मध्य विद्यालय प्रधान अध्यापिका गीता कुमारी के रूप में की गई है, जिनकी स्थिति चिंता जनक है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कोंच प्रखंड के मध्य विद्यालय गोरकट्टी के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय चक्रवर्ती व मध्य विद्यालय बैकठपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी एक ही बाइक पर सवार होकर मानपुर में किसी निजी होटल में अपने शिक्षक मित्र के रिंग सेरेमनी से लौट रहे थे। तभी पटना-गया हाइवे पर ट्रक ने दो रौंद दिया। आरोपी ट्रक ड्राइवर अपने ट्रक के साथ फरार हो गया। हुए भाग खड़ा आसपास के लोग दोनों घायलों को ईलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा, जिसमें विनय चक्रवर्ती (44) वर्ष को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। विनय के सिर में काफी चोटे लगी थी। वहीं, गीता कुमारी फ़िलहाल इलाजरत है। जिसे गंभीर चोटे आयी है। घटना की सूचना मिलते हीं विनय के घर परिवार व गांवों में मातमी सन्नाटा पसर गया। वहीं, पिता विरेन्द्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मेरा मात्र एक ही पूत्र था और इससे मात्र दस साल की एक पोती है। बुढ़ापे के सहारा को छिन जाने से जहां पिता काफी चिंतित हैं। वहीं, माता व पत्नी की रो-रो कर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को नहीं मिल पाया था।घायल घायल प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वे अब तक होश में नहीं आई है। उन्हें भी काफी चोट लगी है।

गया में बालाजी सरकार का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

◆ निकाली गई शोभायात्रा, 24 घंटे का अखंड पाठ शुरू

निज संवाददाता। गया

गया के शहीद रोड स्थित सालासर बालाजी मंदिर में बालाजी सरकार का जन्मोत्सव धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भीषण गर्मी और तपिश भक्तों की आस्था के सामने बौनी पड़ गई। कार्यक्रम की शुरुआत शोभा यात्रा के साथ की गई। बालाजी हनुमान की तस्वीर को खुले वाहन में विराजमान करा कर नगर भ्रमण कराया गया। भीषण गर्मी के बीच हनुमान जी के भक्त जयकारे लगाते और झूमते चल रहे थे। शोभा यात्रा में महिलाएं और पुरुष विशेष परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में भगवा पताका लेकर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते भर प्रभु श्रीराम के जयकारे में लीन होकर लोग झूमते-नाचते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचे। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प बरसा कर किया गया। प्रभु श्रीराम का पूजन कर आरती की गई। सालासर मंदिर में आचार्य पं.सुरेंद्र पांडेय के निर्देशन में पं.राकेश पांडेय शास्त्री, पंडित दीपक पांडेय और रंजीत पांडेय ने पूरे हनुमंत स्तोत्र और वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच बालाजी हनुमान को षोडशोपचार और दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की। बालाजी के विग्रह रूप को रंग-बिरंगे फूलों से विशेष श्रृंगार कर मंगल आरती की गई। साथ ही 24 घंटे तक निरंतर रामायण पाठ, सुंदरकांड का पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ ब्राह्मणों द्वारा शुरू किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया, महेंद्र मोर, विनोद जसरापुरिया, पवन मोर, पप्पू कथुरिया, प्रवीण मोर, राजेंद्र बरनवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

महागठबंधन प्रत्याशी अनीता देवी ने दाखिल किया नामांकन

पति अशोक महतो के साथ जुलूस में हुई शामिल

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा सीट से मंगलवार को राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि क्षेत्र में महिलाओं की समस्याओं से अवगत है। घर-घर जाकर उनकी बातों को सुनी हूं। जनता अगर मौका देती है तो पहली प्राथमिकता उनको सम्मान दिलाना होगा और उनके हक में आवाज बुलंद करना होगा। आज जो लोग नामांकन के दिन साथ देने आए उनका अभिनंदन है और जो लोग नहीं आ सके उनका भी आशीर्वाद मिला है। वहीं नामांकन से पहले अनीता देवी ने अपने पति अशोक महतो के साथ शहर में जुलूस निकाला। इसमें बड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जुलूस जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर नौलखा के पास से निकाली गई। इसमें सबसे पहले नौलखा दुर्गा मंदिर में आशीर्वाद लिया और उसके बाद वहां से सीधा जमालपुर-मुंगेर मुख्य मार्ग होते हुए मिर्जापुर, संदलपुर, कोणार्क मोड़, अंबे चौक, दिलावरपुर, पूरबसराय, मुख्य बाजार के रास्ते कलेक्ट्रेट पहुंच नामांकन दाखिल किया।

बंद घर का ताला काट 40 हजार समेत पीतल के बर्तन की चोरी

निज संवाददाता। गया

गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू बागेश्वरी कॉलोनी में एक बंद घर को निशाना बनाया है। घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। इसका खुलासा मंगलवार की दोपहर तब हुआ, जब मकान मालिक अपने नए घर से किराए के घर में लौटे। घर के अंदर घुसते ही उनके होश उड़ गए। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। समझते देर ना लगी कि चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। डेल्हा थाना के न्यू कॉलोनी बागेश्वरी के रोड नंबर 07 में अमरनाथ कुमार का मकान मुख्य मार्ग पर स्थित है। इसमें किराया पर प्रमिला देवी और उनका परिवार क़रीब चार साल से रह रहा है। इसी घर से श्रृंगार सामग्री का कारोबार चला रहे हैं। कुछ समय पहले ही प्रमिला देवी ने अपना नया मकान छोटकी नवादा में बनाकर रहने लगे। लेकिन कारोबार न्यू बागेश्वरी कॉलोनी के किराए के मकान से कर रहे थे, जहां चोरी की घटना हुई है। प्रमिला देवी के पुत्र विवेक कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर अपने किराए के मकान पर आए तो देखा कि मुख्य प्रवेश द्वार में लगाया गया ताला नहीं है। इसके बाद अंदर जब प्रवेश किया तो देखा कि एक और कमरे में लगा ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है। अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद जब आगे बढ़कर देखा तो एक और कमरे का ताला काटा गया है और अंदर रखा सारा सामान बिखरा हुआ है। विकास और उनकी मां देवी ने बताया कि करीब 40 हजार रुपए नकद के साथ पीतल के बर्तन, श्रृंगार का सामान, मोबाइल भी चोरी कर लिया गया।

गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी आग, लाखों का नुकसान, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

निज संवाददाता। भागलपुर

खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

भागलपुर जिले के जोकसर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कॉलोनी में सोमवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग अंबेडकर नगर कॉलोनी स्थित तीन मंजिला मकान के तीसरे तल्ले पर लगी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान हादसा हुआ। इसी दौरान धीरे-धीरे आग ने भयावह रूप ले लिया और सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की। लेकिन घंटों बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। देखते ही देखते तीसरे तल्ले पर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, जिसके बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया।

घटनास्थल के पास ही आबकारी विभाग का ऑफिसः घटनास्थल से सटे आबकारी विभाग का कार्यालय है, जहां भंडारण किए गए शराब को मालखाने में रखा जाता है। आग लगने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद फायर ब्रिगेड के साथ स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने में काफी मदद किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान छोटे सिलेंडर से चिंगारी निकली, जिसके बाद पास में रखे सामान में आग पकड़ लिया और खाना बना रही महिला जब तक परिजनों को इसकी जानकारी देती, तब तक आग ने भयंकर रूप ले लिया था। बताया जा रहा है कि छोटे सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने के कारण आग और ज्यादा बढ़ गया। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना बजरंगी दास के घर का है। घर में उनके तीन बेटे रहते हैं तीनों गुपचुप बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं।

नवविवाहिता की मौत, ससुरालवालों पर मारपीट का आरोप, 1 महीने से मायके में चल रहा था इलाज

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक नवविवाहिता की मौत मंगलवार को उसके मायके में ही हो गई। मामला बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत उपरावा गांव का है। मृतका की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ा नगर माली टोला निवासी कुंदन कुमार की पत्नी मौसम कुमारी (18) के रूप में की गई है। जो पिछले एक महीने से अपने मायके में ही रह रही थी। मायके वाले ससुराली परिवार पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। घटना के संबंध में मौसम कुमारी की मां सोनी देवी ने बताया कि उनका दामाद भाभी के चक्कर में उनकी बेटी के साथ अक्सर मारपीट किया करता था। शादी के बाद से ही कई बार उनकी बेटी के साथ मारपीट की घटना हो चुकी थी। कई बार पंचायती कर उन्होंने अपनी बेटी को ससुराल भेजा था। होली के समय फिर से उनके दामाद ने मारपीट की, जिसके कारण उनकी बेटी की हालत खराब हो गई। इसके बाद वह उसे मायके ले आए और उसका इलाज करवा रहे थे। इलाज के उपरांत मंगलवार को उसकी मौत हो गई। इस दौरान उनका दामाद एक बार भी उनकी बेटी को देखने नहीं आया। साल 2023 में 22 मई को मौसम कुमारी की शादी कुंदन कुमार से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से मौसम कुमारी को ससुराली परिवार के द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। डॉक्टर के द्वारा मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया है।

परिजन बोले- भाभी के चक्कर में पिटता था पति

क्या बोली पुलिसः वहीं इस मामले में बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि महिला बहुत दिनों से बीमार थी। जिसका इलाज मायके में ही चल रहा था। परिवार वालों को कहना है कि ससुराल में उसके साथ मारपीट की जाती थी। मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

आर्केस्ट्रा में हर्ष फायरिंग युवक को लगी थी गोली

निज संवाददाता। नालंदा

पुलिस ने चौकीदार के बयान पर वर-वधू पक्ष पर दर्ज किया मामला, आरोपी फरार

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत इस्माइलपुर गांव में रविवार की अहले सुबह अज्ञात बदमाशों द्वारा ऑर्केस्ट्रा देखने गए युवक को गोली मार घायल कर दिया गया था। घायल युवक मिथिलेश प्रसाद का बेटा दीपू कुमार(25) है। इस मामले में पुलिस ने 3 नामजद और अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। दनियावां थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि चौकीदार के बयान पर वर पक्ष से लड़का और उसके पिता जबकि वधू पक्ष से लड़की के पिता के ऊपर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपी गांव छोड़ फरार है। गांव वाले घटना के बारे में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। दरअसल, इस्माइलपुर गांव में शनिवार की शाम किशोर के किश्तिपुर गांव से मंगल जमींदार के यहां बारात आई थी। बारातियों के मनोरंजन के लिए बिना परमिशन ऑर्केस्ट्रा बुलाई गई थी। ऑर्केस्ट्रा में हर्ष फायरिंग भी की जा रही थी। रविवार की अहले सुबह दीपू आर्केस्ट्रा देखने पहुंचा। इसी बीच हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली उसके कमर में आकर लग गई। आनन-फानन में दीपू को इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि घायल को पता नहीं चला कि किसने उसे गोली मारी है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

नालंदा में दो अलग-अलग हादसों में 5 घायल, दो बाइक सवार आपस में भिड़े

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह दो अलग-अलग हादसों में कुल पांच लोग जख्मी हो गए। मामला बिहार शरीफ बरबीघा मुख्य मार्ग के सोयावपर गांव के समीप एवं सारे-कतरीसराय मुख्य मार्ग के मोहनी गांव के समीप हुई हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्थावां रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों में अस्थावां थाना क्षेत्र के उगावां गांव निवासी गणेश महतो, विपेंद्र पासवान, चकदीन गाँव निवासी साहेब कुमार बिहार शरीफ के गौरागढ़ निवासी मोहम्मद अब्दुल्ला, व जीयर गांव निवासी लवलेश यादव है।

अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शाः घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि ई रिक्शा पर बैठकर गणेश महतो दीपेंद्र पासवान अस्थावां जा रहे थे। इसी बीच ई रिक्शा अनियंत्रित होकर मोहनी गांव के पास सड़क पर पलट गई। जिसके कारण चालक सहित उसपर सवार जख्मी हो गए। वहीं दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में सोयवापर गांव में दो बाइक सवार जख्मी हो गए। मोहम्मद अब्दुल्ला अपने शेखपुरा स्थित ससुराल से ड्यूटी पकड़ने बिहार शरीफ के बड़ी पहाड़ी स्कूल आ रहे थे। और लवलेश यादव अपने ससुराल दीपनगर के सिपाह गांव से वापस घर जा रहा थे। इसी बीच आमने-सामने दोनों की मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ में भर्ती कराया गया है। वहीं अस्थावां थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

शेरपुर में 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ की शुरुआत

बनारस और अयोध्या के पंडित होंगे शामिल, राष्ट्रीय कथावाचक देवी राजनंदनी करेंगे कथावाचक

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत प्रखण्ड के नेहुसा पंचायत के शेरपुर गांव में सोमवार से श्री-श्री 108, श्री शिव प्राण-प्रतिष्ठा पंचकुंडीय 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

बने हैं 51 अस्थायी मूर्तियांः यज्ञ परिसर में श्रीगणेश, भगवान राम, मैया सीता, लक्ष्मण, हनुमान, माता दुर्गा, पार्वती जी समेत कुल 51 अस्थाई मिट्टी के मूर्ति बनाई गई हैं। सभी मूर्तियां समस्तीपुर के मुर्तिकारों द्वारा बनाई गई हैं। जिसमें भगवान शंकर और बजरंग बली जी की प्रतिमा सबसे बड़ी है।

मंडप में बना है पांच हवन कुंडः वाराणसी से आए यज्ञाचार्य पूर्ण चंद्र उपाध्याय ने बताया कि रूद्रयज्ञ तीन प्रकार का होता हैं। रूद्र, महारूद्र और अतिरूद्र। महारूद्र 9 से 11 दिन में होता हैं। इसमें कई विद्वान होते हैं। इस महारुद्र में 21 मन हवन सामग्री लगती है। इसमें अग्नि द्वारा देवताओं को पहुंचाने वाले सोम के लिए हवन कुंड का प्रयोग किया जाता है। हवन कुंड को वेदी के अनुसार बनाया जाता है। यज्ञ परिसर में एक मंड़प बना है। इसमें पांच हवन कुंड बनाया गया है। इस संबंध में अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्री निवासानन्द सरस्वती उर्फ संजय बाबा ने बताया कि मंडप के बीच में चतुरस्त्र कुंड है। इसके इर्द-गिर्द में वृत्त कुण्ड, अर्द्धचन्द्र कुण्ड, अष्टकोण कुण्ड और त्रिकोण हवन कुण्ड है। इसमें चतुरस्त्रकुंड सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ति के लिए, वृत्त कुंड जनकल्याण की भावना और व्यापार में वृद्धि के लिए, अर्द्ध चन्द्राकार, कुंड पारिवारिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों से निजात पाने और मन की शांति के लिए अष्टकोण कुण्ड से सभी मनकामनाओं की पूर्ति व आरोग्य प्रदान करने एवं त्रिकोण कुंड शत्रु पर विजय हासिल करने के लिए बनाया जाता है।

मेले में रहेगी विशेष निगरानीः ग्रामीण देवानंद सिंह, कन्हैया कुमार, मिथिलेश कुमार, बलवंत सिंह, प्रेम राज उर्फ बिटुरी, नरेश प्रसाद, राम पदार्थ सिंह, गोपाल बाबू, अनिल प्रसाद, साधु मांझी, श्रवण प्रसाद, राकेश भारती आदि ने बताया कि इस मेले में पुलिस बल के अलावा 20 सीसीटीवी और सैकड़ों वॉलेंटियर्स के साथ एक कमेटी बनाया गई है। जो सुरक्षा का ख्याल रखेंगे।

राष्ट्रीय कथा वाचिका करेंगे कथा वाचनः महायज्ञ कमेटी के लोगों ने बताया कि परिसर में भागवत कथा का आयोजन होगा। इसमें अयोध्या धाम से आए हुए राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी राजनंदनी जी भागवत कथा प्रवचन करेंगे। उन्होंने कहा कि रात्रि में रासलीला का भी आयोजन होगा। इस मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया है। इसमें श्रृंगार दुकान, खाद्य पदार्थ के लिए विभिन्न दुकानें और युवाओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, पावर झूला, ड्रैगन ट्रेन, सेल्फी झूला, मिकी माउस, स्कॉर्पियो और जंपिंग झूला लगाया गया है। श्री श्री 108 शिव प्राण प्रतिष्ठा पंचकुंडीय 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि आज शेरपुर गांव से 1151 श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकलेगी। जो चंपापुर गंगा जी स्थित घोसवरी गंगा घाट से जल भर कर फिर महायज्ञ परिसर में आएंगे।

संक्षिप्त समाचार

चैत्र पूर्णिमा पर रामनगरी में सरयू स्नान के लिए उमड़े भक्त, हनुमान गढ़ी में लगी लंबी कतारें

अयोध्या , एजेंसी। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। बड़ी संख्या में भक्तों ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। रामलला, कनक भवन सहित हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग रही है।

प्रशासन की ओर से सरयू तट से लेकर मठ-मंदिरों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई इसके बाद सरयू जल लेकर नागेश्वरनाथ मंदिर की ओर निकल पड़े। नागेश्वरनाथ मंदिर में अभिषेक-पूजन के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। यहां से भक्तों का रेला हनुमानगढ़ी पहुंचा।

हनुमान जयंती होने के कारण हनुमान जी को श्रद्धा अर्पित करने को लेकर भक्तों में होड़ रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने हनुमंत लला के दरबार में हाजिरी लगाकर पूजा-अर्चना की। कुछ इसी तरह का दृश्य रामलला के दरबार में भी है। बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलला की पूजा-अर्चना की। शाम को पूर्णिमा पर्व पर सरयू आरती का भी आयोजन होगा।

सामाजिक न्याय को निरंतर धार दे रही कांग्रेस, स्थानीय नेताओं को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

लखनऊ , एजेंसी। कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे को निरंतर धार देगी। इसके लिए दिल्ली स्थित वार रूम से निरंतर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को संदेश दिया जा रहा है, जिससे वे इन मुद्दों को जनता के बीच पहुंचा सकें। वहीं, इसे सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया जा रहा है।

कांग्रेस ने संविधान बचाने, जातीय जनगणना कराने व न्याय का गारंटी के तहत विभिन्न मुद्दों को उठा रही है। राहुल गांधी ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान सामाजिक न्याय यात्रा पर विशेष फोकस किया था। यही वजह है कि अब पार्टी ने जातीय जनगणना के साथ ही सामाजिक न्याय को धार देना शुरू कर दिया है। इसके लिए दिल्ली के वार रूम से स्थानीय नेताओं को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्हें सामाजिक न्याय के मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही उन्हें विमर्श के दौरान पेश किए जाने वाले तथ्यों से भी बताया गया।

पार्टी इसे सोशल मीडिया पर भी प्रसारित करेगी। इस बीच किसी भी स्थान पर सामाजिक दृष्टिकोण से जुड़ीं घटनाएं अथवा सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली घटना होगी तो वहां पार्टी का प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। मौके पर सभी पक्षों की बात सुनकर सामाजिक सद्भाव का संदेश देगा।

दूल्हे को एक पैर से डगमगाते हुए चलता देख दुल्हन बोली- मुझे नहीं करनी शादी

कानपुर , एजेंसी। महोबा जिले में कस्बा कबरई के एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में फेरों के दौरान दुल्हन ने दिव्यांग दूल्हा देख शादी से इनकार कर दिया। कई दौर में पंचायत हुई लेकिन देर शाम तक कोई नतीजा नहीं निकल सका। थाने में हुए समझौते में तय हुआ कि कार्यक्रम में आए खर्च को वर पक्ष अदा करेगा। वहीं, वधू पक्ष चढ़ावा में दिए गए सोने-चांदी के आभूषण लौटाएगा। इसके बाद देर शाम दूल्हा बिन दुल्हन बरात लेकर लौट गया।

जाम की समस्या के समाधान का एक्शन प्लान: काशी में 20 चौराहों पर तैनात होंगे पुलिस के 2 दरोगा और 4 सिपाही

वाराणसी , एजेंसी। शहर में भीषण जाम की समस्या के समाधान के लिए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने नया एक्शन प्लान तैयार किया है। पुलिस आयुक्त ने जाम वाले 20 प्वाइंट को चिह्नित कर वहां ट्रैफिक पुलिस के अलावा सिविल पुलिस के दो दरोगा और चार सिपाही को रोजाना दो शिफ्ट में तैनात करने का निर्देश दिया है। 1

पुलिस आयुक्त ने सोमवार को बताया कि चिह्नित 20 प्वाइंट पर अलग से तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मी सुगम यातायात में ट्रैफिक पुलिस की मदद करेंगे। संबंधित क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त और थानाध्यक्ष दिन में दो बार चिह्नित स्थान का भ्रमण कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग करेंगे। चिह्नित स्थान से 200 मीटर तक नो व्हीकल जोन और नो पार्किंग के साथ ही यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि वहां अतिक्रमण न हो।

उन्होंने बताया कि चिह्नित स्थानों पर 20-20 स्थानीय दुकानदारों / निवासियों की ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के सदस्य जाम लगने पर तत्काल संबंधित थानाध्यक्ष और यातायात हेल्प लाइन नंबर 7317202020 पर फोटो के साथ सूचना देंगे।

चिह्नित स्थलों के सीसी फुटेज की थानों पर लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्त / अपर पुलिस उपायुक्त समय-समय पर चिह्नित चौराहों का भ्रमण कर एक्शन प्लान का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे।

इन 20 स्थानों पर तैनात होंगे अतिरिक्त पुलिसकर्मी

ककरमत्ता पुल, भिखारीपुर तिराहा, सुंदरपुर चौराहा, बीएचयू गेट, नगवा चौराहा/बीएचयू ट्रॉमा सेंटर चौराहा, सामने घाट पुल, टेंगरा मोड़, रामनगर चौराहा, सूजाबाद/पड़ाव चौराहा, राजघाट से नमो घाट तक, रेलवे क्रॉसिंग आदमपुर, भदऊं चुंगी रेलवे डॉट पुल, गोदौलिया चौराहा, रामापुरा चौराहा, बेनियाबाग तिराहा, गुरुचाग तिराहा, रथयात्रा चौराहा, मैदागिन चौराहा, नीमामाई तिराहा, कचहरी चौराहा।

यातायात पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा ओआरएस

गर्मी को देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक हृदेश कुमार ने जिले के सभी पुलिसकर्मियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। साथ ही पुलिसकर्मियों को गर्मी में बचाने के लिए छाता, चश्मा और ओआरएस का घोल वितरित किया जाएगा। ताकि चौराहों पर उन्हें परेशानी न हो। यातायात निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को 150 चश्मा, 150 छाता और ओआरएस घोल वितरित किए जाएंगे। अभी तक 125 चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

लू की चपेट में यूपी का अधिकांश हिस्सा, जारी हुआ येलो अलर्ट

लखनऊ , एजेंसी।मौसम में पूरी तरह से गर्मी आ चुकी है। अप्रैल के महीने में मई और जून जैसे हालात हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बीते दो दिन से पारे में मामूली सी गिरावट हो रही है, लेकिन ये अस्थायी है, क्योंकी सामान्य तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। मंगलवार को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चल सकती है, जबकि बुधवार से पूरे प्रदेश में तापमान में कम से कम दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। बुधवार को कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन के तापमान में दो डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है। सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, बाराबंकी, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, बस्ती, झांसी, उरई,हमीरपुर में पारा 40 या इससे अधिक रहा। वहीं रात का पारा 20 डिग्री से 29 डिग्री के बीच रहा। सर्वाधिक गरम रात बुलंदशहर में रही।

लू को लेकर येलो अलर्ट- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

एक क्लिक पर दिखेंगी 5 लाख किताबें, वाराणसी में 24 हजार पुस्तकें हुई ऑनलाइन

वाराणसी, एजेंसी। अब पुस्तकालयों के रैक और अलमारी में किताबें ढूंढने में घंटों समय जाया करने की जरूरत नहीं। बस एक क्लिक पर आपकी मनपसंद किताब आपके सामने होगी। यह सब कुछ ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर किताबों का ब्योरा ऑनलाइन होने से संभव होगा। ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक पुस्तकों की पहुंच सुलभ कराने के मकसद से प्रदेशभर के पुस्तकालयों की किताबों को ऑनलाइन किया जा रहा है।

पुस्तकालयों को एनआईसी से विकसित ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर अपलोड करने के काम को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले चरण में प्रदेशभर के सरकारी पुस्तकालयों की पांच लाख पुस्तकों को ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन कर एक साथ लॉन्च करने की तैयारी है। चुनाव संपन्न होने के बाद इसकी लॉन्चिंग की जाएगी। वाराणसी जिला पुस्तकालय की 24 हजार पुस्तकों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

एक साथ ऑनलाइन करेगी सरकार- प्रदेशभर के सरकारी पुस्तकालयों की किताबों का विवरण सॉफ्टवेयर पर अपलोड होने के बाद सरकार उसे एक साथ लॉन्च करेगी।



विभागीय अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ से दो महीने में प्रदेशभर के पुस्तकालयों की पुस्तकों के सॉफ्टवेयर पर अपलोड हो जाने की उम्मीद है। जून-जुलाई तक ई-सॉफ्टवेयर पर अपलोड किताबों को पाठकों के लिए ऑनलाइन कर दिया जाएगा।

सॉफ्टवेयर पर पुस्तकों का नाम, लेखक, अलमारी संख्या, रैक संख्या और क्रम का विवरण अपलोड किया जा रहा है। पाठक को सिर्फ किताब का नाम डालते ही लाइब्रेरी में उसकी अलमारी और रैक संख्या का पूरा विवरण स्क्रीन पर आ जाएगा। इससे किताब ढूंढने में समय जाया नहीं करना पड़ेगा। जिला पुस्तकालय की कुल 34 हजार पुस्तकों में से 10 हजार पुस्तकें ग्रामीण पुस्तकालयों को आवंटित कर दी गई हैं। यहां 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं की सदस्यता है। इसी तरह अन्य जिलों के पुस्तकालयों में उपलब्ध किताबों का विवरण भी सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जा रहा है।

सीएम योगी बोले, दादी से लेकर पोते तक गरीबी हटाओ का नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंक रहे कांग्रेसी

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1977 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन जनता को शौचालय और आवास तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाईं। दादी से लेकर पोते तक अब फिर से वही नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंका जा रहा है। इस बार जनता को उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक राज किया लेकिन देश के 50 करोड़ लोगों के पास बैंक अकाउंट तक नहीं थे। करोड़ों लोगों को इलाज के लिए सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं। अगर करोड़ों गरीबों को मुश्किल जिंदगी गुजारनी पड़ी है तो इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में पाालिटिक्स आफ परफार्मेंस की शुरुआत हुई। गरीबों को बिना किसी

भेदभाव के राशन और सुविधाएं मिलनी शुरू हुईं। गरीब जनता को गैस सिलेंडर के कनेक्शन दिए गए। बिजली के कनेक्शन दिए गए और देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। ये सब डबल इंजन की सरकार में संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में जब यूपी में भाजपा की सरकार बनी तो पाया गया कि प्रदेश में 30 लाख से ज्यादा फेक राशन कार्ड थे। इसकी जांच अभी भी चल रही है। सपा सरकार में गरीबों का राशन सपा नेता और इनके द्वारा पोषित माफिया खा जाते थे।

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में जनता को अब राशन मिल रहा है। प्रदेश में 80 हजार से ज्यादा राशन की दुकानों पर ईपॉस मशीनें लगाई गई हैं। राशन की डोर स्टेप डिलीवरी हो रही है। ये पॉलिटिक्स आफ परफार्मेंस का असर है।

फिर एक बार मोदी सरकार... अबकी बार 400 पार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले चरण का मतदान हो चुका है अभी छह चरणों का मतदान और होना है। देश की जनता पीएम मोदी के काम पर मतदान करेगी। देश में फिर मोदी सरकार बनेगी और भाजपा 400 सीटें प्राप्त करेगी।

बागपत लोकसभा सीट: जातीय गुणा-भाग में जीत की चाबी पिछड़ों के पास, इस बात पर दिया जा रहा फोकस

बागपत , एजेंसी। लोकसभा सीट पर चुनाव पूरी तरह से जातीय समीकरणों में उलझ गया है। सभी दलों के प्रत्याशी अपने कोर वोटर के साथ ही अन्य बिरादरी को अपने पक्ष में करने पर ज्यादा जोर लगा रहे हैं, मगर अभी किसी को कामयाबी मिलती नहीं दिख रही है।

हालत यह है कि किसी भी प्रत्याशी जातीय गणित सिरे नहीं लग रहा है। यह जरूर है कि पिछड़ों का रुख काफी अहम है। पहले चरण से सबक लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है।

रालोद-भाजपा प्रत्याशी डा. राजकुमार सांगवान को जाटों में बिखराव नहीं होने की उम्मीद है, लेकिन मुस्लिम वोटर रालोद से इस बार छिटक गया है। मुस्लिमों का रुख सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ दिख रहा है। सपा का कोर वोटर कहे जाने वाले यादव में ज्यादा बिखराव नहीं है।

इस गठबंधन के प्रत्याशी अमरपाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में मतबूत पकड़ मानी जाती है। बसपा से गुर्जर प्रत्याशी प्रवीण बंसल भी जातीय समीकरण बिगाड़ते दिख रहे हैं। इस तरह चुनाव पूरी तरह पिछड़ों पर आकर टिकता नजर आ रहा है।

वोटरों का जातीय आंकड़ा- बागपत लोकसभा सीट पर कुल 16 लाख 56 हजार 648 मतादता हैं। इनमें मुस्लिम वोटर सबसे ज्यादा करीब चार लाख हैं। जाट वोटर करीब साढ़े तीन लाख हैं। ब्राह्मण करीब डेढ़ लाख और गुर्जर वोटर सवा लाख हैं। इसके अलावा दलित करीब एक लाख 80 हजार, कश्यप करीब एक लाख, राजपूत करीब एक लाख हैं।

बैठते ही शुरू हो रही चुनाव की चर्चा - बागपत के बाजार में सोनीपत बस स्टैंड के पास बैठे लोगों की चुनाव को लेकर बातचीत हो रही थी। वहां बैठे शफीक सलमानी बोले कि इस बार बागपत में बदलाव जरूर होगा और इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी ज्यादा बेहतर है। तभी अश्वनी तोमर उनको आगे बोलने से रोक देते हैं। तपाक से बोले कि रालोद-भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी को ज्यादा समर्थन मिल रहा है।

शफीक सलमानी ने तभी कहा कि पहले रालोद व भाजपा वाले एक-दूसरे को खूब कोसते थे तो अब भाजपा वाले वोट कैसे देंगे। इस बीच विनोद शर्मा ने इंडिया गठबंधन की पैरवी करनी शुरू कर दी तो व्यापारी विक्की चौधरी ने पूरा चुनावी गणित बताकर रालोद-भाजपा प्रत्याशी की पैरवी कर दी। इस तरह ही बागपत के पुराने कस्बे में कुपेश्वर मंदिर के पास दोनों वर्गों के लोगों में एक साथ बैठकर चुनाव पर बातचीत चल रही थी।

छपरौली व मोदीनगर पर भी टिकी सभी की नजर- मोदीनगर विधानसभा सीट पर ब्राह्मण वोटर काफी हैं। अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी ब्राह्मणों के वोट हैं। इसके मद्देनजर सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेला है। छपरौली जाट बाहुल्य है। इसे रालोद का गढ़ भी माना जाता है। ऐसे में इन दोनों विधानसभाओं पर हर किसी की नजर टिकी हुई है।

नगीना लोकसभा: गुणा-भाग में उलझे प्रत्याशियों के समर्थक राजनीति के दिग्गज भी नहीं समझ पा रहे जनता का मूड

बिजनौर, एजेंसी। प्रदेश की चुनिंदा हॉट सीट में शामिल हुई नगीना सीट पर शुक्रवार को हुए मतदान में जनता ने किस प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा बांधा है, इसकी गुणा भाग करने में सभी प्रत्याशी व उनके समर्थक पूरी तरह उलझे हुए हैं।

नगीना का सांसद कौन बनेगा इसका पता तो चार जून को पता चलेगा। आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद के नगीना सीट पर खुद उतर जाने के बाद प्रदेश की चर्चित सीटों में शामिल हुई नगीना सीट पर मतगणना के बाद क्या रुझान आया, यह जानने के लिए दूर-दूर से लोग अपने नगीना में रहने वाले परिचितों को फोन कर जानकारी जुटा रहे हैं। मतदान के दिन नगीना की जनता ने किसी एक पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में सर्वाधिक मतदान किया या जनता का मूड बंटा-बंटा रहा, इस बारे में कोई राजनीतिक जानकार पक्का दावा नहीं कर पा रहा है। एक तरफ जहां भाजपा समर्थक मुस्लिम व दलित वोटों में बंटवारा होने का दावा करते हुए अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे हैं, वही आसपा के समर्थक अपनी जीत से कम कुछ भी मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। उधर समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के समर्थकों का दावा है की शोर

चाहे किसी भी पार्टी का मचता रहे लेकिन जीत उन्हीं की होगी क्योंकि जनता ने उनके पक्ष में एकतरफा मतदान किया है।

मतदान हुए तीन दिन बीत गए हैं लेकिन नगीना के हर प्रमुख चौराहों, गली मोहल्ले व चाय की दुकान पर लोग जीत-हार की गुणा भाग करने में दिन भर लगे हुए नजर आ रहे हैं।

कोई मुस्लिम व दलित वोटों के अधिक मतदान होने के सहारे, तो कोई इन दोनों वर्गों के कम मतदान होने की बात का दावा करते हुए अपने-अपने जीत के सपने संजोए रहा है। सभी पार्टियों के समर्थकों के अपने-अपने दावे हैं, देखना होगा की मतगणना के दिन किसके दावे हकीकत में तब्दील होते हैं। नगीना सीट का परिणाम विभिन्न पार्टियों के कई दिग्गज नेताओं के राजनीतिक भविष्य को भी तय करेगा। एक तरफ चुनाव परिणाम पर जहां समाजवादी पार्टी के नगीना व नजीबाबाद सीट से तीन-तीन बार के विजेता विधायक मनोज पारस व तस्लीम अहमद की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है, वहीं भाजपा प्रत्याशी व नहटौर विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक ओम कुमार का राजनीतिक भविष्य भी इस चुनाव परिणाम पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

आजाद समाज पार्टी के लिए तो इस सीट का परिणाम बहुत मायने रखता है। वजह साफ है, इस सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद खुद प्रत्याशी बने हुए हैं तथा पार्टी ने पूरे देश में सिर्फ इस सीट पर ही चुनाव लड़ा है। ऐसे में इस सीट का चुनावी परिणाम पार्टी की दशा व दिशा दोनों को तय करेगा।

एक नजर

संदिग्ध स्थिति में मिला महिला का शव

सहरसा (नि.सं.)। सहरसा के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र में दहेज के लिए हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बराही गांव वार्ड संख्या 14 में 22 साल की महिला का शव घर में फंदे से लटकता हुआ मिला है। मृतका की पहचान गांव के निवासी सुमन कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दो साल पहले उसकी शादी सुमन के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। खुशबू को एक 6 महीने का लड़का भी है। उसका मायका मधेपुरा जिला के धनछोहा गांव में है। वहीं मृतिका के भाई राकेश कुमार की माने तो पिछले 10 दिन से उसकी बहन के साथ दहेज के लिए ससुराल के लोग मारपीट कर रहे थे। इसको लेकर उसकी बहन बार बार कॉल भी करती थी। सोमवार की रात जब कॉल आया तो जल्दी आने की बात कही गई। जब उसके ससुराल पहुंचे तो देखे कि बहन फंदे लटकी हुई है। डेढ़ साल से बहनोई पैसे की मांग कर रहे थे। हर वक्त पैसा देने की बात करते थे। हम लोग हर बार समझा बुझाकर बहन को बोलते थे कि रहे सब ठीक हो जाएगा। मंगलवार को उसकी मौत हो गई, इन लोगों ने उसको मार दिया। पुलिस और प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करे और सजा दे। वहीं बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इसके बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

नहर में कार गिरने से दूल्हे का टूटा जबड़ा, मामा सहित आठ लोग घायल

मधुबनी (नि. सं.)। मधुबनी में रविवार की रात दूल्हे की कार नहर में पलट गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। गाड़ी (स्कॉर्पियो) में करीब 10 लोग सवार थे। हादसा दुल्हन के घर से महज तीन किमी पहले हुआ। दूल्हा 30 किमी का सफर कर शादी रचाने के लिए आ रहा था। मंजिल पास में ही थी कि दुर्घटना हो गई। दूल्हा मंडल की जगह अस्पताल पहुंच गया। हादसे में उसका जबड़ा टूट गया है। चेहरे पर 21 स्टिच लगे हैं। उसे डीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद एकडारा (फुलपरास) में मांगलिक कार्य रुक गया। लड़की के घर बज रही शहनाई बंद हो गई। घटना एकडारा गांव के बीच नहर के समीप की है। कोईलख गांव से एकडारा के लिए सैकड़ों बाराती और गाजे-बाजे के साथ निकले थे। 30 किमी का सफर था। घायलों की पहचान दूल्हा दिवाकर साहू, दुल्हा का मामा मोहन साहू, मोहन साहू की पुत्री 14 वर्षीय आराध्या गुप्ता, सुधीर कुमार गुप्ता की 11 वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी है। इसके अलावा 4 अन्य घायलों में 18 वर्षीय वर्षा कुमारी, 17 वर्षीय शिवानी कुमारी, 13 वर्षीय दुर्गेश कुमार और 13 वर्षीय रोशन कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार शुरू किया।

दो ट्रकों की टक्कर में दो लोग हुए घायल

किशनगंज (नि. सं.)। किशनगंज से सटे सीमा क्षेत्र से एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें 2 ट्रकों के बीच टक्कर में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जहां सीमा में तैनात जवानों ने दोनों घायलों बचाया। धनतोला-रसखोवा मुख्य मार्ग सोलपाड़ा के समीप दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहनों के पड़खच्चे उड़ गए। साथ ही हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही सीमा में तैनात 72वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवान घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। मौके पर पहुंचे जवानों ने दोनों घायलों को बीएसएफ के वाहन से लौधान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया है। जहां अस्पताल में तैनात डॉक्टरों की मौजूदगी में दोनों घायलों का इलाज जारी है। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस अग्रेसर कार्रवाई में जुट गई है।

अपराधियों ने युवक को मारा चाक, हालत गंभीर

समस्तीपुर (नि.सं.)। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाने के पकरीडीह गांव में सोमवार की रात पंजाब से मित्र की शादी में भाग लेने पहुंचे एक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक पंजाब के साजेवाल का रहने वाला राजेंद्र साह का बेटा पवन कुमार है। जख्मी युवक को लोगों ने देर रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देख PMCH रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में पकरीडीह गांव के किशन कुमार ने बताया कि वह पंजाब में रहकर मजदूरी करता है। उनके छोटे भाई बलिराम की आज शादी थी। शादी समारोह में भाग लेने के लिए उसका दोस्त पवन पंजाब से आया था। किशन ने बताया कि दोपहर में जब पवन पंजाब से आया था कि गांव में शराब के नशे में धुत युवकों से विवाद हो गया था, लेकिन लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। रात बारात जाने लगी इसी दौरान 5-6 की संख्या में आये युवकों ने पवन को घेर लिया और सिर में पीछे से चाकू मार दिया। पवन के चीखने-चिल्लाने पर लोग जुटे, तो सभी युवक फरार हो गए। बाद में युवक को परिवार के लोग कल्याणपुर पीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से सदर अस्पताल भेजा गया गया। देर रात लोग जख्मी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में भी पवन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। रात में ही जख्मी के मित्र के परिवार वाले उसे लेकर पटना रवाना हो गए। सदर डीएसपी -2 विनय महतो ने बताया कि शादी के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई है। जख्मी युवक पंजाब का रहने वाला है। वह अपने मित्र की शादी में आया था। उसे परिवार के लोग उपचार के लिए ले गए हैं। युवक का अभी बयान नहीं आया है। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी होगी।

दूसरे को ट्रक ने रौंदा, ट्रक को जब्त

दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत, दो घायल

निज संवाददाता

सुपौल। सुपौल जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो बुजुर्ग व्यक्तियो की मौत हो गई। इसके अलावा एक चालक समेत 9 साल का किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना सुपौल सरायगढ़ एनएच-327 ई मुख्य मार्ग की है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ड्राइवर समेत एक 9 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से जख़्मी हो गया। जो इलाजरत है।बता दें कि मृतक 50 वर्षीय बड़ेलाल ठाकुर मधुबनी जिला अंतर्गत झोहरी पंचायत के पिपराही गांव वार्ड-13 निवासी हैं। घायलों में 9 वर्षीय आशीष ठाकुर और 30 वर्षीय गोविंद शाह मधुबनी जिले के पिपराही गांव निवासी हैं। इनका इलाज दरभंगा के डीएमसीएच में चल रहा है। मृतक बढ़ई का कार्य गांव में किया करते थे। मृतक के बेटे सतेंद्र ठाकुर ने कहा कि सुपौल में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सुबह कार से घर लौट रहे थे। कार की रफ्तार ज्यादा थी। सुपौल सरायगढ़ मुख्य मार्ग एनएच 327 ए पर महीपट्टी के समीप कार पलट गई। हादसे में पिता की मौत हो गई। जबकि चालक और भतीजा जख्मी हो गया। किशनपुर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने कहा कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। दूसरी घटना राघोपुर थाना अंतर्गत सहरसा बीरपुर-106 मुख्य मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय छुतहरू यादव पिपरा थाना इलाके के देवी पट्टी वार्ड नंबर 10 निवासी के रूप में हुई है। मृतक के भतीजा रामचंद्र यादव ने बताया कि मेरे चाचा छूतहरू यादव अपने बेटी के सुसराल राघोपुर थाना इलाके के तीन तोलिया में रविवार को गए थे। जहां से वो सोमवार की दोपहर पैदल बस पकड़ने एनएच 106 पर जा रहे थे। इसी दौरान पिपरा की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में वे जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने राघोपुर रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट कराया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मधेपुरा के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। राघोपुर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

निज संवाददाता

गोपालगंज। गोपालगंज में महम्मदपुर थाना क्षेत्र के झंझवा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार चाचा-भतीजा की सोमवार की देर शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है। मामले की जांच में जुट गई है। महम्मदपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी बलिस्टर राम और उनके भतीजा राकेश कुमार एक बाइक पर सवार होकर महम्मदपुर बाजार में किसी काम से गए थे। इसी बीच वापस लौटने के क्रम में झझवा गांव के समीप एनएच-27 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दोनों चाचा-भतीजा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर महम्मदपुर थाना के दारोगा मोहन कुमार निराला अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और इसकी जानकारी परिजनों को दी। हादसे के बाद महम्मदपुर थाना की पुलिस अज्ञात वाहन की खोजबीन करने में जुट गई है। दारोगा मोहन कुमार निराला ने बताया कि अज्ञात वाहन से धक्का लगने की जानकारी मिली है। फिलहाल दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

आठ प्रत्याशी मैदान में, डीएम ने किया चुनाव चिह्न आवंटित

निज संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इस बार 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। नाम वापसी की तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। एक भी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम विजय प्रकाश मीणा ने समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि 12 से 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र दायर करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान 15 उम्मीदवारों ने 22 सेट में नामांकन दाखिल किया। 20 अप्रैल को समीक्षा के बाद 7 लोगों का नामांकन पत्र निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार नहीं होने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया था। इसके बाद बाकी बचे आठ लोगों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि तीन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के उम्मीदवार को चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। इसमें जदयू के दिनेशचंद्र यादव को तीर का निशान, राजद के डॉ कुमार चंद्रदीप को लालटेन, बसपा के मो अरशद हुसैन को हाथी चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। इसके अलावा अन्य प्रत्याशियों को भी चुनाव आवंटित किया गया। इसमें युवा क्रांतिकारी पार्टी के अजबलाल मेहता को तरबूज, समझदार पार्टी के उच्चेश्वर पंडित को बल्ला, भारतीय जनक्रांति दल (डेमोक्रेटिक) के कामेश्वर यादव को मोतियों का हार, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के जवाहरलाल जायसवाल को बैट्री टॉर्च और आदर्श मिथिला पार्टी के सुरेश्वर पौद्दार को गैस का चुल्हा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। बता दे कि मधेपुरा में 7 मई को मतदान होगा। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 20 लाख 73 हजार 587 है। इसके लिए टीपी कॉलेज और बीएनएमयू नॉर्थ कैंपस में ईवीएम डिस्पैच सेंटर बनाया जाएगा। वहीं ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम और रिसीविंग सेंटर के लिए बीएनएमयू के नॉर्थ कैंपस को चिह्नित किया गया है। जहां पर आलमनगर, बिहारीगंज, मधेपुरा, सोनबरसा, सहरसा और महिषी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के बाद ईवीएम को रखा जाएगा।

तबरेज हत्या कांड का नामजद गिरफ्तार

निज संवाददाता

मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)। मोतिहारी पुलिस ने तबरेज हत्याकांड के एक नामजद अभियुक्त को कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि 29 मार्च को कब्रिस्तान से दुआ मांग कर निकल रहे अपराधी तबरेज की गोली मार हत्या की गई थी। कांड के नामजद अभियुक्त अभिनानन्द को हरसिद्धि अरेराज रोड में देखा गया है। जिसके बाद इसकी सूचना एसपी कांतेश मिश्रा को दी गई। अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। जिसके बाद हरसिद्धि थानाध्यक्ष नवीन कुमार सघन वाहन जांच कर तबरेज हत्या कांड के नामजद अभियुक्त को एक कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। तबरेज कब्रिस्तान में अपने मां पापा के मजार से दुआ मांग कर निकल रहा था, इसी दौरान बाइक सावर अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी, जब तक उसे मोतिहारी में भर्ती कराया जाता तब तक उसकी मौत हो गई। उसके बाद उसकी पत्नी नूर सबा खातून ने हरसिद्धि थाना में आवेदन दे कर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के अभिनंदन कुमार सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाया था। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभिनंदन को गिरफ्तार कर लिया।

प्रेम-प्रसंग में एक छात्र की गला रेतकर हत्या, रेलवे ट्रैक पर मिला शव, पंचायत ने मिलने से किया था मना

निज संवाददाता

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में एक छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। छात्र का गांव की लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से न मिले इसके लिए 4 बार पंचायती भी हुई थी। जिसमें कहा गया था कि लड़का फिर से लड़की से मिलने की कोशिश करेगा तो उसकी खैर नहीं। रविवार की रात गांव में शादी थी। जिसमें दोनों शामिल हुए थे। दोनों आपस में मिले या नहीं ये किसी ने नहीं देखा। मृतक के परिजन घर पर उसका इंतजार करते-करते सो गए। सुबह जब सभी उठे तो मृतक अपने बेड पर नहीं था, वो घर नहीं लौटा था। खोजबीन शुरू की गई तो उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर मिली। घटना नगर थाना क्षेत्र के अमघट्टा गांव की है। मृतक की पहचान अमधट्टा शैलेश स्थान के

पास का रहने वाले शिवा पासवान के बेटे धीरज पासवान (18) के रूप में की गई है। वो इंटर का स्टूडेंट था। स्थानीय लोगों ने बताया कि धीरज पासवान का इसी गांव के रहने वाली लड़की से लगभग 2 सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मृतक धीरज की मां मरछिया देवी ने कहा कि रविवार की रात गांव में चार जगह पर बारात आई थी। जिसमें लंबू राय की लड़की की शादी में धीरज डांस कर रहा था। उसी शादी में लड़की भी आई हुई थी। हम लोग खाना खाकर सो गए। सुबह जब आंख खुली तो उसे घर में न देखकर उसकी खोजबीन शुरू की। थोड़ी ही देर में पता चला कि एक शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। मौके पर गए तो देखा कि धीरज पासवान की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। डीएसपी सदर रामकृष्णा, डीएसपी ट्रैफिक दीपक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सब इंस्पेक्टर सोनम कुमारी उदय कुमार, नगर थाना अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। डीएसपी सदर रामकृष्णा ने बताया कि हत्या के बाद लाश ट्रैक पर फेंक दिया गया है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन के आवेदन दिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है। नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले को लेकर मृतक के पिता शिवा पासवान ने चार लोगों को अभियुक्त बनाया है। जिसमें लड़की के पिता शत्रुघ्न राय, चंदेश्वर राय मनोज राय, लक्ष्मी राय इसके अलावा अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से लगी आग, लाखों का नुकसान, कड़ी मशक्कत से आग पर पाया काबू

निज संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर जिले के जोकसर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कॉलोनी में सोमवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग अंबेडकर नगर कॉलोनी स्थित तीन मंजिला मकान के तीसरे तल्ले पर लगी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान हादसा हुआ। इसी दौरान धीरे-धीरे आग ने भयावह रूप ले लिया और सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की। लेकिन घंटों बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। देखते ही देखते तीसरे तल्ले पर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, जिसके बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया

गया। घटनास्थल से सटे आबकारी विभाग का कार्यालय है, जहां भंडारण किए गए शराब को मालखाने में रखा जाता है। आग लगने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद फायर ब्रिगेड के साथ स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने में काफी मदद किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान छोटे सिलेंडर से चिंगारी निकली, जिसके बाद पास में रखे सामान में आग पकड़ लिया और खाना बना रही महिला जब तक परिजनों को इसकी जानकारी देती, तब तक आग ने भयंकर रूप ले लिया था। बताया जा रहा है कि छोटे सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने के कारण आग और ज्यादा बढ़ गया। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना बजरंगी दास के घर का है। घर में उनके तीन बेटे रहते हैं तीनों गुपचुप बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं।

वोट बहिष्कार की बात पर गांव पहुंचे बीडीओ और सीओ

मधेपुरा (नि.सं.)। मधेपुरा सदर प्रखंड के मानिकपुर में मंगलवार को ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार को लेकर उनसे बात करने बीडीओ अखिलेश कुमार और सीओ केशिका कुमारी पहुंचे। अधिकारियों ने गांव के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा। इसके साथ ही रेलवे प्रशासन से बातचीत कर जल्द ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा। वहीं काफी देर तक बात करने के बाद लोगों ने अधिकारियों को वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस लेने की बात कही। बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों से बातचीत सफल रही। सभी ने वोट देने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि रास्ते की मांग को लेकर लोगों ने लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का ऐलान किया था। मानिकपुर वार्ड संख्या एक, दो और तीन के लोगों का कहना है कि एनएच-107 पर जाने के लिए रेलवे ट्रैक को पार करना पड़ता है। वहां तक की दूरी 300 मीटर है।

बंद घर का ताला तोड़कर एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी

निज संवाददाता

पटना। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात चोरों ने थाना क्षेत्र के बीबीगंज भट्ठा रोड स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर एक लाख से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर के तीन कमरों को आराम से खंगाला और फिर चोरी की। घर पर ताला बंद कर पूरा परिवार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शादी समारोह में शरीक होने गया था। इस संबंध में गृहस्वामी ई रिक्शा चालक बमबम कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। बमबम ने बताया कि गोरखपुर मेरी पत्नी की मौसेरी बहन की बेटी की शादी थी। वो 20 अप्रैल को घर पर ताला लगाकर गए थे। मंगलवार की सुबह पूरे परिवार के साथ घर लौटा तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कुंडी में लटकाया हुआ है। जब घर के अंदर दाखिल हुआ तो पाया की घर के अंदर के तीनों कमरे का ताला टूटा हुआ है। बमबम के अनुसार, जब कमरे के अंदर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदरेज व आलमीरा का भी लॉक टूटा हुआ था।

अगलगी की घटना को लेकर फायर ब्रिगेड की टीम सतर्क

निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में इन दिनों लागातार आगलगी की घटना घटी रही है। इसको लेकर जिला अग्निशमन टीम ने जिले में होने वाले मेले के आयोजन को लेकर एक दिशा निर्देश जारी किया है। ताकी अगलगी की घटनाओं पर काबू पा सके है। जिले में मेले के आयोजन स्थल पर अगलगी की घटना में बचाव को लेकर उपयोग होने वाला उपकरण होना अनिवार्य है। उन्हे यह दिशा निर्देश को मानना होगा। इस दिशा-निर्देश के हिसाब से मेले का आयोजन करना होगा। निर्देश के उल्लंघन करने वाले कड़ी करवाई करने की बात कही गई। अग्निशमन की टीम मेला स्थल पर जा कर सारी चीजों की जांच करेगी, ताकि अगलगी की घटना होने पर किसी प्रकार की क्षति न हो। इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की भी अपील की है। जिला अग्निशमन विभाग के समादेष्टा त्रिलोक नाथ झा ने बताया कि जिले में लगातार अगलगी की घटना घटी रही है।

श्री राम हनुमान मंडल सालासर धाम मे धूम धाम से मनाया जा रहा हनुमान जन्म उत्सव

महावीर जयंती पर 111 महिलाओ के द्वारा किया जा रहा सुंदर काण्ड पाठ एवं 31 घंटे का ज्योत जागृत

निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में प्रभु हनुमान का श्रद्धा भक्ति के साथ मंगलवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर सिकंदरपुर स्थित श्री राम हनुमान मंडल सालासर धाम मे धूम धाम से हनुमान जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर को पूरे तरीके फूल की माला से सजाया गया है। हनुमान जन्म उत्सव पर 111 महिलाओ के द्वारा सुंदर काण्ड पाठ सामूहिक रूप से किया जा रहा है। मंदिर में 31 घंटे का ज्योत जागृत किया गया। जिसको लेकर भक्तो विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई है। सुबह से पूजा पाठ की तैयारी

की गई है। सुंदर कांड के पाठ के बाद लघु भंडारा भी होंगे।इस दौरान श्रद्धालु राम लला के प्रत्यक्ष प्रतिमा को घर-घर पहुंचने के लिए जुट गए है। शाम के समय में महा आरती की जायेगी। राम हनुमान के मंडल अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने बताया की हमलोग में हनुमान जी महाराज का 51वां जन्म उत्सव मना रहे है। इस दौरान 111 महिलाओ के द्वारा सुन्दर काण्ड किया जाए रहा है। सुबह से लोग पूजा पाठ करने के मंदिर आ रहे है। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाए। जिसमे बड़ी संख्य में भक्त जुटेंगे। पांच सौ साल बाद राम लला की स्थापन हुई है जिसको लेकर हमलोग उनकी प्रत्यक्ष प्रतिमा को हर घर पहुंचने का काम करेंगे। भरत अग्रवाल (अध्यक्ष), पंकज पटवारी (महामंत्री), विकास पोद्दार (कोषाध्यक्ष), गणेश पोद्दार(संयोजक), पंकज मित्तल, बिनोद अग्रवाल, रोहित पोद्दर, विजय शर्मा, राजेश बँका, संजय अग्रवाल, संतोष टिबरेवाल, आशीष सर्राफ़, पवन चंडक, राकेश शर्मा, परमानंद शर्मा, मनोज अग्रवाल, अशोक नमानी, गौरीशंकर तुलस्यान, अनिल धनधारिया, राम जी, ब्रजेश चौधरी, आदित्य बँका, विकास केजड़ीवाल, मारुति मित्तल, कृष्णा बँका, अविनाश सर्राफ़ आदि उपस्थित रहे।

अरामदायक होगा भागलपुर-दानापुर जनसेवा व वनांचल एक्सप्रेस का सफर

अरामदायक होगा भागलपुर-दानापुर जनसेवा व वनांचल एक्सप्रेस का सफर

निज संवाददाता

भागलपुर। जनसेवा व वनांचल एक्सप्रेस का सफर पहले से अधिक सुरक्षित व आरामदायक होगा। भागलपुर जंक्शन से चलने वाली इन तीनों ट्रेनों के साथ-साथ इस रूट से गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों से इंटीग्रल (आइसीएफ) कोच को हटाकर उसमें एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोच लगाए जाएंगे। रेल प्रशासन इसकी कवायद में जुट चुका है। ट्रेनों में एलएचबी कोच लगने से स्लीपर से एसी तक की बागी में छह से आठ सीटें बढ़ जाएंगी। किऊल और भागलपुर-दुमका-बांका रेलखंड के यात्रियों को आवाजाही में सहूलियत होगी। एलएचबी रैक के जुड़ते ही ट्रेन के हरेक स्लीपर कोच में सीटों की संख्या 72 से बढ़कर 80, एसी टू कोच में 48 से बढ़कर 54 और एसी थ्री में 64 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, एलएचबी कोच के जुड़ने से सीटों की संख्या तो बढ़ेगी ही, ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना भी कम हो जाएगी। खुदा न खास्ते अगर कभी हादसा हो भी गया तो यात्रियों को नुकसान नहीं के बराबर होगा। विक्रमशिला एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में एलएचबी कोच लगे हैं। भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी में एलएचबी कोच लगाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मुख्यालय से जल्द रैक उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर तक चलने वाली जनसेवा एक्सप्रेस सहित भागलपुर स्टेशन से खुलने और इस रास्ते होकर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जल्द एलएचबी कोच जोड़कर चलाने की योजना पर काम चल रहा है। लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोच स्टेनलेस स्टील से बने होते हैं, इसलिए वे इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) कोचों की तुलना में हल्के और मजबूत होते हैं। कोच को 160 किमी/घंटा तक की परिचालन गति के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह 200 किमी/घंटा तक जा सकता है।

गुरुजी को मिला एक और नया टास्क, पढ़ाने के साथ करेंगे यह भी काम

निज संवाददाता



भागलपुर। स्कूल के शिक्षक और प्रधानाचार्य हर दिन नियमित रूप से पाठ्य पंजी भरेंगे। साथ ही साथ स्कूलों में चल रही मिशन दक्ष के विशेष कक्षाओं के संचालन की पंजी को हर रोज भरकर विभाग को भेजना अनिवार्य है। इसे गंभीरता से लेंगे। यह बातें शिक्षा विभाग के निर्देश पर सोमवार को भागलपुर पहुंचे एमडीएम के डिप्टी डायरेक्टर बालेश्वर प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने गोराडीह प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मध्य विद्यालय गोवर्धनपुर में निरीक्षण के दौरान वहां के उपस्थिति पंजी और मिशन दक्ष पंजी की जांच की। इसके अलावा उन्होंने मध्य विद्यालय समरसपुरप में बच्चों के साथ एमडीएम का स्वाद भी लिया और खाने के गुणवत्ता की जांच भी की। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने मध्य विद्यालय अगरपुर, प्रन्नोत मध्य जिच्छो, प्राथमिक विद्यालय बाघमारा में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, मिशन दक्ष, बच्चों की उपस्थिति, एमडीएम भोजन की गुणवत्ता आदि का निरीक्षण किया।

राजनीतिक गतिविधि में शामिल शिक्षक पर कार्रवाई का निर्देश

इधर, किशनगंज के मध्य विद्यालय अंडाबाड़ी शिक्षक हसनैन आलम ठाकुरगंज प्रखंड के राजनैतिक गतिविधि में भाग लेने एवं किसी विशेष राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ठाकुरगंज उपलब्ध करवाएंगे। डीईओ मोतीउर रहमान ने बताया कि 21 अप्रैल को जिलाधिकारी द्वारा वाट्सएप के माध्यम से ठाकुरगंज प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय अंडाबाड़ी शिक्षक हसनैन आलम राजनैतिक गतिविधि में भाग लेने एवं किसी विशेष राजनैतिक दल के पक्ष में मंच से भाषण देने का वीडियो उपलब्ध कराया गया है, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म और फेसबुक पर उपलब्ध है।

लड़की के विवाह की रस्म का बनाया वीडियो तो हुआ बवाल, जमकर हुई मारपीट

निज संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। परबत्ता थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में लड़की की शादी के रस्म का वीडियो बनाने पर महिलाओं ने आपत्ति जताई। इससे भड़के दूसरे पक्ष के लोगों ने महिलाओं पर भूसा फेंक दिया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में जमकर बवाल हो गया। बात फैलते ही जमुनिया गांव के लोगों ने लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर भी चले। जिसकी चपेट में आने से मनीष कुमार पिता वीरेंद्र पंडित एवं रोहित कुमार पिता ब्रह्मदेव पंडित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परबत्ता थाना अध्यक्ष शंभू पासवान, खरीक थाना प्रभारी एवं नवगछिया एसडीपीओ सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। घायलों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जमुनिया गांव के सुनील पंडित की पुत्री की शादी की रश्में चल रही थीं। इसे लेकर महिलाएं रिश्तेदारों के साथ सड़क पर जा रही थीं। तभी जमुनिया गांव के ही दूसरे पक्ष के लोग महिलाओं का वीडियो बनाने लगे और फोटो खींचने लगे। जिसपर महिलाओं ने आपत्ति जताते हुए घर-परिवार के लोगों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद बवाल मच गया। थाना अध्यक्ष शंभू पासवान ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। सिर पर चोट आई है। तो वहीं नवगछिया एसपी के पूरण कुमार झा ने कहा विवाह समारोह के रस्म की फोटो खींचने को लेकर विवाद हुआ था। समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है।

चुनाव को लेकर होटल में छापा पुलिस को देख भागा संचालक

जहानाबाद (नि.सं.)। शहर के स्टेशन इलाके में अवैध रूप से संचालित होटल में सोमवार को पुलिस ने छापेमारी की। हालांकि छापेमारी की भनक पाकर होटल संचालक मौके सेफरार हो गया।लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि स्टेशन गेट के ठीक सामने पूरा मधुबन होटल में किस मामले में छापेमारी की गई और क्या मिला इस बिंदु पर एसडीपीओ एवं नगर थाने की पुलिस से बात करने की कोशिश की गई तो दोनों में से किसी पदाधिकारी ने मोबाइल रिसीव नहीं किया।लेकिन सूत्र बताते हैं कि पुलिस को सूचना मिली थी की स्टेशन के समीप मधुबन होटल अवैध रूप से संचालित है जहां अनैतिक काम होता है। जानकार बताते हैं कि सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस छापेमारी को पहुंची लेकिन पुलिस को कुछ विशेष हाथ नहीं लगा। बताया यह भी जा रहा है कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान कई कागजात बरामद किया है।

किस फेर में फंसा भागलपुर प्रत्याशियों पर लोगों की अलग-अलग राय, ये है सबसे बड़ा मुद्दा

निज संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर से नवगछिया को जोड़ने वाला विक्रमशिला सेतु लोगों के विश्वास का आधार रहा है। इस पुल से ठीक 50 मीटर की दूरी पर एक समानांतर पुल खड़ा हो रहा है। विक्रमशिला सेतु पर गाड़ी लेकर चलने वाले लोगों को पुल के खड़े हो रहे पायों से अहसास है कि जल्द ही उनके पास सफर का दूसरा विकल्प भी मौजूद होगा। नए पुल की आमद से उम्मीदें परवान पर हैं, लेकिन वर्षों से साथ देते आए विक्रमशिला सेतु के प्रति विश्वास में भी बहुत कमी नहीं आई। भागलपुर के मतदाताओं का मन भी कुछ यूं ही इस नए और पुराने पुल के द्वंद्व की तरह फंसा हुआ है। अपनी सीट बचाने की लड़ाई लड़ रहे जदयू के अजय मंडल को लोकसभा के चुनावी मैदान में पहली बार कूदे कांग्रेस के अजीत शर्मा टक्कर दे रहे। विक्रमशिला सेतु के इस पार और उस पार फर्क बहुत गहरा है। चुनावी मिजाज भांपने निकलिए तो शहर के लोग तौलकर बोलते मिलेंगे, वहीं ग्रामीण वोटरों को जरा भी झिझक नहीं होती यह बताने में कि वे किसके साथ खड़े हैं। इस पार के लोग स्मार्ट शहर के नागरिक हैं, उस पार दियारा और खेतिहर माटी के देशज लोग। फर्क साफ दिखता है। नवगछिया के वीरनगर में दो बुजुर्ग महिलाएं एक दुकान के बाहर बैठी किस्सागोई में व्यस्त थीं। किसको वोट देंगी, हमारे सवाल से उनका ध्यान टूटा। बेझिझक होकर कहा, जेकरा दय छियै। जे वृद्धा पेंशन देलकै, ओकरे न देबै। आर केरका देबै। गोपालपुर प्रखंड के डिम्हा गांव में थोड़ी दूर घर की दालान पर बैठे अधेड़ सोनू चौधरी तो और भी स्पष्टवादी। बोले, भूमिहार हूं तो क्या हुआ मेरा वोट तो नरेन्द्र मोदी को ही जाएगा। लोकसभा चुनाव में जाति के आधार पर वोट करूंगा तो पाकिस्तान से देश की रक्षा कौन करेगा। थोड़ी दूर जाने पर माहौल बदला। अभिया गांव में पन्नालाल मंडल चुनचुन मंडल और शंकर मंडल खुलकर कहते हैं, उनका वोट अजय मंडल को जाएगा। गोसाई गांव के युवा देवीलाल यादव की भी राय स्पष्ट है। नौकरी देने वाले को चुनेंगे इस बार। तेजस्वी बाबू को सीएम बनाना है। बिहार का विकास वही कर सकते। यहां से करीब 15 किलोमीटर दूर बिहपुर विधानसभा के मुस्लिम बहुल जमुनिया के तस्लीम मियां कहते मिले, हमलोग कांग्रेस को वोट करते आए हैं। इस बार भी उसी का साथ देंगे। यहां से कुछ किलोमीटर दूर भूमिहार बहुल खरीक के कुंवर जी ऑटो स्टैंड में बैठकर वक्त काट रहे थे। पास बैठकर चर्चा शुरू की तो कहा, देखिए हमारे इलाके के भूमिहार अपनी जाति के उम्मीदवार अजीत शर्मा के साथ भी जाएंगे, लेकिन सभी नहीं। मोदी जी के नाम पर एनडीए को वोट पड़ेगा, हालांकि हमें उम्मीदवार से नाराजगी है। यह भी कहने से नहीं चूके कि अगर नेहा शर्मा रोड शो कर लें तो कांग्रेस के खाते में और वोट बढ़ेंगे। भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब 20 लाख वोटर हैं। करीब साढ़े चार लाख मुस्लिम और तीन लाख यादवों पर कांग्रेस-राजद गठबंधन की दावेदारी है। यादवों में मोदी के नाम पर कुछ सेंधमारी को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर वोट कांग्रेस को जाते दिख रहे हैं। दो लाख वंचित, करीब दो लाख मंडल और कोयरी-कुर्मी व पचपनिया वोटरों की संख्या करीब साढ़े तीन लाख है। इन वोटरों की पहली पसंद जदयू-भाजपा गठबंधन होता है। बचे हुए सवर्ण के पांच लाख वोटरों में अजीत शर्मा अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रहे हैं, यह वोटबैंक पूर्व के चुनावों में एनडीए को चुनता रहा है। जातिगत गणना के बाद पहली बार हो रहे चुनाव में इस बार सवर्ण वोटर अगड़ा-पिछड़ा के आधार पर गोलबंद होता दिख रहा है। भूमिहार जाति से आने वाले अजीत शर्मा को यहां अवसर दिख रहा। भूमिहारों के प्रभाव वाले कई पाकेटों पर इसका प्रभाव दिख भी रहा, लेकिन ब्राह्मण-राजपूत वोटरों के लिए उन्हें कड़ी मशक्कत करनी होगी जो मोदी के प्रभाव में नजर आते हैं। कांग्रेस ने वोटरों को साधने के लिए भागलपुर में राहुल गांधी की सभा कराई है। तेजस्वी यादव व मुकेश सहनी ने भी मंच साझा कर अपने पारंपरिक वोट बैंक को साथ आने की अपील की है। नौकरी व अग्निवीर योजना पर राहुल-तेजस्वी की बातें युवाओं को रिझाती हुई दिख रही हैं। जदयू ने अपना जोर माइक्रो मैनेजमेंट पर लगाते हुए जातियों को साधने की रणनीति अपनाई है। बुलो मंडल को राजद से जदयू में शामिल कराना मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। जातियों को साधने के लिए कोयरी-कुर्मी इलाके में नीतीश व सम्राट अपनी सभा कर चुके हैं। राजपूत, ब्राह्मण व पूर्वांचल के वोटरों को रिझाने के लिए राजनाथ सिंह व मनोज तिवारी मंगलवार को भागलपुर आने वाले हैं।

इंटरमीडिएट में नामांकन के आवेदन की तिथि 26 तक

जहानाबाद (नि.सं.)। मैट्रिक की परीक्षा पास कर चुके छात्रों को इंटरमीडिएट में नामांकन कराने के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से विभागीय पोर्टल पर आवेदन लिया जा रहा था। जबकि समिति की ओर से आवेदन की तिथि 20 अप्रैल तक निर्धारित की थी, अब बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने आवेदन की तिथि को विस्तारित करते हुए 26 अप्रैल तक समय को निर्धारित किया है। इस अवधी के दौरान मैट्रिक की परीक्षा पास कर चुके छात्र इंटरमीडिएट के सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए अपना आवेदन करेंगे। वहीं समिति छात्रों के किए गए आवेदन में मैट्रिक की परीक्षा में मिले प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची का प्रकाशन करेगी और इस मेधा सूची के आधार पर छात्रों का नामांकन होगा।

ट्रैफिक डीएसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

15 से अधिक चालकों से वसूला जुर्माना, बाइक चालकों से हेलमेट पहनने की अपील

- वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।

निज संवाददाता

जहानाबाद। ट्रैफिक डीएसपी वाहन चेकिंग अभियान चलाया। शहर में यातायात नियमों को पालन करने को लेकर लगातार वहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह जांच अभियान अरवल मोड़ के पास चलाया गया। वहीं नियमों का पालन नहीं करने पर 15 से अधिक वाहन चालकों जुर्माना वसूला गया। आप सुरक्षित रहे और दूसरे लोगों को भी सुरक्षित रखें, इसी उद्देश्य के साथ सड़क पर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी वाहन चेकिंग किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के उद्देश्य से भी यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा।। डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि लोगों को लगातार यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। वहीं बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों से भी जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

बैचलर ऑफ फाइन आर्ट का परीक्षा फॉर्म 30 अप्रैल तक कर

पटना (नि.सं.)। पटना विश्वविद्यालय की ओर से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स का परीक्षा फॉर्म 30 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं. सेमेस्टर 2 (2023-27), सेमेस्टर 4 (2022-26), सेमेस्टर 6 (2021-25) और सेमेस्टर 8 (2020-24) सत्र के विद्यार्थी 27 अप्रैल तक बिना लेट फाइन और 30 अप्रैल तक लेट फाइन के साथ परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं. इसके अलावा एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलएम और एमएड सेमेस्टर 4 के विद्यार्थी 26 अप्रैल से 3 मई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं. बीएफए की सेमेस्टर 6 की परीक्षा चार से छह मई तक आयोजित की जायेगी. वहीं सेमेस्टर 4 और 8 की परीक्षा आठ मई से 10 मई तक आयोजित की जायेगी. इसके अलावा सेमेस्टर 2 की परीक्षा भी चार मई को आयोजित की जायेगी. परीक्षा केंद्र पटना लॉ कॉलेज को बनाया गया है. परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जायेगी.

साल में 1500 मकानों का हो रहा है निर्माण

मानकों की अनदेखी कर बिना नक्शा पास कराए शहर में बनाए जा रहे अधिकांश घर

निज संवाददाता

जहानाबाद। शहर में प्रति वर्ष हजारों नए मकान बिना नक्शा पास कराए बनाए जा रहे हैं लेकिन नगर परिषद मामले में शिथिलता बरत रही है। नप द्वारा कराए गए एक सर्वे के अनुसार शहर में प्रति वर्ष तकरीबन एक से डेढ़ हजार छोटे-बड़े नए मकानों का निर्माण हो रहा है लेकिन प्रति वर्ष सिर्फ ढाई से तीन सौ लोग ही नक्शा पास कराने नगर परिषद कार्यालय जा पाते हैं। इस पूरे प्रकरण का सबसे उल्लेखनीय पहलू सुरक्षा मानकों की अनदेखी है। नगर परिषद की इस अनदेखी की वजह से शहर में प्रतिवर्ष हजारों खतरनाक मकान बन रहे हैं।

मकान बनाने में मानकों का ध्यान नहीं रखने से आपातकाल में इसका खामियाजा शहर के लोगों को ही भुगतना पड़ सकता है। जानकारों की माने तो मसले पर जागरूकता का अभाव भी समस्या का एक बड़ा कारक है। इस पर किसी स्तर से कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। शहरीकरण की अंधी दौड़ में जहानाबाद में प्रति वर्ष एक से डेढ़ हजार नए मकानों का निर्माण हो रहा है। नगर परिषद के पास यह पता लगाने की फुर्सत भी नहीं कि शहर के अंदर कौन मकान बना रहा है।

नगर परिषद के सूत्रों के अनुसार नगर परिषद के पास सिर्फ 17 हजार होल्डिंग की सूची है लेकिन वास्तव में शहर के अधिसूचित क्षेत्र में फिलहाल मकानों की कुल संख्या 37 हजार के आसपास बताई जा रही है। गत वर्ष नगर परिषद की एक एजेंसी के द्वारा शुरू किए गए शुरूआती आंकड़े में जो बात उभरकर सामने आई थी उसके अनुसार लगभग बीस हजार से अधिक मकानों को बिना रिकार्ड के बताया था। हालांकि सर्वे करने वाली एजेंसी बीच में ही वापस चली गई थी और पूरा आकड़ा विभाग के पास नहीं उपलब्ध हो सका। जाहिर है कि जब नगर परिषद के पास बन रहे नए मकानों का रिकार्ड नहीं है तो उसके पास नक्शा पास कराने की भी कोई जरूरत महसूस नहीं करता।

शहर में मात्र 17 हजार निबंधित मकान हैं, 20 हजार से अधिक मकानों का रिकार्ड नहीं

शहर में फिलहाल 17 हजार होल्डिंग ही ऑन रिकार्ड हैं। वैसे कम से कम बारह से पंद्रह हजार मकान ऐसे हैं, जिन्हें निबंधित किया जाना बाकी है। नगर परिषद ऐसे मकानों को निबंधित करने के लिए शीघ्र उपाय करेगा। वैसे नगर परिषद में कर्मियों की भारी समस्या से भी जरूरी चीजों पर काम आसानी से नहीं हो पा रहा है। प्रति वर्ष औसतन ढाई से तीन सौ मकानों का नक्शा पास किया जा रहा है। शीघ्र ही समस्या के समाधान की कोशिश की जाएगी।

मतदाता जागरुकता के लिए निकली प्रभातफेरी

निज संवाददाता

जहानाबाद। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिए जिला अंतर्गत अनेकों स्वीप गतिविधि चलाया जा रहा है।इसी परिप्रेक्ष्य में 218 मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत टेहटा, उमता, धरातल एवं धरनई में जीविका दीदीयो द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रभातफेरी, डोर टू डोर अभियान चलाया गया। वहीं मखदुमपुर में ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों मतदान केन्द्र संख्या 105 (पंचायत जगपुरा), 109, 244, 171, 181 एवं 219 पर मतदाता जागरूकता रैली, डोर टू डोर अभियान, रंगोली प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया तथा मतदाताओ को मतदान में शामिल होने हेतु अपील किया गया। 217 घोषी विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना, मोदनगंज अंतर्गत मोदनगंज एवं मोहम्मदपुर अब्ददाल मतदान केन्द्र संख्या 122 तथा 99 के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मोदनगंज के नेतृत्व में सेविका/सहायिका एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया। वहीं काको प्रखंड अंतर्गत आशियाना कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र संख्या 07 एवं पंजोरा पंचायत के इमलिया गांव मतदान केन्द्र संख्या 11 में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता, प्रभातफेरी अभियान एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु प्रभातफेरी निकाली गई, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। आज दिनांक 22/04/2024 को ही समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद सदर के नेतृत्व में मतदाता केन्द्र संख्या 277 एवं 22 के आंगनबाड़ी केन्द्र पर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया जिसमे बाल विकास पारियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका, सहायिका एवं ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर के नेतृत्व में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र संख्या 78, 80 एवं 90 के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदान जागरूकता प्रभातफेरी निकाली गई तथा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया।

जाति से जमात की राजनीति का अधूरा

पटना (नि।सं।)। किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि पहले आम चुनाव में कांग्रेस ने लोकसभा सीटों पर जाति की बहुलता के अनुसार अपने उम्मीदवारों को टिकट दिया। इसके पहले 1926 के लेजिस्लेटिव काउंसिल के चुनाव के वक्त उनकी टिप्पणी गौर करने लायक हैः बिहार के अधिसंख्य राष्ट्रवादी नेता जातिवादी हो गये। चुनाव और जाति के अंतर संबंधों को देखें, तो राजनीतिक दलों के उम्मीदवार चयन में इसका रंग और गाढ़ा होता गया है। जातियों की राजनीतिक चेतना के अनुसार सत्ता या राजनीति में हिस्सेदारी का सवाल पेचीदा रहा है। जाति से जमात का दर्शन कब निखालिस जातिवाद में बदल जाये, कहना मुश्किल नहीं। जातियों की खेमेबंदी और सामाजिक समीकरण आज भी राजनीतिक दलों के आधार बने हुए हैं।

विश्वास दिलाते हैं कि आगे भी लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार देते रहेंगे : सीएम

निजसंवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों को भरोसा दिलाया है कि आगे भी वह लाखों की संख्या में नौकरी और रोजगार देते रहेंगे। मंगलवार को बिहारवासियों के नाम जारी खुला पत्र में नीतीश कुमार ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का नाम लिये बिना हमला बोला। प्रिय बिहार वासियों के नाम से मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको याद होगा कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। लेकिन, 2005 में अंधेरा छटा और नया सूरज उगा। सात निश्चय-2 के अंतर्गत बिहार में 10 लाख सरकारी नौकरियां और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। इस दिशा में बिहार अब इतिहास रच रहा है। शिक्षा, पुलिस सहित अन्य विभागों में लाखों युवकों-युवतियों को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। लाखों लोगों को रोजगार के लिए सरकार की तरफ से मदद की गयी है। बिहार में अब बड़े-बड़े निवेश आ रहे हैं। नौकरी-रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। इन सबसे लोगों की आमदनी और बढ़ेगी।बिहार समृद्धि के नए आयाम छुयेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी लाखों लोगों को सरकारी नौकरियां और रोजगार देते रहेंगे।उन्होंने राज्यवासियों को चालीस की चालीस सीटें जीतने के लिए समर्थन मांगा। बिहार का खजाना खाली था। सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी-कारोबारी बिहार से पलायन कर गये थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था। यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। 2005 में छंटा अंधेरा, उम्मीदों का सूरज उगा। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि 2005 में घना अंधेरा छंटा। उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया। हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए हमने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। बिहार का नव-निर्माण किया। बिहार को उसकी खोई हुई गरिमा वापस मिली। आज बिहार का परचम देश-दुनिया में लहरा रहा है। बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ कानून व्यवस्था के क्षेत्र में किया काम

नीतीश कुमार ने लिखा, हमने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सहित हर क्षेत्र में बहुत काम किया है।

कनौदी से फिर हुई एक बाइक की चोरी

जहानाबाद (नि.सं.)। शहर में बाइक चोरी की घटना फिर से एक बार लगातार सामने आने लगी है। सोमवार को शहर से सटे कोड़ना थाना क्षेत्र के कनोदी शेख बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में मूल रूप से गया जिले के खिजरसराय थाना अंतर्गत मनसा बीघा के रहने वाले दिलीप कुमार ने नगर थाने में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूचक ने पुलिस को शिकायत में कहा है कि वह वर्तमान में एसपी आवास के बगल में रहते

मंजूषा कला प्रशिक्षण केंद्र एवं कला सागर सांस्कृतिक संगठन ने मिलकर मतदाताओं को किया जागरूक

निज संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मंजूषा कला प्रशिक्षण केंद्र एवं कला सागर सांस्कृतिक संगठन ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया. मंजूषा गुरु मनोज कुमार पंडित के नेतृत्व में इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को जागरुक किया गया. इसमें टीवी अंग प्रदेश, गंगा घाट विकास समिति, माया तेतर लोक सेवा संस्थान, हिंद युवा शक्ति, रंगम जन जनसांस्कृतिक मंच, किंडर गार्डन किड्स प्ले स्कूल का सहयोग सहयोग रहा है. अभियान में प्रतिभागी सुमना, अमन सागर, काशी कांत सिंह, रंजीत रजक, कविता देवी, रश्मि सिंह ,नीतू कुमारी, अर्चना कुमारी, खुशबू सिंह, रमेश पंडित, अर्पणा कुमारी, पूनम देवी, बेबी देवी, नितिन कुमारी, पूजा झा, सुप्रिया कुमारी, सुरभि सुमन, अर्पणा कुमारी, सोनी देवी, करुणा कुमारी व अन्य ने हिस्सा लिया और नारा लगाया कि पहले मतदान फिर जलपान, जात-पात और धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ और छवि के उम्मीदवार को चुनना है. अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करना है. नया भारत का निर्माण करना है. आओ हम सब मिलकर मतदान करें और देश कुछ

विचार-मंथन

संपादकीय

बेखौफ बंदी और जेलों में खूनी संघर्ष

पंजाब की संगरूर जेल में कैदियों के बीच खूनी संघर्ष में दो की मौत से एक बार फिर जेलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार की रात को कुछ कैदियों ने दो कैदियों पर हमला कर उन्हें धारदार हथियार से मार डाला। जेल प्रशासन का कहना है कि जिन कैदियों के बीच हिंसक झड़प हुई, उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध नहीं था। उनके बीच आपसी रंजिश थी, जो खूनी संघर्ष में परिणत हो गई। यानी इस बात की जानकारी जेल प्रशासन को थी कि कुछ कैदियों में कहासुनी की वजह से तनाव बना हुआ था। विचित्र है कि प्रशासन ने उस विवाद को सुलझाने का प्रयास नहीं किया। खुद पुलिस महानिरीक्षक ने माना है कि अगर समय रहते इस विवाद को सुलझा लिया गया होता, तो दो कैदियों की मौत नहीं होती। इस घटना के बाद भी फिर वही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैदियों को धारदार चीजें कैसे हाथ लग गईं, जिससे उन्होंने दो कैदियों की जान ले ली, जबकि जेलों में ऐसी हर चीज को बंदियों से दूर रखा जाता है, जिनसे वे किसी पर हमला या खुदकुशी कर सकते हों। पंजाब की जेलों में कैदियों के रखरखाव को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कई लोग तो यहां तक कह चुके हैं कि वहां की कई जेलें अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुकी हैं। संगरूर जेल पर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। कुछ साल पहले वहां से एक कुख्यात गिरोह के अपराधी के अपने जन्मदिन पर केक काटने और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने के बाद तो खासा विवाद हुआ था। ऐसे ही मामले बठिंडा, कपूरथला और पटियाला की जेलों से भी दर्ज हुए थे, जब अपराधियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय देखा या फोन पर बाहर के लागों से बात करते, किसी साजिश को अंजाम देते पाया गया। हालांकि जेल में कैदियों के बीच हिंसक झड़प का मामला केवल पंजाब तक सीमित नहीं है। दिल्ली की अति सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में भी ऐसी कई घटनाएं हाल के कुछ महीनों में देखी जा चुकी हैं।

क्यों जरूरी हैं तीन नए कानून?

देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में प्रस्तावित आमूल बदलाव को उस समय काफी ताकत मिली, जब शनिवार को सीजेआई डी वाय चंद्रचूड़ ने उसे युगांतकारी बताया। इस बदलाव का मुख्य वाहक बन रहे तीन कानून – भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – न केवल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है। ये कानून इस साल एक जुलाई से लागू होने वाले हैं। ष्टछ्वढ्ढ के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप साल के शुरू में ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना था कि ड्राइवरों ने अपनी पहल पर काम बंद किया है और इसके पीछे प्रस्तावित नए कानूनों के तहत हिट एंड रन मामलों के लिए किए गए सख्त प्रावधानों के दुरुपयोग का डर है। सरकार उस डर को निराधार बता रही थी। फिर भी उसने आश्वासन दिया कि इससे संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को उनसे विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा। 1 जुलाई से तीनों कानूनों के बाकी प्रावधान लागू हो जाएंगे, लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधानों के अमल पर रोक लगी रहेगी। जब भी कोई बड़ा बदलाव लाया जाता है तो उसे लेकर शंकाएं-आशंकाएं होती ही हैं। इन आशंकाओं को सही नजरिए के साथ परखने की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखा जाए तो ष्टछ्वढ्ढ का ताजा बयान जहां बदलते दौर की जरूरतों के मद्देनजर प्रस्तावित बदलावों की अहमियत को रेखांकित करता है, वहीं यह भी बताता है कि इन बदलावों के पीछे जो मकसद हैं, वे अपने आप हासिल नहीं हो जाएंगे। उसके लिए कई स्तरों पर समानांतर प्रयास चलाए जाने की जरूरत है। असल जरूरत यह समझने की है कि जब समाज और हमारा जीवन पूरी तरह से रूपांतरित हो रहा हो तब हम पुराने कानूनों से चिपके रहते हुए काम नहीं चला सकते। प्रस्तावित तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उस तरह के बदलाव लाने वाले हैं, जिनकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी।

सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्य सभा

सड़कों पर कैसे थमे अराजकता यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं I उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।

बहरहाल. लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है।

एक बात और कहने का मन कर रहा है I जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता । लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है । सड़कों के किनारे जहाँ स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाये ही जा सकते हैं। कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है। आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है I यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं I

जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं थे। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

दक्षिण भारत में तुरुप का इक्का साबित होंगे 'प्रमोद सावंत'!

(संजीव कुमार मिश्र)

प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गोवा ने विकास की जो इबारत लिखी है, उसकी चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने चुनावी रणनीति के लिहाज से दक्षिण भारत के अहम राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। प्रमोद सावंत पार्टी की उम्मीदों पर काफी हद तक खरे भी उतरे हैं। अबकी बार, 400 पार। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सूत्र वाक्य है। बीजेपी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक भी इस बात पर एकमत है कि दक्षिण भारत को साधे बिना बीजेपी चार सौ का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत की चुनावी कमान खुद सम्हाल रखी है। अकेले केरल में मोदी अब तक 6 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। लेकिन दक्षिण समेत पश्चिम भारत के कई राज्यों में प्रमोद सावंत भाजपा के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं? गोवा के मुख्यमंत्री जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही राजग के सहयोगी दलों की दायरा बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सावंत के नेतृत्व में गोवा ने विकास की जो इबारत लिखी है, उसकी चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने चुनावी रणनीति के लिहाज से दक्षिण भारत के अहम राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। प्रमोद सावंत पार्टी की उम्मीदों पर काफी हद तक खरे भी उतरे हैं। दक्षिण भारत का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक में सावंत की वजह से ही जेडीएस, राजग के साथ आयी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जेडी (एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हुई थी। जेडीएस के राजग में शामिल होने में प्रमोद सावंत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्नाटक में भाजपा 25 जबकि जेडीएस लोकसभा की 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। तेलंगाना में भाजपा की विजय पताका फहराने के लिए प्रमोद सावंत जी जान से जुटे हैं। गत वर्ष 2023 से ही प्रमोद सावंत ने राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। फरवरी महीने में तेलंगाना में विजय संकल्प यात्रा के बहाने प्रमोद सावंत ने सभी लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रमोद सावंत प्रचार के साथ चुनावी रणनीति बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। तेलंगाना में लोकसभा की कुल 17 सीटें हैं। जिसमें से चार पर भाजपा, नौ पर बीआरएस और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है। गत चुनावों में एक सीट पर एआईएमआईएम को जीत मिली। इस बार 400 पार का नारा लेकर चुनावी मैदान में कूदी भाजपा का लक्ष्य यहां 10 से अधिक सीटें जीतना है। बीजेपी, केरल में कांग्रेस और वामपंथ का दुर्ग भेदने में जुटी है। निस्संदेह यहां चुनाव की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल रखी है। मोदी अब तक 6 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। हालांकि, मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सावंत बखूबी संभाल रहे हैं। मोदी की गारंटी का प्रचार वो जोर शोर से कर रहे हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात भी कर रहे हैं। इससे राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी ने केरल में एक महीने लंबी पदयात्रा निकाली। इसमें उमड़ी भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि सावंत अपने उद्देश्यों में धीरे धीरे सफल हो रहे हैं। 2019 में केरल में बीजेपी खाता भी नहीं खोल पायी थी। इस बार पार्टी को यहां से काफी उम्मीदें हैं। सावंत गोवा के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी चुनावी सभाएं कर रहे हैं। नागपुर में कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की। पार्टी महाराष्ट्र के युवाओं में सावंत की लोकप्रियता को भुनाना चाहती है। दरअसल बतौर मुख्यमंत्री सावंत ने कई उपलब्धि हासिल की है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5349

	4					5	6	
	3	9			8		7	
7			2	5				
3	1				6	7		
		5		7		1		
		6	4				8	9
				9	7			2
	2		8			6	5	
	8	1					9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5348

3	9	2	8	5	1	6	7	4
6	8	7	4	2	3	1	9	5
4	5	1	9	7	6	2	8	3
5	6	9	2	3	4	8	1	7
2	3	8	7	1	5	4	6	9
1	7	4	6	9	8	5	3	2
9	1	6	3	4	2	7	5	8
8	2	3	5	6	7	9	4	1
7	4	5	1	8	9	3	2	6

आज का राशिफल

मेष
आज आपका मन किसी नए काम में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको लाभ होगा और सफलता मिलेगी। आपके लिए स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल माहौल तैयार होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपको किसी मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के अच्छे योग है। काफी समय से लटके किसी कार्य में आपको सफलता मिलेगी। आपको आज शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा।

मिथुन
आज का दिन बहुत क्रिएटिव होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आपको उसका फल मिलता चला जाएगा। अधूरे काम निपट जाएंगे और जरूरी कार्य पूर्ण होंगे। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा।

तुला
आज का दिन काफी क्रिएटिव है और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपको अपना पसंदीदा कार्य करने का मौका मिलेगा। आपको आज कुछ देर के लिए रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और उन पर अमल भी कर सकते हैं। अपने सीनियर से सहयोग पाने का प्रयास करें।

वृश्चिक
आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा और हर कदम पर भाग्य आपका साथ देगा। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का वक्त आराम से कटेगा।

धनु
आज हर मामले में संयम और सावधानी रखने की जरूरत है। आज किसी से बात करने में विवाद से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा। आस-पास के लोगों से टकराव न हो इस बात का ध्यान रखें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

कर्क
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आज पैसों का निवेश करने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा।

सिंह
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने के मामले में आपको लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। किसी व्यक्ति की सहायता करने से आपको लाभ होगा।

कन्या
आज का दिन बहुत सामान्य है और आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। रोजमर्रा के घरेलू काम को पूरा करने का आज सुनहरा मौका है। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है और उसमें आपका लाभ होगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

मकर
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। काम धंधे के मामले में कोई भी काम बिना सोचे न करें तो आपके लिए अच्छा होगा। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में आपस में सभी के साथ चर्चा करके ही कोई फैसला करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

कुंभ
आज का दिन काफी सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। या फिर नया कोई साइड बिजनस स्टार्ट कर सकते हैं। अपनों के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर काम करें।

मीन
आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी मजबूत होगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, कार्यशील रहें तो भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी और आपके घर में आनंद के अवसर आएंगे। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आपको उसका लाभ मिलेगा। काम में नई जान आएगी।

वर्ग पहेली 5349

1	2	3		4	5	■	6
7			■	8			
9		■	10			■	
■	11			■	12	13	
14		■	15		■		■
■	16	17		■	■	■	18
19	■	20		21		22	■
23			■		■	24	

संकेतः बाएं से दाएं

1. यह हमारे देश का राष्ट्रीय नारा है (6)
7. एक होने का भाव, अभिसार, आलिंगन (3)
8. चुंगी कर, भाड़ा, किराया (4)
9. कण का शब्द का अपभ्रंश (2)
10. फूलों की घनी गुथी हुई छोटी माला (3)
11. वैराग्य, विरति, संयास ग्रहण, दिलीप कुमार की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (1967)(3)
12. मृदुल मंद समीर, ठंडी और धीमी हवा (3)
14. साधु संयासी के रहने का स्थान (2)
15. रसूल, ईशदूत, पैगंबर (2)
16. असफल, अयोग्य, अनुत्तीर्ण (3)
18. शास्त्रीय संगीत में गांधार स्वर (1)
20. ये तमिल तथा हिंदी फिल्मों के निर्देशक है जिन्हें पद्मश्री से नवाजा जा चुका है (5)
22. यह ऑट्रिया का सबसे बड़ा शहर है जो डेन्यूब नदी के किनारे स्थित है (3)
24. नदी किनारे का वह पक्का स्थान जहां लोग पानी भरते व स्नान करते है (2)

ऊपर से नीचे

1. मजदूर (3)
2. सामंजस्य न होना, सामंजस्यहीन होना (6)
3. जंगल, कानन, अरण्य (2)
4. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
5. यह ईरान की राजधानी है (4)
6. गुलअदाम, फूल जैसा कोमल और मृदुल सुकुमार और सुगंधित शरीर वाला (4)
10. सूर्य का कए नाम यह भी है (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. शंख, सुतही, मुक्तागार (2)
17. हसरत, आरजू, तमन्ना, आकांशा (3)
19. पद्य की रचना वाला (2)
21. स्त्री का नृत्य, आम नाच (2)
22. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)

वर्ग पहेली 5348 का हल

क	ण	म	म	ल्ले	श्व	री	■
र्ण	■	त	ला	■	स	ज	ना
■	रू	प	या	■	न	न	द
■	प	त्र	■	ज	■	■	ना
ब	ही	■	ब	ल	कां	ड	■
ज	न	क	रा	ज	■	ल	ता
ना	ता	■	ती	■	■	हौ	रा
■	■	लू	■	■	फौ	जी	■

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार

मानगो में ट्राली ट्रासफार्मर से बिजली सप्लाई

जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो के रोड नंबर दो स्थित पांच सौ से ज्यादा घर में ट्राली ट्रासफार्मर से बिजली सप्लाई हो रही है क्योंकि सोमवार दोपहर यहां ट्रासफार्मर आग लगने से जल कर राख हो गया। इधर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि ट्रासफार्मर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द 200 केवी का स्थाई ट्रासफार्मर काम करने लगेगा। मालूम हो कि ट्रासफार्मर की आग पर काबू पाने में मानगो फायर बिग्रेड के दमकलकर्मियों को बुझाने में एक घंटे से ज्यादा समय लगा था। मानगो फायर बिग्रेड के बृज किशोर पासवान ने बताया कि अभी आग लगने का मौसम है। इससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। आग लगने पर तत्काल सूचना दें, ताकि लोगों को नुकसान से बचाया जा सके।

बगैर निदेशक के सवा महीने से चल रहा टाटानगर स्टेशन

जमशेदपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का मॉडल स्टेशन टाटानगर सवा महीने से बगैर निदेशक से चल रहा है। इससे यात्री सुविधा, ट्रेन परिचालन एवं स्टेशन निरीक्षण समेत कई कार्य प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि टाटानगर के स्टेशन निदेशक रघुवंश कुमार का तबादला मार्च में हो गया। वे 15 मार्च को प्रभार सौंपकर नए स्थान पर चले गए लेकिन चक्रधरपुर मंडल के एओएम एएल राव ने टाटानगर स्टेशन का प्रभार नहीं संभाला है। इससे एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल को स्टेशन की व्यवस्था देखनी पड़ता है जबकि कई स्टेशन मास्टर की अतिरिक्त ड्यूटी लगती है ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो।

स्टेशन पर पानी की उपलब्धता जांच रहा रेलवे

जमशेदपुर, एजेंसी। गर्मी में यात्रियों को स्टेशन या ट्रेनों में पानी की दिक्कत नहीं हो, यह अभियान दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के सभी 315 स्टेशनों पर शुरू है। इससे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा स्टेशन पर जोन के एजीएम एके दुबे ने नल व वाटर कूलर की जांच का अभियान चलाया। जबकि टाटानगर में सीसीआई अंजनी राय, राकेश कुमार व शशि कुमार लगातार स्टेशन पर पानी सप्लाई की जांच कर रहे हैं क्योंकि मुख्यालय से यह आदेश आया है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे स्टेशनों पर प्याऊ खोलने की भी योजना है। इससे सामाजिक संस्थाओं से रेल अधिकारियों ने सहयोग मांगा है जबकि खराब वाटर कूलर मशीन की मरम्मत कराई जा रही है।

मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी का एसीएम में चयन

जमशेदपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व जोन से सहायक वाणिज्य प्रबंधक पद की विभागीय प्रमोशन परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया। इससे टाटानगर स्टेशन के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी राय सहायक वाणिज्य प्रबंधक बन गए। उन्हें जल्द ही ट्रेनिंग के बाद जोन के किसी मंडल में एसीएम पद पर नियुक्त किया जाएगा। बताया जाता है कि 17 मार्च के लिखित परीक्षा में टाटानगर के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी राय समेत जोन के चार रेलकर्मी सफल हुए थे। लेकिन विभागीय साक्षात्कार में अंजनी राय का चयन एसीएम पद पर हुआ। मालूम हो कि पांच वर्षों में जोन की परीक्षा में सफल होकर टाटानगर के दो मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एसीएम बने हैं।

रांची में बेकाबू कार ने पांच लोगों को कुचला, जल संसाधन अधिकारी की मौत

रांची, एजेंसी। रांची के मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों को रौंद दिया। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मधु रानी समेत चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स समेत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन अन्य घायलों में मोरहाबादी की सरिता देवी, संतोष कुमार और एक व्यक्ति शामिल हैं। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। लालपुर पुलिस ने कार जब्त करते हुए चालक के दोस्त को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, जल संसाधन के अधिकारी अरुण कुमार सिंह पत्नी के साथ मोरहाबादी में इवनिंग वॉक कर रहे थे। ऑक्सीजन पार्क के पास नशे में धुत कार चालक ने अचानक पति-पत्नी को धक्का मार दिया, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद कार चालक ने पैदल चल रहे दो अन्य राहगीर और स्कूटी सवार को धक्का मार दिया। वे तीनों भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इधर, अनियंत्रित कार पार्क के पास चौराहे पर लगे बिजली खंभे से टकरा गई। हादसे के बाद लोग दौड़े और घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने प्रशाखा अधिकारी अरुण सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। पूछताछ के दौरान लोगों ने बताया कि कार चालक मोरहाबादी के एक होटल में शराब पीने के बाद गाड़ी लेकर निकला था।

रांची में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की जा सकती है

रांची, एजेंसी। झारखंड की राजधानी रांची में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने रांची की मुख्य सड़कों को अतिक्रमणों से मुक्त कराने के निर्देश रांची नगर निगम (आरएमसी) को जारी किए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द रांची की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर गरजते नजर आएंगे। झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को रांची नगर निगम (आरएमसी) से यह सुनिश्चित करने को कहा कि शहर में निर्बाध यातायात के लिए शहर की मुख्य सड़कों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाए।

जस्टिस न्यायमूर्ति दीपक रोशन और जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ ने कहा कि यातायात के दबाव को कम करने के लिए मेन रोड, लालपुर चौक, कचहरी चौक और अन्य व्यस्त चौराहों पर अभियान चलाया जाना चाहिए। ये सड़कें अतिक्रमण के कारण बंद सी हो गई हैं। अदालत सरकार द्वारा फेरीवालों और सड़क विक्रेताओं के पुनर्वास के लिए नेशनल हॉकर्स फेडरेशन की ओर से दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान अदालत को यह बताया गया कि लालपुर में मांस मछली विक्रेताओं को एक बाजार में भेज दिया गया है जबकि सब्जी विक्रेता अभी भी सड़क के किनारे दुकान लगाते हैं। इससे यातायात में बाधा आती है। वहीं रांची नगर निगम के वकील एलसीएन शाहदेव ने अपनी दलील में कहा कि लालपुर चौक पर सब्जी विक्रेताओं को स्थानांतरित करने का काम दो महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इन्हें नई जगह पर शिफ्ट

किया जाएगा। इससे रास्ता साफ हो जाएगा।

रांची नगर निगम के वकील एलसीएन शाहदेव ने अदालत को यह भी बताया कि लालपुर में 273 सब्जी विक्रेताओं की पहचान की गई है। इनमें से 110 को बसाने के लिए जगह भी मिल गई है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश दिया कि निगम सभी सब्जी विक्रेताओं को आजीविका के लिए जगह मुहैया कराए। हाई कोर्ट ने मेन रोड पर रोजाना लग रही मार्केट और अलबर्ट एक्का चौक पर व्यस्त ट्रैफिक को लेकर टिप्पणी की। अदालत ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार की ओर से कचहरी रोड से वेंडर मार्केट हटाया जा चुका है फिर भी सड़क जाम ही रहती है।

अदालत ने कहा कि सरकार कह रही है कि सड़क के किनारे लग रहे वेंडरों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा चुका है फिर भी अल्बर्ट एक्का चौक पर सड़क विक्रेताओं से भरी रहती है। ये वेंडर सड़क पर अपने सामान बेचते हैं, जिससे टैफिक जाम हो जाता है। पीठ ने यह भी कहा कि डेली मार्केट में सड़क हमेशा संकरी रहती है। इससे भी ट्रैफिक जाम हो जाता है। अंततः अदालत ने निगम को अतिक्रमण के खिलाफ तुरंत अभियान शुरू करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराएं और ऐक्शन रिपोर्ट दाखिल करें।

टीबी के मरीजों को नहीं मिल रही दवा, इलाज बाधित

धनबाद, एजेंसी। टीबी मुक्त भारत अभियान-2025 के बीच पूरे देश में टीबी की दवा की किल्लत है। इसका व्यापक असर धनबाद में भी दिख रहा है। टीबी मरीजों को दवा नहीं मिल रही है, जिससे इलाज प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों की मानें तो राज्य के सभी जिलों में टीबी की दवा की किल्लत बनी हुई है। राज्य स्तर से दवा की आपूर्ति नहीं हो रही है। केंद्र से ही राज्य को दवा नहीं मिलने के कारण झारखंड में यह समस्या है।

बता दें कि धनबाद में टीबी के एक हजार एक्टिव मरीज हैं। नियमित रूप से टीबी की दवा चलती है। दवा नहीं मिलने के कारण इलाज नहीं हो रहा है। दवा की कमी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मधुरेंद्र कुमार सिंह ने डीसी को पत्र लिखकर दवा उपलब्ध कराने की मांग की। यह भी कहा कि दवा नहीं मिलने के कारण न सिर्फ मरीजों का इलाज रुक गया है। इससे संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ है। आग्रह किया कि जबतक राज्य से दवा की आपूर्ति नहीं हो जाती, डीएमएफ व बीसीसीएल से कहकर दवा की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि मरीजों का इलाज बाधित न हो। संक्रमण बढ़ने का खतरा- दवा की कमी से डॉक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी भी परेशान हैं। अधिकारियों की मानें तो टीबी संक्रामक बीमारी है। यह एक से दूसरे में फैलता है। दवा नहीं होने के कारण संक्रमित मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। ऐसे में उनके घर और आस-पड़ोस के लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। यदि एक बार संक्रमण फैल गया, तो उसे रोकना काफी मुश्किल होगा।

तीन-चार महीने से किल्लत- टीबी की दवा की किल्लत वैसे तो तीन-चार महीने से बनी हुई है। बीच-बीच में कुछ दवाएं आ रही थीं, जो मरीजों को दी जा रही थी। एक महीने से जिले में टीबी की दवा पूरी तरह खत्म हो गई है। नतीजतन, मरीजों का इलाज पूरी तरह से बंद है।

टीबी उन्मूलन मुश्किल- अधिकारियों का यह भी कहना है कि दवा की किल्लत का असर टीबी उन्मूलन अभियान पर पड़ेगा। 2019 में केंद्र सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान की घोषणा की है। इसके लिए निक्षय पोषण योजना तक चलाई जा रही है। इसके तहत इलाज करा रहे मरीजों के लिए पोषाहार की व्यवस्था की जा रही है। दवा की किल्लत के कारण जब इलाज ही बाधित हो रहा है।

10 सैरात बाजार के 3 हजार दुकानदार नहीं दे रहे रेंट, कार्रवाई की तैयारी में जेएनएसी

जमशेदपुर, एजेंसी। शहर के 10 सैरात बाजारों के 7 हजार से अधिक दुकानों में लगभग 40-50 फीसदी दुकानदार रेंट जमा नहीं कर रहे हैं। इसमें गोदाम, दुकान व अन्य प्रकार की दुकानें शामिल हैं। जेएनएसी समय पर मासिक रेंट नहीं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है। जेएनएसी को हर साल करीब एक करोड़ रुपये दुकानदारों से वसूली करना है, लेकिन अभी 50 से 60 लाख ही वसूल पा रही है।

रेंट देने वालों में बड़े दुकानदार शामिल हैं, जो टाटा स्टील के आवंटी हैं। वहीं कई बाजारों में दुकानें व गोदाम बंद होने से रेंट की वसूली जेएनएसी नहीं कर पा रहा है। वहीं, छोटे दुकानदार किराया देने में पीछे हैं। सिदगोड़ा, बारीडीह, सोनारी, बर्मामाइंस, मनिफीट व गोलमुरी व अन्य सैरात बाजार के सैकड़ों दुकानदार हैं, जो रेंट नहीं जमा कर रहे हैं।

दूसरी ओर जेएनएसी शत प्रतिशत वसूली नहीं करने के पीछे मैन पावर की कमी और संसाधन की कमी होना बता रहा है। वर्तमान में दुकानों से 50 रुपए, 80 रुपए, 500 रुपए से 4000 रुपए प्रति माह किराया वसूला जा रहा है। जेएनएसी लोकसभा चुनाव के समाप्त होने के बाद सैरात बाजार के नए रेंट निर्धारण के लिए बाजार के दुकानदारों, सिंहभूम चैंबर समेत अन्य संगठनों के साथ बैठक बुलाएगी। मालूम हो कि तत्कालीन उपायुक्त विजया जाधव ने बाजार की सभी दुकानों से पुरानी दर पर किराया वसूलने का आदेश दिया था।

झारखंड में कारोबारी से 15 लाख के जेवर और कैश की लूट, कट्टा दिखाकर धमकी भी

हजारीबाग, एजेंसी। हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के डीपुगढ़ा में दुकान बंद कर घर जा रहे जेवर व्यवसायी जीतेंद्र सोनी से अपराधियों ने बीती रात नकद समेत 15 लाख रुपए छीन लिए। भुक्तभोगी के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में व्यवसायी जीतेंद्र सोनी ने कहा है कि रविवार की रात 9.20 बजे उन्होंने अपनी जेवर दुकान बंद की और बेटे अंकित सोनी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर जाने लगे। स्कूटी उनका बेटा चला रहा था। जैसे ही वे लोग सीआरपीएफ कैंप के आगे पोद्दार जी के घर के पास पहुंचे। पीछे से बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक पहुंचे। उनके हाथ में कट्टा और चाकू आदि थे।

अपराधियों ने ओवरटेक करते हुए अचानक उन्हें रोक दिया। फिर धमकाते हुए स्कूटी पर लात-पैर चलाने लगे। अचानक इस हमले से वे पिता-पुत्र घबरा गए और स्कूटी से

गिर पड़े। इसके बाद अपराधी उनसे थैला छीनने लगे, जिसमें 50 हजार रुपए नकद समेत 15 लाख रुपए के जेवरात थे। मोबाइल भी छीनने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने कट्टा सटा दिया और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उनके हाथ से थैला छीनकर फरार हो गए।

व्यवसायी बोले- थाने गए तो दोषी जैसा सलूक हुआ : व्यवसायी जीतेंद्र सोनी ने बताया कि 18 दिसंबर 2018 को भी उनकी दुकान में अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब तक उस कांड को नहीं सुलझा सकी है। बीती रात भी घटना के बाद जब वे लोग पुलिस के पास प्राथमिकी दर्ज कराने गए तो उलटा उनके साथ ही दोषी की तरह व्यवहार किया गया। इधर, घटना के बारे में पूछने पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मैं अभी बोकारो में हूं। कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने वारदात की जानकारी दी है। इस व्यक्ति के साथ पूर्व में भी घटना घटी थी। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

व्यापारियों से हो रही लूट की घटना से चैंबर चिंतित : हजारीबाग में दीपूगढ़ा में नगद समेत जेवरात की लूट की घटना के बाद एक बार फिर व्यापारियों ने नाराजगी जतायी है। हजारीबाग फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभुनाथ अग्रवाल ने कहा कि हजारीबाग में लगातार लूट छिनतई की घटनाएं घट रही हैं। उन्होंने शहर की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

प्रेग्नेंट भाभी की हत्या कर कुएं में फेंका, दो और लोगों को मारा, आरोपी घर जाकर सो गया

रांची, एजेंसी। झारखंड के डबरी गांव में ट्रिपल मर्डर के बाद सन्नाटा छाया हुआ है। लोग इस घटना के बाद डरे व सहमे हुए है। परिजनों का कहना है कि रंजन के व्यवहार में पिछले 15 दिनों से बदलाव देखने को मिल रहा था। रंजन का बहनोई दूधेश्वर उरांव ने बताया कि दो महिलाओं और अपने पिता की हत्या करने के बाद हत्यारा रंजन अपने घर पहुंचा और अंदर से दरवाजा के कुंडी लगाकर आराम से खाट पर सो गया। यह गारू थाना क्षेत्र के सरयू टीओपी अंतर्गत चोरहा पंचायत की घटना है।

मर्डर के बाद ग्रामीणों ने कई स्थानों पर आरोपी रंजन की काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाया। वही जब ग्रामीण रंजन के घर गए तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है, जिसके बाद ग्रामीण ने सीढ़ी के सहारे छप्पर पर चढ़कर खपड़ा को हटाकर देखा तो रंजन घर में सोया हुआ था। ग्रामीण ने तुरंत घर के दरवाजे पर बाहर से सिकड़ी लगा दी। इसके बाद दूसरे दिन इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। सुबह जब पुलिस पहुंची तो दरवाजा खुलवाकर



रंजन को घर से बाहर निकाल कर पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया गया और थाने ले गई।

पांच माह की गर्भवती थी भाभी अनूपा : डबरी ट्रिपल हत्याकांड की जानकारी देते हुए गांव के ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने बताया कि हत्यारे की भाभी अनूपा देवी पांच माह की गर्भवती थी। वह अपने घरेलू कामकाज का निपटारा कर घर के पास स्थित कुएं में स्नान व कपड़े धो रही थी। इतने में हत्यारा रंजन ने अपनी पत्नी से झगड़ा होने के बाद बीच बचाव में आई भाभी अनुपा देवी पर कुल्हाड़ी से मारकर सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद उसने भाभी का अधकटा सिर और धड़ को अपने हाथों से उठाकर कुआं में डाल दिया। इस मंजर को देख कुएं के पास कपड़ा धो रही पड़ोसी मंसूरिया देवी हक्का-बक्का रह गई। परंतु हत्यारा ने निर्मम तरीके से पड़ोसी मंसूरिया देवी के सिर पर भी कुल्हाड़ी से कई बार किया और उसका भी शव कुएं में फेंक दिया।

परिजनों में भी डर का माहौल : रंजन उरांव के परिजनों ने बताया कि इस तरह की घटना से हम लोगों में भय व्याप्त है। कहा कि इस तरह का खबर हम लोग टीवी और मोबाइल में ही देखते थे, परंतु अपने घर में इस तरह की घटना घटने के बाद सभी लोग काफी डरे हुए हैं। वही घर के बच्चों भी डर से काफी सहमे हुए हैं, जबकि परिजनों ने कहा कि रंजन बहुत ही नेक इंसान हैं, इस तरह उसने क्यों किया, यह समझ से परे हैं।

पूरे इलाके में छाया सन्नाटा : रंजन उरांव के द्वारा तीन लोगों के निर्मम हत्या की बात पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों इस घटना के बाद सदमे में है। ग्रामीणों ने कहा कि इससे पहले इस तरह की घटना हम सभी केवल सुनते थे, पर आज इस तरह की घटना हमारे क्षेत्र में हो जाने से समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर यह कैसे और क्यों हो गया। हम सभी डरे और सहमे हुए हैं।

बचाने गए बड़े भाई पर भी किया हमला : रंजन उरांव के भाई अमलेश उरांव ने बताया कि घर के बाहर ही तौलिया बिछाकर खाट पर सोए हुए थे। इतने में कुएं के आसपास हो-हल्ला आवाज सुनाई दी। कुएं के पास गया तो देखा कि छोटा भाई रंजन उरांव अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर रहा है। इतने में पत्नी और पड़ोसी को बीच बचाव करने का कुंए पास गया और अपने भाई को समझा रहा था। परंतु भाई ने एक न सुनी और कुल्हाड़ी से मुझ पर वार कर दिया। उसे छड़ी से मारकर वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन उसने एक ही बार में मेरे छड़ी को कुल्हाड़ी से काट दिया। इस दौरान मेरे बाएं हाथ में कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। घायल होने के बाद अपनी जान की रक्षा करते हुए बड़ा भाई भी वहां से भाग खड़ा हुआ।

बैल बांधकर बैठा था पिता, अचानक कर दिया हमला : अपने ही परिवार के तीन लोगों के हत्या के आरोपी रंजन उरांव की मां सुरजी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमर मझिला बेटा और पुतोह बाहर कमाए गईल हथिन। उकरे घर में हमर पति सुरजा उरांव जंगल से लाकर बैल के बांधकर हमनी बैठल हलिएई, तभी पुरनका घर के तरफ से हमर मझिला बेटा रंजन आईल और अपन पिता सुरजा उरांव पर हमला कर देलई। हम उकर से बार-बार बोलत हलईए की अपन बाउजी के मत मर बेटा, पर उ ना सुनलई और हमरो मारे ला दउड़ गईल, जेकर बाद हम वहां से भाग के झाड़ी में जाके छूप गईलिएई, नई तो वह हमरो मार देते हलई।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को किया जब्त डबरी ट्रिपल हत्याकांड में प्रयुक्त किए गए कुल्हाड़ी को पुलिस ने रंजन के घर से बरामद किया। और उसे जांच के लिए फोरेंसिक लेबोरेटरी में भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने कुंए और बड़े भाई के घर के बाहर खून के धब्बों का भी सैंपल इकट्ठा किया है।

पहले शाम छह बजे बंद हो जाती थी दुकानें, 10 सालों में हुआ बढ़ा बदलाव

रांची, एजेंसी। गुमला के शंख मोड़ का नाम अब कार्तिक उरांव चौक हो गया है। कार्तिक उरांव लोहरदगा से सांसद रहे। केंद्र में मंत्री भी रहे। सम्मान से उन्हें लोग बाबा कार्तिक कहते हैं। उनके नाम पर ही इस चौक का नामकरण कर दिया गया है। यहां से बस एक किलोमीटर की दूरी पर छत्तीसगढ़ है। यहां से एक रास्ता बाबा टांगीनाथ धाम की ओर जाता है तो दूसरा रायडीह की ओर। गुमला जिले का यह अंतिम छोर है।

रायडीह प्रखंड में मंझा टोली का यह मोड़ आता है। यहां काफी चहल-पहल रहती है। अमरेश कुमार झा यहां 1968 यहां मिथिला स्वीट्स चलाते हैं। सीतामढ़ी से यहां आने की उनकी एक लंबी कहानी है। वह इकलौते मैथिल यहां हैं। वह कहते हैं, यहां पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से लेकर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तक आ चुके हैं। यह खानपान की दुकान ही ऐसे मोड़ पर है। उनके यहां आने की लंबी कहानी है। फिलहाल, हम उनकी कहानी को यहीं छोड़ते हैं। बात चुनावी बयार पर आती है।

लोहरदगा के इस संसदीय क्षेत्र को लेकर वे बहुत साफ-साफ कहते हैं, यह पूरा क्षेत्र तो कमल से खिलता है। पंजे का निशान यहां दूर-दूर तक नहीं है। रायडीह की ईवीएम जब खुलती है तो खिलता हुआ कमल ही दिखाई देता है।

इस पूरे क्षेत्र में हिंदू और सरना भाजपा के साथ खड़े होते हैं और ईसाई और मुस्लिम जेएमएम के साथ। यहां का बूथ मंझाटोली में है और पिछली बार 65 प्रतिशत मतदान हुआ था और इस बार जिला प्रशासन ने 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। ग्रामीणों के पास नेताओं के हार-जीत को लेकर भी जमकर चर्चा हो रही है। समीकरण और गुणा-गणित से प्रत्याशियों की हार-जीत का हिसाब लगाया जा रहा है। गुमला विधानसभा में पांच प्रखंड हैं। गुमला और रायडीह में भाजपा की जमीन मजबूत है तो चैनपुर, जारी, डुमरी में कांग्रेस। अमरेश कहते हैं, समीर उरांव वनवासी कल्याण केंद्र से भी जुड़े हैं। उनकी आदिवासियों में पकड़ भी है। कांग्रेस गठबंधन से चुनावी मैदान में खड़े सुखदेव भगत के पास परंपरागत कांग्रेस के वोट तो हैं, लेकिन यदि चमरा लिंडा मैदान में आ जाते हैं, जैसी कि इधर चर्चा है, वह मामला दिलचस्प हो सकता है।

झारखंड के कई जिलों पर चुनाव आयोग का फोकस, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनाए जा रहे तरीके

रांची, एजेंसी। चुनाव आयोग का फोकस उन जिलों पर है जहां पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है। इनमें रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम सम्मिलित हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इन जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सोमवार को यहां के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल मोड में बैठक की। इस क्रम में उन्होंने उपायुक्तों को कई निर्देश दिए।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार कई स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसमें युवक-युवतियों से लेकर समाज के हर वर्ग को जोड़ा जा रहा है।

विभिन्न संस्थाओं, संगठनों और समूहों से भी अपील की जा रही है वह भी इस महाअभियान से जुड़ें और लोकतंत्र के महान पर्व में शतृप्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। इंटरनेट मीडिया पर भी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें कई इनोवेटिव आइडिया के

तहत भी काम हो रहे हैं। युवा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उनके रील्स, वीडियो और शार्ट फिल्मों से लोग प्रेरित भी हो रहे हैं और आनंद भी ले रहे हैं।

जागरूकता वैन भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न इलाकों में घूमने लगे हैं, वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं और आयोजनों के माध्यम से इस अभियान से लोगों को जोड़ा जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस उद्देश्य से सभी को काम करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगड़िया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें।

संक्षिप्त समाचार

पिद्दी और उसके दोस्तों का ज़बरदस्त कराटे कौशल देखें ब्रांड न्यू शो कराटे शीप में

मुंबई, एजेंसी। सोनी ये! पर इस अप्रैल कराटे शीप में शीप्स का झुंड लेकर आ रहा है हँसी से भरपूर बेहतरीन कराटे मूव्स। पिद्दी और कुंग-फू कुमारी के फार्म में देखने को मिलेंगे हँसी से लोटपोट कर देने वाले शानदार कराटे मूव्स और फ्लाइंग किक। वो आपको कभी बोर नहीं होने देंगे। कभी पढ़ना सीखकर, तो कभी हास्यास्पद गैजेट का उपयोग करके या फिर जंगल में खो जाने तक वो हमेशा कुछ ना कुछ मनोरंजक करते रहते हैं। वहीं दूसरी ओर भूखा भेड़िया उन पर सेंध लगाता रहता है, और इन भेड़ों को खाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कभी वह पिद्दी और कुंग-फू कुमारी के डांस रूटीन को बिगाड़ देता है या उनसे कराटे सीखने के जाल में उन्हें फँसा लेता है। लेकिन हर बार ये भेड़ें कराटे के अपने बेहतरीन मूव्स से भेड़िये को दूर उड़ा देती हैं। कुंग-फू कुमारी के जोश और पिद्दी के नेतृत्व के साथ ये झबरीले लड़ाके भेड़ भेड़िये को हराकर साबित कर देंगे कि साइज़ कोई मायने नहीं रखता। तो यह ऑल-न्यू शो देखने के लिए कैलेंडर की तारीखें नोट कर लीजिए, क्योंकि पिद्दी और कुंग-फू कुमारी जंगल में अपना एडवेंचर शुरू कर रहे हैं।

कांग्रेस का घोषणापत्र पाकिस्तान में चुनाव जीतने जैसा, हिमंत ने मेनिफेस्टो को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

एर्नाकुलम (केरल)। असम के सीएम और बीजेपी नेता हिमंत बिस्वा शर्मा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर एक बार फिर निशाना साधा है। असम सीएम ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र इस तरह से तैयार किया गया है कि वे पाकिस्तान में चुनाव जीतें। घोषणापत्र पाकिस्तान के लोगों के लिए अधिक और भारत के लोगों के लिए कम है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस ने ऐसा घोषणा पत्र बनाया है जो आम जनता से संसाधन छीन लेगा और कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। हमने कांग्रेस के घोषणापत्र की सबसे सही तरीके से व्याख्या की है। मैं उन्हें चुनौती दूंगा कि वे सार्वजनिक बहस के लिए आएं और दिखाएं कि यह घोषणापत्र तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है...प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि देश के संसाधनों पर हर किसी का अधिकार है। यह कांग्रेस पार्टी को बताना है कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार एक विशेष समुदाय का है। राहुल गांधी पप्पू के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार हैं।

संपत्ति के लिए मां-बाप की दी सुपारी, छोटे भाई की कराई हत्या

गडग। कर्नाटक के गडग में चार लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने सुपारी किलिंग गिरोह को पकड़कर इस मामले को सुलझा लेने का दावा किया है। इस हत्याकांड में बड़े बेटे विनायक बकाले ने संपत्ति के विवाद में अपने छोटे भाई और मां-बाप की हत्या कराने के लिए 65 लाख रुपये की सुपारी दी थी। हालांकि साजिश पूरी तरह सफल नहीं रही और उसके मां-बाप की जान बच गई। पुलिस के अनुसार विगत 19 अप्रैल को गडग के दसारा ओनी में 35 वर्षीय विनायक ने सुपारी लेकर हत्या करने वाले गिरोह के हाथों अपने छोटे भाई कार्तिक बकाले (27), नजदीकी रिश्तेदार परशुराम हदीमनी (55), लक्ष्मी हदीमनी (45) और आकांक्षा हदीमनी (16) को मरवा दिया। निशाने पर उसके माता-पिता क्रमशः सुनंदा बकाले और प्रकाश बकाले बाल-बाल बच गए। प्रकाश और सुनंदा भाजपा के स्थानीय नेता हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कार्तिक की शादी तय हो गई थी और उसमें शामिल होने के लिए ही हदीमनी परिवार वहां आया था। इस हत्याकांड के बाद जब देखा गया कि घर से शादी के गहने और अन्य कीमती सामानों को हाथ तक नहीं लगाया गया है तो यह साफ हो गया कि इस हत्याकांड का कारण लूटपाट कतई नहीं था। आइजी पुलिस (नार्थ जोन) विकास कुमार ने बताया कि विनायक ने सुपारी के 65 लाख रुपये फिरोज को दिए थे, जिससे उसने वाहन और हथियारों का इंतजाम किया। वारदात में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों में फिरोज काजी (29), जिशान काजी (24), जुड़वां भाई सोहेल अशफाक काजी (19), साहिल अशफाक काजी (19) सभी गडग से, सुल्तान जिलानी शेख (23), महेश जगन्नाथ सालुके (21) सभी महाराष्ट्र के सांगली से पकड़े गए हैं।

एनसीआर में फिर स्वाइन फ्लू की दस्तक, एक शख्स की मौत भी हो गई

नई दिल्ली, एजेंसी।
स्वाइन फ्लू से राजनगर एक्सटेंशन के कारोबारी की सोमवार को मौत हो गई। चार दिन से वह निजी अस्पताल में भर्ती थे। मामले में अस्पताल को नोटिस जारी कर मरीज की सूचना स्वास्थ्य विभाग को न देने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

राजनगर एक्सटेंशन निवासी 54 वर्षीय कपड़ा कारोबारी को 18 अप्रैल को बुखार, हाइपरटेंशन की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उन्हें गंभीर निमोनिया की भी पुष्टि हुई। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। स्वाइन फ्लू (एच1एन1) की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल के अनुसार, कारोबारी को पहले से कोई बीमारी नहीं थी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने कहा, अस्पताल से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

गाजियाबाद जिले में पांच साल बाद स्वाइन फ्लू से किसी की मौत हुई है। इससे पहले वर्ष 2019 में मोदीनगर की आदर्श कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय महिला मंजू शर्मा की जान चली गई थी।

वर्ष 2017 में स्वाइन फ्लू का सबसे ज्यादा असर दिखा था। उस समय चार लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को कारोबारी की मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि कारोबारी के घर के आसपास जांच कराई जा रही है। शरीर में दर्द, ठंड लगना, खांसी, सिरदर्द, बुखार, उल्टी और दस्त। सामान्य फ्लू जैसे लक्षण होने के बाद भी यह इंसानों के लिए जानलेवा है। गंभीर मामलों में सांस की तकलीफ होती है,जिससे मौत का खतरा है। हालांकि, अधिकांश लोगों में लक्षण हल्के होते हैं। वायरस वाली सतह से संक्रमण को आपके शरीर में फैलने से रोकने के लिए बार-बार छुई जाने वाली सतहों की नियमित रूप से साफ-सफाई करें। इस बीमारी से पीड़ित लोगों के संपर्क में आने से बचें। यदि लक्षण आ गए हैं तो डॉक्टर से सलाह के अनुसार दवा लें और घर पर ही रहें। इसके लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं। इसलिए फ्लू में अंतर करना मुश्किल होता है। डॉक्टर एच1एन टेस्ट के जरिए संक्रमण की जांच करते हैं। यह बीमारी लगभग आठ दिनों तक रहती है।

कुछ लोगों में एच1एन1 फ्लू का खतरा अधिक होता है। बुजुर्गों, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, मधुमेह, एचआईवी व कैंसर पीड़ितों, गर्भवती महिला, अस्थमा, हृदय रोग से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी की जरूरत है। स्वाइन फ्लू हवा के जरिए एक इंसान से दूसरे इंसान में फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से वायरस दूसरों में फैल जाता है। इसलिए ऐसे लोग हमेशा रूमाल या कपड़े का इस्तेमाल करें। स्वाइन फ्लू आमतौर पर एच1एन1 फ्लू इन्फ्लूएंजा-ए वायरस के परिवार का हिस्सा है। यह वायरस आमतौर पर संक्रमित सूअर के संपर्क में आने से होता है। यह मरीज के नाक, गले और फेफड़ों की कोशिकाओं को संक्रमित करता है।

एनसीएलटी ने सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिए दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस की याचिका पर मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जीईएल) के चेयरमैन एमेरिटस चंद्रा के खिलाफ कारपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआइआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया।

चंद्रा एस्सेल समूह से जुड़ी कंपनी विवेक इन्फ्राकान लिमिटेड को दिए गए कर्ज के गारंटर थे। हालांकि, पीठ ने दो अन्य लेनदारों आइडीबीआइ ट्रस्टीशिप और एक्सिस बैंक द्वारा दायर इसी तरह की याचिकाओं को खारिज कर दिया। 2022 में विवेक इन्फ्राकान द्वारा लगभग 170 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के लिए बाद इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया था। विवेक इन्फ्राकान चंद्रा द्वारा प्रवर्तित एस्सेल ग्रुप का एक हिस्सा है। दिवालिया समाधान प्रक्रिया शुरू होने के बाद चंद्रा किसी भी संपत्ति को बेच नहीं सकेंगे। दरअसल, वर्ष 2019 में सरकार ने दिवालिया कानूनों के प्रविधानों में संशोधन किया था। जिसके बाद लेनदारों को व्यक्तिगत गारंटरों के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही दायर करने की अनुमति मिल गई है।

दिल्ली में दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का अहसास, तेज हवा चलने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में धूप दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का अहसास बढ़ने लगता है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के लिए सामान्य तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि सापेक्षिक आर्द्रता 27 प्रतिशत से 54 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने मंगलवार को दिन में आसमान साफ रहने और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 38 और 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी में लू चलने की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी के अनुसार, हीटवेव की स्थिति तब लागू होती है जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास या उससे ऊपर होता है। राजधानी के कई इलाकों में रविवार रात तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके चलते मौसम में

नमी बढ़ी और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह तेज सूरज निकला, लेकिन रविवार रात को हुई बूदांबांदी के चलते तापमान में तेजी से इजाफा नहीं हुआ। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां पर आर्द्रता का स्तर 69 से 27 फीसदी तक रही। वहीं, मौसम की इन गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 127 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो-तीन दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह स्तर बना रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि राजधानी दिल्ली में अगले दो दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आईएमडी वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आने वाले सात दिन तक लू चलने की कोई संभावना नहीं हैं। इसके बाद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा।

क्यों नहीं हटे कचरे के पहाड़, राजनीति नहीं जनता के बारे में सोचे भाजपा; दिल्ली में कूड़े की आग पर सियासी आंच तेज

नई दिल्ली, एजेंसी।
गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग को लेकर सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भाजपा ने आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम पर हमला किया। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने लैंडफिल स्थल का दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आप सरकार के भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आग लगने की पीछे दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। एमसीडी की सत्ता में आने से पहले आप ने 31 दिसंबर 2023 तक कूड़ा हटाने का दावा किया था लेकिन अभी तक नहीं हटा। सचदेवा ने कहा कि 18 घंटे की बाद आग सुलग रही है, जबकि निगम की सत्ता में आने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी लगातार लैंडफिल साइटों को लेकर सवाल उठाते थे। उन्होंने जनता से वादा किया गया था कि अगर निगम की सत्ता आए तो दिसंबर 2023 तक गाजीपुर के साथ भलस्वा और ओखला की लैंडफिल साइट को साफ कर दिया जाएगा। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग को बुझाने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली नगर

निगम के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। पहले से ही प्रदूषण का दंश झेल रहे दिल्लीवालों के स्वास्थ्य पर धुआं गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। लैंडफिल साइट में लगातार आग सुलग रही है और इससे जहरीला धुआं निकल रहा है।

भाजपा के आरोपों पर महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने पलटवार किया। महापौर ने कहा भाजपा को समझना होगा कि आपदा के समय राजनीति न करे। सबको मिलकर जनता के बारे में सोचना चाहिए। लैंडफिल साइटों में कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई को कम किया है। निगम की स्थायी समिति का गठन होने के बाद अतिरिक्त एजेंसियों को कूड़ें को खत्म करने की जिम्मेदारी सौपेंगे। डॉक्टरों के मुताबिक, गाजीपुर लैंडफिल साइट के कूड़े में भारी मात्रा में कैमिकल होता है। इसमें आग लगने से फैलने वाला धुआं आसपास रहने वाले लोगों को गंभीर रूप से बीमार कर सकता है। खासतौर पर सांस और ह्दय रोगों से जूझ रहे लोगों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है।

इससे सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, गले में खराश, दिमाग में सूजन जैसे दिक्कतें हो सकती हैं।

शादियों तक पहुंचा लोकसभा चुनाव का जोश, मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ

अलीगढ़, एजेंसी।
26 अप्रैल को अलीगढ़ जिले में मतदान होना है। इससे पूर्व अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कोशिश है प्रत्येक वोटर इस बार मतदान करे। इसे लेकर स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में विभाग अब शादी समारोह में जाकर भी अतिथियों को मतदान करने के लिए शपथ दिला रहे हैं। रविवार को अधिकारी आगरा रोड स्थित शादी समारोह में पहुंचे और लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

मतदान को लेकर प्रशासन की तरफ से ग्रामीण इलाकों में किसान पाठशालाएं हो रही हैं। विभिन्न विभागों में रोज शपथ ग्रहण कराई जा रही है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब विवाह समारोह में भी प्रशासन ने शिरकत करना शुरु कर दिया है। रविवार को आगरा रोड स्थित गार्डन में एक विवाह समारोह था। डीपीआरओर धनंजय जायसवाल व अन्य विभाग के लोग समारोह में शामिल हुए। सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में स्वीप अभियान तहत मतदाताओं को जागरूक व शिक्षित करने के

लिए सीडीओ के निर्देशन पर एक अनोखी पहल शुरु की गई है।

26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान दिवस होने की वजह से शहर मुफ्ती ने सभी नमाजियों से अपील की है। उन्होंने जुमा के दिन पहले मतदान फिर नमाज पढ़ने के लिए अपील किया है। शहर मुफ्ती मो. खालिद हमीद ने पत्र जारी करते हुए लिखा कि 26 अप्रैल शुक्रवार को जुमा का दिन है। इसी दिन अलीगढ़ में लोकसभा के लिए मतदान होना है।

उन्होंने सभी से अपील कि आप सब पहली फुरसत में सुबह के समय मतदान करें। क्योंकि बतौर नागरिक मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है। वोट किसी भी हालत में करें। मतदाताओं को किया जागरूक याहू फ्रेंड्स क्लब का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जागरूक मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने जागरूक मतदाता बने, आओ हम सरकार बनाएं, सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए।

बृजभूषण शरण सिंह का कट सकता है टिकट, पत्नी केतकी को मिल सकता है मौका

कैसरगंज, एजेंसी।
उत्तर प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, लेकिन रायबरेली और कैसरगंज जैसी चर्चित सीटें अब भी बाकी हैं। कैसरगंज पर तो सभी की निगाह है क्योंकि यहां से बाहुबली नेता बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के सांसद हैं। उनका टिकट अब तक फाइनल नहीं हुआ है और पार्टी ने यह भी संकेत नहीं दिए हैं कि दि बृजभूषण चुनाव में नहीं उतरे तो उनकी जगह पर कौन होगा। इस बीच पार्टी सूत्रों का कहना है कि बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर फैसला उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की वजह से भी टल रहा है।

यह मामला कोर्ट में चल रहा है और दिल्ली की अदालत इसी महीने के अंत तक फैसला सुना सकती है। ऐसे में भाजपा हाईकमान चाहता है कि अदालत के फैसले को देखने के बाद भी टिकट तय किया जाए। कहा जा रहा है कि यदि फैसला बृजभूषण शरण सिंह के फेवर में रहा, तब तो उन्हें टिकट मिल सकता है। अन्यथा उनके ही परिवार के किसी मेंबर को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी पत्नी केतकी सिंह के नाम की चल रही है। केतकी सिंह पहले भी 1996 से 1998 तक सांसद रह चुकी हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बृजभूषण परिवार में भी किसी को अपनी जगह टिकट नहीं देना चाहते

और खुद लड़ना चाहते हैं।

इसलिए भाजपा के लिए कैसरगंज सीट पर फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। भाजपा हाईकमान बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों वाले मुकदमे का हवाला देते हुए कहा रहा है कि आप इस पर फैसले का इंतजार करिए। यदि आपके पक्ष में फैसला आया तो चुनाव लड़ें, वरना परिवार के किसी सदस्य को मौका दें। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि केतकी सिंह को उतारने से महिला कार्ड भी मजबूत होगा। पीएम नरेंद्र मोदी खुद महिलाओं को लगातार प्रमोट करने की बात कर रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला आने वाला था।

दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते, सुप्रीम कोर्ट ने मुद्दे को गंभीर मानते हुए दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी।
मुद्दे को गंभीर मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।

इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी।

अदालत ने राज्य के अधिकारियों को याचिकाकर्ता महिला (राज्य में बतौर भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर कार्यरत) को सीसीएल देने की याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया। उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। अपने बेटे के इलाज और सीसीएल के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के कारण उनकी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त हो गईं। पीठ ने कहा, चाइल्ड केयर लीव एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करती है, जहां महिलाओं को

कार्यबल में समान अवसर से वंचित नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी छुट्टियों से इनकार एक कामकाजी मां को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे वाली महिला के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है। बेंच ने राज्य सरकार को सीसीएल पर अपनी नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया, ताकि इसे विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप बनाया जा सके। निर्देश में कहा गया है कि समिति में मुख्य सचिव के अलावा महिला एवं बाल विकास और राज्य के समाज कल्याण विभाग के सचिव होंगे और उन्हें 31 जुलाई तक सीसीएल के मुद्दे पर निर्णय लेना होगा। अदालत ने विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के तहत आयुक्त से भी प्रतिक्रिया मांगी थी।

ताजमहल संरक्षण के विजन डाक्यूमेंट पर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई से मांगा जवाब, केंद्र और राज्य सरकार को भी किया तलबः सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल और उसके आसपास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए तैयार किए गए विजन डाक्यूमेंट पर भारतीय पुरातत्व संरक्षण (एएसआइ) से जवाब मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने ताजमहल के पास यमुना नदी की गाद और कचरा साफ करने की मांग पर केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और आगरा विकास प्राधिकरण से भी जवाब तलब किया है। ये निर्देश सोमवार को जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्वल भुइयां की पीठ ने ताजमहल और ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) के संरक्षण के मामले में सुनवाई के दौरान दिए। जब कोर्ट ताजमहल संरक्षण के लिए तैयार किए गए विजन डाक्यूमेंट को लागू करने से संबंधित अर्जी पर सुनवाई कर रहा था तो पीठ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि 26 जुलाई 2018 को यह बात नोट की गई थी कि प्लान तैयार हो गया है लेकिन उसमें एएसआइ से परामर्श नहीं किया गया जोकि ताजमहल का संरक्षण देख रही है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में एएसआइ का जवाब जानना चाहती है। कोर्ट ने विजन डाक्यूमेंट पर एएसआइ का जवाब मांगते हुए मामले को 11 जुलाई को फिर सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया।

अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा

बोले- भारत के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत वीर महान का जलवा अब नहीं दिखेगा।

अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...।

रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय

रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं।

फोन पर व्हाट्सएप कॉलिंग से ही बात होती है।

शुद्ध शाकाहारी हैं वीर महान

बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध शाकाहारी हैं।

रिंकू सिंह राजपूत का परिवार

भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में स्थित होलपुर गांव निवासी ब्रह्मदीन सिंह ट्रक ड्राइवर थे। उससे ही परिवार का खर्च चलता था। रिंकू की मां अन्तराजा सिंह का पांच नवंबर 2018 को निधन हो चुका है। ब्रह्मदीन बताते हैं कि उनकी कुल सात संतानें हैं। इसमें चार पुत्र रत्नेश सिंह उर्फ गोपाल बीएसएफ में, राजकुमार सिंह सेना में, राजन सिंह रेलवे में और रिंकू सिंह रेसलर हैं। तीन पुत्रियां कुसुम सिंह, सुसुम सिंह व रुसुम सिंह हैं।

तीनों की शादी हो चुकी है। रिंकू का जन्म आठ अगस्त 1988 को हुआ। उनके पिता बताते हैं कि रिंकू की मां भगवती की भक्त थीं। वह विंध्याचल दर्शन करने गई थी, वहीं पर रिंकू का जन्म हुआ था।

रिंकू का कैसा रहा जीवन, किस तरह से बढ़े आगे

रिंकू के पिता बताते हैं कि वह बचपन से ही खेल में रुचि रखते थे। भाई राजन के मुताबिक, आठवीं तक की पढ़ाई करने के बाद भाला फेंकने का ट्रायल दिया। उसमें सफल होने पर गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ गए। वहां से खेलते रहे और जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल भी जीते। 2008 में द मिलियन डॉलर आर्म नाम के रियलटी टीवी शो में हिस्सा लिया। इसमें तेज बेसबॉल फेंकने वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

बेसबॉल में करियर बनाने गए थे अमेरिका

बेसबॉल के इस टैलेंट हंट शो में रिंकू को भाला फेंकने के अनुभव का लाभ मिला और मजबूत शरीर के कारण उन्होंने 140 किमी प्रति घंटे की गति से बेसबॉल फेंककर पहला स्थान हासिल किया। इसी पर एक फिल्म भी बनी। इसके बाद बेसबॉल में करियर बनाने अमेरिका गए। वहां पीटर्सबर्ग पायरेट्स से करार करने में कामयाब रहे कई लीग में हिस्सा लिए और जीते।

2018 में बेसबॉल को कहा अलविदा

रिंकू सिंह राजपूत ने जिस भी खेल में हाथ आजमाया उसमें बुलंदी तक पहुंचे। 2018 में बेसबॉल को अलविदा कहने के बाद पेशेवर रेसलिंग में करियर बनाना शुरू किया। उसी साल डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ करार किया। भारतीय रेसलर सौरव गुर्जर के साथ टीम बनाई। कुछ समय बाद इनकी टीम 'द इंडस शेर' में जिंदर महाल का भी नाम जुड़ा।

पहले रिंकू अपने असली नाम से ही खेलते थे बाद में इन्होंने वीर महान नाम धारण कर लिए। इनकी टीम ने लगातार कई मुकाबले जीते। 2021 में वीर अपनी इस टीम से अलग हो गए। स्वतंत्र रेसलर के रूप में डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ करार किया। बीते दिनों उन्होने रे और डोमिनिक मिस्टिरियो की पिता-पुत्र की जोड़ी को पछाड़कर चर्चा बटोरी है।

संक्षिप्त समाचार

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे नरेन

नईदिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज खिलाड़ी सुनील नरेन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपना रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए है। वह आईसीसी वर्ल्ड कप में उन खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। सुनील नरेन ने 2023 नवंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन

नरेन आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेल रहे हैं। इस सीजन उन्होंने ढ्ढक्कमें कोलकाता के लिए ओपनिंग करते हुए 7 मैचों में 176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। वहीं उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकोनॉमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज से खेलने वाले खिलाड़ियों का करेंगे समर्थन

नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने आगे लिखा- मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है। हालांकि, मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, लेकिन वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।

वेस्टइंडीज कप्तान ने रिटायरमेंट वापस लेने का किया था अनुरोध

कुछ दिन पहले वेस्टइंडीज के कप्तान रोमैन पॉवेल ने कहा था कि हम नरेन से रिटायरमेंट वापस लेने का अनुरोध कर कर रहे हैं, हमें उम्मीद है कि टी-20 वर्ल्ड कप चुने जाने से पहले उनका मन बदल जाएगा। पॉवेल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे हैं।

आईपीएल 2024

यशस्वी जायसवाल के नाबाद शतक की बदौलत, राजस्थान रायल्स ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा

जयपुर, एजेंसी। सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली।

युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास, आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान पठान ने साधा निशाना

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए।

इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। इरफान पठान ने साथ ही कहा कि वह जिस तरह की फॉर्म में हैं, वह टीम इंडिया के लिए अच्छी बात नहीं है।

मैं कोशिश कर रहा था कि...ताबड़तोड़ शतक ठोकने के बाद बोले यशस्वी

इरफान पठान ने यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह शुरुआती मैचों में ज्यादा रन नहीं भी बना रहे थे, तब भी 140 का स्ट्राइक रेट पर रन बना रहे थे। इसलिए ही उनकी इतनी तारीफ होती है।

इरफान ने कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल में फॉर्म में वापसी के लिए आसान तरीके ढूंढ रहे हैं और ऐसे में आपको अपने साथी खिलाड़ियों से रिस्पेक्ट नहीं मिलता है।

मिनर्वा एकेडमी ने पंजाब एफसी को हराया और ग्रुप चैंपियन बनकर उभरी

चंडीगढ़, एजेंसी। अंडर-15 आई-लीग के एक अहम मुकाबले में मिनर्वा एकेडमी ने जीत दर्ज की और पंजाब एफसी को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस रोमांचक जीत के साथ ही टीम ने नॉक आउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

मैच की शुरुआती हूटर के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अपना दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाते हुए 12वें मिनट में बाइटे के गोल की बदौलत बढ़त बना ली। पंजाब एफसी ने खतरनाक दिख रही मिनर्वा टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए तीन त्वरित गोल करके उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया और 3-1 से आगे हो गई। मिनर्वा एकेडमी ने पीछे हटने से इनकार कर दिया, रोकश 29वें मिनट में ने नेट पर गोल करके हाफ टाइम तक स्कोर 2-3 कर दिया।

दूसरा हाफ़ बेहद संघर्षपूर्ण रहा

मिनर्वा एकेडमी ने लगातार आक्रमण किया और अंततः गिबाश के गोल की मदद से हाफ़ की शुरुआत में ही बराबरी कर ली।

ये गोल 47वें मिनट में आया। इसके बाद दोनों टीमें गोल की कोशिश करती रही, लेकिन 90 मिनट तक दोनों को कामयाबी नहीं मिली। 90+4 मिनट में तुबोई ने गोल किया और 4-3 की जीत के साथ अंडर-15 आई-लीग के इतिहास में सबसे बड़ी वापसी में से एक को पूरा किया।

इस जीत को सभी ने सराहा

इस जीत के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अभी तक खेले गए सभी छह मैचों में अजेय रहते हुए ग्रुप चरण को शीर्ष पर समाप्त किया। पांच जीत, 20 गोल करने और केवल चार गोल खाने का उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड उनकी ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सिटी टीम 16 अंकों के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गई। इस शानदार जीत में मिनर्वा एकेडमी ने कभी न हार मानने वाला रवैया दिखाते हुए लड़ने की भावना को प्रदर्शित किया। इससे प्रशंसक अपनी सीटों से खड़े हो गए। टीम ने टूर्नामेंट के बाकी हिस्सों के दौरान एक अविस्मरणीय यात्रा का वादा करने के लिए मंच तैयार किया।

रिटायरमेंट: भारत के सबसे सफल स्काश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्राश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय हैं सौरव घोषाल

कोलकाता में जन्में घोषणा दुनिया के शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी और छह महीने तक उसे बनाए रखने में सफल रहे थे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में डेब्यू करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

एक नजर

ऋषि राज टेनिस बॉल खेलने जायेंगे बैंकॉक में

पटना (नि.सं.) । बिहार के लाल ऋषि राज का चयन भारतीय टीम में किंग गोल्ड कप इंटरनेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह मुकाबला थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 2 से 7 मई तक खेला जाएगा। इस द्विपक्षीय सीरीज के लिए ऋषि जल्द ही भारतीय टीम के साथ जुडेंगे। उसके बाद वो टीम के साथ थाईलैंड के लिए रवाना होंगे। वह इससे पहले भूटान और नेपाल के खिलाफ भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके है। फेडरेशन के तरफ से भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। थाईलैंड के लिए भारतीय टीम में शामिल होने से पहले ऋषि लगातार नेशनल क्रिकेट खेलते रहे है और अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। थाईलैंड के दौरे पर चयन होने के बाद टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव जावेद अनवर ने राज को बधाई व शुभकामनाएं दी। भारतीय टीम में चयन होने के बाद उनके परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है।

संस्कृत शिविर का हुआ समापन

पटना (नि.सं.) । सर्वत्र संस्कृतं और विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृत वद अभियान के तहत संस्कृत शिविर का आयोजन किया गया। इसका समापन मंगलवार को हुआ। उद्घाटन संस्कृतज्ञ डॉ. अनिल सिंह ने की। अध्यक्षता अभियापन के अध्यक्ष और विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश ओझा ने की। मौके पर धर्मेंद्र पति त्रिपाठी, डॉ. मिथिलेश झा, परिजात त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

बिहार के तैराक अमन राज को मिला प्रशंसा पत्र

पटना (नि.सं.) । बिहार के तैराक अमन राज को आईआईटी दिल्ली के बोर्ड ऑफ स्पोर्ट्स एक्टिविटीज ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रशंसा पत्र दिया है। इसके साथ ही अमन को आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन ऑफ स्पोर्ट्स का ट्रॉफी दिया गया। बिहार तैराकी संघ के संयुक्त सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी ने अमन के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया और बधाई दी।

परती जमीन से चार लीटर शराब की बरामदगी में दो लाख जुर्माना सही नहीं : हाई कोर्ट

पटना (नि.सं.) । पटना हाईकोर्ट ने परती जमीन से चार लीटर देसी शराब की बरामदगी के मामले में दो लाख का जुर्माना लगाये जाने के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि काफी कम मात्रा में देसी शराब की बरामदगी पर दो लाख का जुर्माना लगाना अपराध के अनुपात में काफी अधिक है। कोर्ट कठोर जुर्माना लगाने की अनुमति नहीं दे सकता। कोर्ट ने कहा कि इस तरह का अनुपातहीन जुर्माना लगाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति पीबी बजन्थरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने उदय प्रकाश की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने बरामद देसी शराब की मात्रा को ध्यान में रखते हुए जुर्माना राशि दो लाख से घटा कर 20 हजार रुपये कर दी। कोर्ट ने आवेदक को दो सप्ताह के भीतर घटाई गई जुर्माना राशि जमा करने का आदेश दिया। साथ ही नवादा के अपर समाहर्ता को तय समय के भीतर जुर्माना राशि जमा कर दिए जाने पर राज्यसात भूमि को मुक्त करने का आदेश दिया।

जेपी गंगा पथ पर डिवाइडर से टकराकर कैश वाहन दुर्घटनाग्रस्त

पटना (नि.सं.) । रुपये लेकर दीघा जा रहा कैश वाहन मंगलवार की दोपहर जेपी गंगा पथ पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन चला रहे चालक सहित उसमें सवार चार लोग जख्मी हो गए। घायलों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। चालक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है, जबकि अन्य को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। दीघा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आईसीआईसी बैंक की कैश वाहन कुम्हरार से रुपये लेकर दीघा बाटा चौक स्थित चेस्ट में जमा कराना जा रहा था। उसमें बैंक के लाखों रुपये थे। वाहन चालक चितरंजन कुमार चला रहा था, वहीं उसमें दो गनमैन रामाशंकर कुमार, कमलेश कुमार और लोडर लक्ष्मण यादव सवार थे। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही वाहन जेपी गंगा पथ पर दीघा पोस्ट के समीप पहुंचा चालक का ध्यान भटक गया। लिहाजा वाहन दाई और डिवाइडर से टकरा गया।

पुलिस ने अवैध हथियार व सात जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद । उपहारा थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव में सोमवार को अपराह्न गुप्त सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक थार्नेट व सात जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध चार हथियार लेकर घर में आया हुआ है। जब इस मामले में पुलिस के द्वारा तहकीकात कर छापेमारी की गई तो शंकरडीह गांव निवासी महानंद सिंह के 26 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के बेड रूम में पलंग के नीचे छिपा कर रखा हुआ सात जिंदा कारतूस व एक थार्नेट को बरामद किया है। वहीं आर्म्स एक्ट के अभियुक्त कुंदन कुमार की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में छापेमारी की जा रही थी। तब तक पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान मियांपुर मोड़ के पास से आर्म्स एक्ट के अभियुक्त कुंदन कुमार को गिरफतार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।

बाईपास ओवरब्रिज के पास जाम की स्थिति गंभीर, जाम में फंसे स्कूली बच्चे रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। शहर में आए दिन जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। जिसके चलते आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम का झाम इतना बढ़ गया है कि गर्मी के मौसम में 11बजे स्कुल के समय तक जाम की समस्या बनी रहती है। मंगलवार को शहर के ओवरब्रिज के पास यात्री से लेकर स्कूली बच्चों तक जाम के कारण परेशान रहे। 11 बजे जाम ऐसा लगा कि एक घंटे तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम छुड़ाने में यातायात पुलिस को नहीं देखा गया। वैसे भी यहां जाम की समस्या गंभीर रहती है। जाम का प्रमुख कारण ओवरब्रिज के पास सड़क का अतिक्रमण है। पुल के नीचे आधा सड़क को अतिक्रमण कर लिया गया है जिस कारण वाहन को घुमाने में परेशानी होती है। स्थिति यह होता है कि वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। जाम छुड़ाने को लेकर पुलिस परेशान रहती है परंतु अतिक्रमण को खाली नहीं कराया जा रहा है। यही स्थिति शहर के मुख्य बाजार की है। बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क संकीर्ण हो जाती है जिस कारण रमेश चौक से लेकर नगर थाना तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है। जाम के कारण नागरिक परेशान रहते हैं। रास्ता बदलकर आवागमन करना पड़ता है।

लोजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने कई शादी समारोहों में लिया भाग

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव एवं समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने मदनपुर प्रखंड के मनिका पंचायत के ग्राम बसतपुर के रामसरूप सिंह जी के बेटी के शादी समारोह में, मदनपुर प्रखंड के एरकी कला पंचायत के कमात टोला के कुवर बिगहा में बिनोद यादव जी के बेटी के शादी समारोह में, मदनपुर प्रखंड के महुआंवा पंचायत के ग्राम देवि बिगहा के सक्ति सिंह जी के बेटी के शादी समारोह में, मदनपुर प्रखंड के खिरियामा पंचायत के ग्राम खिरियामा के रामचंद्र भगत जी के भतीजी (पूर्व उपमुखिया) लालु भगत जी की बेटी के शादी समारोह में सम्मिलित होकर विवाह के बंधन में बंधने वाले नवयुवक जोड़ों को बधाई एवं शुभकामना दिया।

पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग का जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

- प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 50 वर्ग मीटर में शैलेन्द्र कुमार सिंह के खेत में गेहूँ फसल का वजन 12.090 किलो ग्राम प्राप्त हुआ।

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। मंगलवार 23 अप्रैल को बिहार सरकार के सीसीई अग्री एप के माध्यम से (बिहार राज्य फसल सहायता योजना) अन्तर्गत पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद, मोती कुमार दिनकर, द्वारा औरंगाबाद जिले के औरंगाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत फेसर पंचायत के फेसर ग्राम (थाना सं०-502) में किया गया। फेसर ग्राम के किसान शैलेन्द्र कुमार सिंह के खेसरा संख्या-881 पर गेहू फसल का फसल कटनी प्रयोग दिपक कुमार सिंह, किसान सलाहकार, औरंगाबाद प्रखण्ड द्वारा किया गया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 50 वर्ग मीटर में शैलेन्द्र कुमार सिंह के खेत में गेहूँ फसल का वजन 12.090 किलो ग्राम प्राप्त हुआ। प्रयोग के दौरान जिला सांख्यकी पदाधिकारी, औरंगाबाद मोती कुमार दिनकर, अवर सांख्यिकी पदाधिकारी, ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद जितेन्द्र कुमार के साथ किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

पुनपुन नदी घाट से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। मंगलवार की सुबह जिले के गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के समीप पुनपुन नदी घाट से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि अवैध बालू खनन की गुप्त सूचना के बाद छापेमारी की गई। जहां पुनपुन नदी घाट से लाल रंग के मेसी फर्गुसन बालू लदा एक ट्रैक्टर व गाड़ी मालिक शेखपुरा गांव निवासी राकेश रंजन उर्फ भोला सिंह को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। जबकि मौके से पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। जिसमें ट्रैक्टर के चालक व मालिक के विरुद्ध अवैध खनन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं गिरफ्तार ट्रैक्टर मालिक को जेल भेज दिया है।

प्रथम चरण में चुनावी ड्यूटी के कारण वोटिंग से वंचित रह गए ड्राईवर्स के लिए राजद ने की मतदान कराने की मांग, आयोग को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के चुनावी ड्यूटी में लगने के कारण 19 अप्रैल को हुए मतदान में वोटिंग से वंचित रह गए निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों के चालकों के लिए राजद ने निर्वाचन आयोग से निर्वाचन आयोग से अलग से मतदान कराने की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। यह मांग राजद के औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के एक शिष्टमंडल ने प्रदेश की राजधानी पटना में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर की है। शिष्टमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा है। शिष्टमंडल में औरंगाबाद से राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा, पार्टी के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव, जिला पार्षद अनील यादव, शंकर यादवेंदु एवं अन्य नेता शामिल रहे। पार्टी के जिला प्रवक्ता रमेश यादव ने कहा कि औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में जिन वाहनों को निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था, उनके चालक और परिचालक मतदान नहीं कर पाए। बार-बार मांग किए जाने के बावजूद उनके लिए मतदान की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसे लेकर ही राजद के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की हैं। कहा कि दरअसल लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब सभी 4 जून की मतगणना का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हजारों की संख्या में निजी वाहन चालक मतदान से वंचित हो गए हैं। इनके लिए मतदान की व्यवस्था ज़िला प्रशासन द्वारा किसी स्तर से नहीं की गई थीं और न ही अब तक इसका कोई विकल्प खोजा गया है। इन ड्राइवरों के लिए मतदान की कोई व्यवस्था नहीं किया जाना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्य की बात है और इनके लिए अलग से मतदान की व्यवस्था कराई जानी चाहिए।

पटना जंक्शन 689.91 करोड़ की सालाना कमाई के साथ नंबर वन

निज संवाददाता

पटना। पूर्व मध्य रेल के स्टेशनों में 689.91 करोड़ की कमाई के साथ पटना जंक्शन टॉप पर है। दूसरे नंबर पर 275.41 करोड़ की कमाई के साथ मुजफ्फरपुर स्टेशन है। यात्री टिकटों से होनेवाली आयके रेलवे के ताजा आंकड़ों के अनुसार एक अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 तक यात्री टिकटों से होनी वाली आय के लेखा जोखा में यह स्थिति स्पष्ट हुई है। यात्री टिकटों से होने वाली आय में शीर्ष दस स्टेशनों में पटना व इसके आसपास के चारों स्टेशन है। शीर्ष दस स्टेशनों में चार दानापुर डिविजन के, दो दीनदयाल उपाध्याय डिविजन के, एक धनबाद डिविजन का, सोनपुर डिविजन का एक के और दो समस्तीपुर डिविजन के स्टेशन शामिल हैं। पटना साहिब स्टेशन 16.75 करोड़ की सालाना कमाई के साथ 40वें नंबर पर है। वहीं 104.62 करोड़ की सालाना कमाई के साथ पाटलिपुत्र जंक्शन 100 करोड़ की कमाई वाले स्टेशनों के क्लब में शामिल हो गया है।पटना जंक्शन के वार्षिक आय के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो एक अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 तक अनारक्षित टिकटों से 100 करोड़ 53 लाख, 59 हजार तीन सौ रुपये प्राप्त हुए। आरक्षित टिकटों से आय अनारक्षित के अपेक्षा लगभग पांच गुणा अधिक हुई। एक साल में पटना जंक्शन को आरक्षित टिकटों से 589 करोड़ 37 लाख, 43 हजार 229 करोड़ रुपये की आय हुई है। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार मुजफ्फरपुर को एक साल की अवधि में कुल 275 करोड़, 41 लाख 26 हजार 938 रुपये आय हुए। इसमें अनारक्षित टिकटों से 64 करोड़ 62 लाख 22 हजार 22 हजार 995 रुपये है। वहीं आरक्षित टिकटों से होनी वाली कुल आय 210 करोड़, 79 लाख, तीन हजार 993 रुपये हैं। यह शीर्ष दस स्टेशनों की सूची में दूसरे नंबर पर है। सर्वाधिक कमाई वाले स्टेशनों में शीर्ष दस में दानापुर डिविजन के चार स्टेशन स्टेशन शामिल हैं। इनमें पहले नंबर पर पटना, तीसरे नंबर पर दानापुर, आठवें नंबर पर राजेन्द्रनगर टर्मिनल, जबकि दसवें नंबर पर पाटलिपुत्र जंक्शन शामिल हैं। 11वें नंबर पर आरा जबकि 12वें नंबर पर बक्सर स्टेशन हैं।

जम्होर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

निज संवाददाता

जम्होर (औरंगाबाद)। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी एवं अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने सभी मंदिरों का अवलोकन किया।अवलोकन के बाद बताया कि विष्णु धाम परिसर के हनुमान मंदिर में बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। विष्णु धाम परिसर में ही प्राचीन हनुमान मंदिर,जम्होर के दक्षिणी मुहल्ला के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, सिद्धनाथ बाबा परिसर के निरीक्षण भवन में अवस्थित हनुमान मंदिर,मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित हनुमान मंदिर, श्री राम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर में हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विदित हो कि रामनवमी को राम जन्मोत्सव के मौके पर सनातनी परंपरा के मानने वाले लोग अपने-अपने घरों में महावीरी झंडा बदलते हैं लेकिन कुछ लोग इस दिन झंडा नहीं बदल पाए तो वे लोग हनुमान जन्मोत्सव के दिन झंडा बदलने का कार्यक्रम करते हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार एक करोड़ 85 लाख 58 हजार 116 वर्ष पूर्व मंगलवार के दिन चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को कलयुग का देवता माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी के निमित जो भी पूजा पाठ की जाती है वह विशेष फलदाई होती है।

मां का आशीर्वाद लेकर भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने शुरू की काराकाट की दो दिवसीय जन आर्शीवाद यात्रा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। भोजपुरी के पावर स्टार और सिंगर पवन सिंह ने मां का आर्शीवाद लेकर मंगलवार से काराकाट लोकसभा क्षेत्र में दो दिवसीय जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। पहले दिन की यात्रा रोहतास जिले के दनवार से शुरू होकर औरंगाबाद के नबीनगर में समाप्त हुई। दूसरे दिन बुधवार को यात्रा ओबरा से शुरू होकर गोह में समाप्त होगी। इसके पूर्व पवन सिंह ने यात्रा शुरू करने के मौके पर अपने आरा के पकड़ी मुहल्ला स्थित घर में मां का आर्शीवाद लिया।

इस दौरान मां बेटे पवन को आर्शीवाद देते हुए भाव विह्वल हो गई। उन्होंने कहा कि जा बेटा तोहर सपना पूरा होई। आज से तु हमरे ना पूरे काराकाट के बेटा हो गइला। काराकाट के लोगन पवन के आपन बेटा बना के रखिहा। उ गलती करे तो ओकर कान अइठियां-गाल में थप्पड़ मरिहा, जइसे हम मारे ली। मां का आर्शीवाद लेते हुए पवन सिंह ने कहा कि मैं चुनाव जीता तो काराकाट की जनता को कोई तकलीफ नही होगी। जनता की हर सुख सुविधा का ख्याल रखुंगा। जनता की सेवा करना मेरा धर्म होगा। जनता मेरे लिए भगवान और मै उनका सेवक बना रहूंगा। काराकाट की जनता बम बम रहेगी।

मां का आर्शीवाद लेने के बाद भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह काराकाट से बतौर उम्मीदवार चुनावी रण क्षेत्र में कूद पड़े और रोड शो के रूप में दो दिवसीय जन आर्शीवाद यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के हर रास्ते में पवन के फैंस, समर्थक, चहेते, कार्यकर्ता और हजारों समर्थक राह में पलक पावड़े बिछाए नजर आए। भयंकर गर्मी की चिलचिलाती धूप में पसीने से तर-बतर हो सभी पवन के समर्थन में नारा लगाकर उत्साह बढ़ाते रहे। हर किसी में पवन की एक झलक पाने की बेताबी नजर आई। पवन ने सबका अभिवादन किया। हाथ जोड़कर प्रणाम किया। आशीर्वाद और वोट मांगा।

मां का आशीर्वाद लेने के बाद पवन सिंह दो दिवसीय जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले। यात्रा के प्रथम दिन की शुरुआत उन्होंने भोजपुर और रोहतास जिले की सीमा पर स्थित काराकाट लोकसभा क्षेत्र के दनवार से की। दनवार पहुंचते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हे फूलों की माला से लाद दिया। इसके बाद सैकड़ो वाहनों के काफिले के साथ रोड शो करते हुए आगे बढ़े। दनवार के बाद जन आर्शीवाद यात्रा कछवा पहुंची, जहां उनका जानदार शानदार स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया। इसके बाद यात्रा रोड शो के रूप में नासरीगंज, गोड़ारी, काराकाट होते

बिक्रमगंज पहुंची। बिक्रमगंज में भी पवन की झलक पाने के लिए रेलमपेल मची रही। इन सभी जगहों पर जन संवाद करते पवन सिंह यात्रा के अगले स्थान नोखा के लिए रवाना हो गए। नोखा के बाद रोड शो और जन संवाद करते पवन सिंह राजपुर, अकोढी गोला एवं डेहरी ऑन सोन पहुंचे। इसके बाद बारुण से औरंगाबाद जिले में प्रवेश किया। प्रवेश के बाद बारुण से रोड शो करते देर शाम तक वें नबीनगर पहुंचें जहां रोड शो और जनसंवाद के बाद आमसभा को संबोधित किया। नबीनगर में ही यात्रा का रात्रि विश्राम निर्धारित है। औरंगाबाद जिले में यात्रा निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से पहुंची। इसके बावजूद समर्थको का उत्साह देखने लायक रहा। यात्रा अगले दिन बुधवार 24 अप्रैल को नबीनगर से ही सुबह 7.30 बजे प्रस्थान करेंगी और और रोड शो करते हुए ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा और गोह तक जाएंगी। इस दौरान जन संवाद और आम सभाएं होंगी।

मारपीट व हत्या की कोशिश मामले में 37 वर्ष बाद आया फैसला, 13 आरोपित रिहा

निज संवाददाता

पटना। मारपीट, चोरी व हत्या की कोशिश से जुड़े एक मामले में आखिरकार 37 वर्षों के बाद फैसला सुनाया गया। पटना जिले के मनेर थाना में दर्ज इस आपराधिक मामले के ट्रायल के दौरान सात अभियुक्तों की मौत भी हो गई। मौत होने की वजह से इनके खिलाफ चल आपराधिक मामले को बंद कर दिया गया था। हालांकि, बचे हुए 13 अभियुक्त बरी कर दिए गए।

दानापुर सिविल कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3 मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस पुराने आपराधिक मामले में सोमवार को अपना फैसला दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्य का अभाव पाते हुए इस आपराधिक मामले के 13 अभियुक्तों को उनपर लगे आरोप से बरी कर दिया है। बरी होने वाले अभियुक्तों की उम्र 55 से लेकर 72 वर्ष के बीच है। बरी किए गए लोगों में कैलाश नाथ सिंह उर्फ राज नंदन सिंह, कैलाश पति सिंह, लक्ष्मी राय ,जगमोहन राय, रामनाथ राय, सुधांशु कुमार, धर्मवीर सिंह, अरविंद कुमार, अरुण राय, पारस राय, विजय राय, योगेन्द्र राय और चांदसी राय सभी हुलासी टोला, मनेर के रहनेवाले हैं। अभियोजन इनपर लगे आरोप को साबित करने में असफल रहा।

यह अपराधिक घटना 37 वर्ष पहले मनेर थाना क्षेत्र के हुलासी टोला गांव में 4 नवंबर 1987 को हुई थी। पुलिस ने सूचक श्याम नंदन सिंह की शिकायत पर मारपीट, चोरी, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मनेर थाना कांड संख्या 192 /87 दर्ज किया था। पुलिस ने इस अपराधिक मामले की जांच कर वर्ष 1988 में आरोपियों पर चार्जशीट दायर किया था। कोर्ट ने 1996 में आरोप गठित किया। इस मामले में अभियोजन ने सूचक श्यामनंदन सिंह की गवाही कोर्ट में कराई थी। काफी प्रयास के बाद भी अभियोजन अन्य गवाहों को कोर्ट में पेश नहीं कर पाया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433